# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 7 मार्च 2025


तीन पीढ़ियों से परिवार के लोग सेना में हैं

## तनुष्का बनीं जगुआर की स्थाई पायलट

**लखनऊ।** लखनऊ की तनुष्का सिंह भारतीय वायु सेना के इतिहास में पहली बार भारतीय वायु सेना में जगुआर फाइटर प्लेन उड़ाने वाली



पहली महिला पायलट बनीं हैं। उन्हें भारतीय वायु सेना के जगुआर फाइटर जेट स्क्वाड्रन में स्थाई रूप से पायलट के तौर पर नियुक्त किया गया है। कैप्टन देवेंद्र बहादुर सिंह (सेवा निवृत) की पौत्री और लेफ्ट. कर्नल अजय प्रताप सिंह (रिटा.) की बड़ी बेटी हैं तनुष्का। जगुआर प्रमुख ताकतवर स्ट्राइक विमान है जिसमें सटीक हमले की क्षमता है।

## क्या हैं खासियतें?

- बेजोड़ पावर कैपेसिटी है: 1,200 हॉर्स पावर
- दुनियाभर में अधिकतर मौजूदा हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रेनों में 500 से 600 हॉर्स पावर के बीच क्षमता वाले इंजन
- ट्रेन फ्यूल सेल्स का इस्तेमाल करके चलेगी, जो हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से बिजली जेनरेट करती है और बाईप्रोडक्ट के रूप में केवल जल वाष्प छोड़ती है, जिससे यह जीरो इमीशन ट्रांसपोर्ट सोल्यूशन बन जाता है।

चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही

# भारत की 'पहली' हाइड्रोजन ट्रेन 31 मार्च तक पटरियों पर दौड़ेगी, यह दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन

कपिलदेव श्रीवास्तव ▶▶भोपाल




अलग खबर

भारतीय रेलवे, टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम उठाने के लिए तैयार है। जी हां, 31 मार्च तक देश की पहली हाइड्रोजन-ईंधन वाली ट्रेन शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस ईको-फ्रेंडली इनोवेशन भारत भी जर्मनी, फ्रांस, चीन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के साथ ग्रीन मोबिलिटी में सबसे आगे देशों में शामिल हो जाएगा। रेल मंत्रालय ने क्लीन एनर्जी ट्रांसपोर्टेशन के लिए भारत के व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में 35 हाइड्रोजन ईंधन सेल-बेस्ड ट्रेनों का एक बेड़ा विकसित करने के लिए 2023-24 में 2,800 करोड़ रुपए आवंटित किए थे।

### यह एक अत्याधुनिक परियोजना

वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) रैक पर हाइड्रोजन ईंधन सेल के रेट्रोफिटमेंट द्वारा पायलट आधार पर पहली हाइड्रोजन ट्रेन के डेवलपमेंट के लिए एक अत्याधुनिक परियोजना शुरू की है। यह मौजूदा वक्त में दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन होगी। यह दुनिया की सबसे ज्यादा पावर वाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी।

### नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर जोर डाला है कि इन ट्रेनों के लिए स्पेसिफिकेशन्स को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह तकनीक पूरी तरह से भारत में निर्मित है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही है। और एक बार निर्माण पूरा होने के बाद यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर करीब 89 किमी की दूरी कवर करते हुए नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ हुई बैठक में सीएम डॉ. यादव ने कहा

# केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 44 से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए

सीएम ने राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकताओं को भी पृथक से रेखांकित किया

- सीएम ने राज्य सरकार की ओर से वित्त आयोग को मेमोरेंडम की प्रति भी सौंपी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और वित्तीय सहयोग की जरूरतों का विस्तार से उल्लेख किया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

विकसित भारत का निर्माण विकसित मध्यप्रदेश के बिना नहीं हो सकता, इसलिए केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए। इससे राज्य मजबूत होगा और राष्ट्र को विकास की ले जाने में सहायक होगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर में 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ हुई बैठक में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी हैं। सबके कल्याण के जरिए एक समता मूलक समाज और लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना ही केंद्र और राज्य सरकारों का लक्ष्य है। केंद्र व राज्यों के बेहतर तालमेल और आपसी सहयोग से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया ▶▶शेष पेज 4 पर

बिना मप्र के नहीं हो सकता विकसित भारत का निर्माण



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चर्चा करते हुए

### पांच साल में दोगुना करेंगे बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमारा बजट करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए है। अगले पांच सालों में हम इस बजट को बढ़ाकर दोगुना कर देंगे। मप्र देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है। प्रदेश कृषि, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पर्यटन, नगरीय विकास और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से कहा कि मप्र नदियों का मायका है और इसीलिए हम नदियों को जोड़कर जल बंटवारे के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना में हमने राजस्थान के साथ मिलकर काम किया। इसी तरह केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए हम उत्तरप्रदेश सरकार के साथ आगे बढ़े हैं। अब हम महाराष्ट्र सरकार के साथ ताप्ती नदी परियोजना पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी 18 नई औद्योगिक नीतियों के कारण निवेशक भी हमसे जुड़ रहे हैं। आरआईसी और जीआईएस के जरिए प्रदेश को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ▶▶शेष पेज 4 पर

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा...

### मप्र के फ्यूचर के लिए तैयार किया रोड मैप

मप्र भारत का बीसवां राज्य है, जहां आयोग ने विजिट कर सुझाव लिए हैं। अनुदान को लेकर कई सुझाव आए हैं। राज्य सरकार से भी प्रस्ताव मिले हैं और प्रजेंटेशन सामने आए हैं। जिसमें पता लगता है कि 15 साल में कृषि और दूसरे सेक्टरों ने मध्यप्रदेश ने कैसे छलांग लगाई है। यह जानकारी गुरुवार को



कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन सेंटर में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि फ्यूचर के लिए रोड मैप को तैयार किया गया है। जो इकोनॉमी डेवलपमेंट पर फोकस है। विकसित मध्यप्रदेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से इंडस्ट्रियल सेक्टर में बढ़ोतरी होगी। वर्टिकल डिवोल्यूशन को लेकर सरकार ने सिफारिश की है। आयोग ने इसे देखा है। प्रदेश में सेस और सरचार्ज को 10 प्रतिशत ही रखा गया है। पत्रकारों ने जब अरविंद पनगढ़िया से फ्री बीज को लेकर सवाल किया तो पहले तो उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का बताकर कहने से मना कर दिया, लेकिन जब उनसे यह पूछा गया कि अधिकांश राज्य सरकारें फ्री-बीज स्कीम को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि फ्री बीज स्कीम को लेकर आयोग ने अभी तक कोई अनुशंसा तय नहीं की है।

दागदार वर्दी : ऐशबाग कॉल सेंटर कांड

# टीआई, पुलिसकर्मी के साथ बिचौलिए पार्षद अंशुल जैन पर भी एफआईआर

- जो 5 लाख दिए, वह रिश्वत की दूसरी किस्त थी
- भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

साइबर ठगी के संचालित हो रहे कॉल सेंटर पर मेहरबानी करने वाले ऐशबाग थाना प्रभारी जितेंद्र गढ़वाल, एएसआई मनोज कुमार, हेड कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र सिंह और एएसआई पवन रघुवंशी के साथ भाजपा पार्षद अंशुल जैन पर भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में



एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एएसआई पवन रघुवंशी के रंगे हाथ रिश्वत लेने के बाद की गई। अधिकारियों को पता चला कि टीकमगढ़ से पवन रघुवंशी को रिश्वत के पैसे देने के लिए अंशुल जैन भोपाल पहुंचा था। वह भाजपा का पार्षद है। उसने कॉल सेंटर संचालक अफजल के साले मुवीन का नाम हटाने पांच लाख रुपए की रिश्वत दी थी। अंशुल जैन टीकमगढ़ से निर्दलीय पार्षद का चुनाव लड़ने के बाद भाजपा में शामिल हो गया था। अंशुल जैन किसी बड़े नेता के लिए काम कर रहा है। अब जल्द अंशुल जैन से पूछताछ के बाद ही पता चल सकेगा कि वह किसके लिए ▶▶शेष पेज 4 पर

### टीआई गढ़वाल व एएसआई रघुवंशी की तलाश

एएसआई पवन रघुवंशी को अंशुल जैन से पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोचा गया था। बावजूद इसके पवन रघुवंशी को गिरफ्तार नहीं किया गया। पूछताछ में एएसआई पवन रघुवंशी ने बताया था कि थाना प्रभारी के कहने पर उसने पैसे लिए थे जिसेक बाद थाना प्रभारी पर मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अब दोनों में से कोई भी पुलिस हिरासत में नहीं है। यह भी बताया जा रहा है कि एएसआई पवन रघुवंशी पुलिस हिरासत से फरार हुआ है। अब दोनों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के आलाधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है।

### लोकायुक्त को नहीं दिया जाएगा प्रकरण

भ्रष्टाचार अधिनियम में प्रकरण दर्ज होने के कारण प्रकरण लोकायुक्त हस्तांतरित किए जाने का अंदेशा था, लेकिन इस मामले की जांच भोपाल पुलिस ही करेगी। भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत यदि पुलिस जांच करती है तो डीसीपी या एडिशनल डीसीपी रैंक के अधिकारी द्वारा जांच की जाएंगी। भ्रष्टाचार अधिनियम की जिन धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है, उनसे टीआई, आरोपी पुलिसकर्मियों समेत अंशुल जैन की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बब्बर खालसा आतंकी लजर मसीह गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आंतकी को गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में पता चला कि महाकुंभ में तबाही की योजना थी। इसके पास जो हथियार बरामद हुए हैं, उसे देखकर टीम के होश उड़ गए। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार के मुताबिक आईएसआई के माड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है।

### केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश को लेकर विद्यालय संगठन



ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत पहली कक्षा, बालवाटिका एक व तीन में प्रवेश के लिए आज यानी सात मार्च से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। अंतिम तारीख 21 मार्च होगी। कक्षा एक में प्रवेश की उम्र छह वर्ष और बालवाटिका एक में प्रवेश की उम्र तीन से चार वर्ष की होगी।

### कोटा में एमबीबीएस छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** कोटा शहर से एक बार फिर दुखद घटना सामने आई है



जहां एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे 28 वर्षीय छात्र सुनील बैरवा ने गुरुवार सुबह हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मृतक छात्र के परिजनों को सूचना देकर कोटा बुलाया है। परिजनों के आने के बाद उनकी सहमति से पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### लिव इन वाली महिला नहीं लगा सकती रेप का आरोप

**नई दिल्ली।** लंबे समय तक लिव इन में रहने के बाद महिला अपने साथी पर बलात्कार का आरोप



नहीं लगा सकेगी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रेप केस में यह फैसला सुनाया है। याचिका पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच सुनवाई कर रही थी। शिकायतकर्ता महिला पेशे से लेक्चरर हैं। याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया है।

बैतूल की कोयला खदान में हादसा

# साढ़े तीन घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, निकाले तीन के शव



राम प्रसाद | रामदेव | गोविंद

कोयला काटते समय खदान की छत गिरी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

हादसा वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) पाथाखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 3 बजे हुआ। यहां छतरपुर-1 खदान के मुहाने से करीब 3.5 किलोमीटर अंदर कंट्यूनर माइनर सेक्शन में कर्मचारी काम कर रहे थे।

इसी दौरान छत ढह गई। बताया जा रहा है कि कोयला खदान की 10 मीटर की छत गिर गई थी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम ने तीन शव खदान से बाहर निकाले हैं। एसपी निश्चल झारिया ने इन तीनों की मौत होने की पुष्टि की है। एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि सिर्फ तीन केजुअल्टी ही है। अंदर और कोई नहीं फंसा है।

सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। शुक्रवार सुबह शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। छतरपुर वन खदान में कंट्यूनर माइनर मशीन चल रही थी। कोयला काटते समय अचानक खदान की छत गिर गई। बताया जा रहा है कि अधिकारी और वर्कर खदान में निरीक्षण के लिए उतरे थे। जिस सेक्शन में हादसा हुआ वह जॉय ▶▶शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर ने आर्थिक मदद देने के दिए निर्देश

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर जरूरी निर्देश दिए। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे भी मौके पर पहुंचे हैं। कलेक्टर ने जीएम, डब्ल्यूसीएल को लाइफ कवर स्कीम से डेढ़ लाख की सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही एक्सग्रेसिया, ग्रेच्युटी, कंपनसेशन और पीएफ, लाइफ इनकेशमेंट की राशि भी जल्द देने के निर्देश दिए हैं।

मुंबई और उज्जैन के दो ठगों ने बनाया शिकार




# 11 करोड़ का लालच देकर इंदौर में डॉक्टर से 50 लाख की ठगी

क्रूड ऑयल और कॉपर में निवेश का दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

इंदौर के रावजी बाजार में पुलिस ने एक डॉक्टर से धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपियों ने निवेश के नाम पर डॉक्टर को 11 करोड़ रुपए का लालच देकर ठग लिया।

पुलिस इस मामले में मुंबई और उज्जैन के आरोपियों की तलाश कर रही है। रावजी बाजार पुलिस ने डॉक्टर प्रवीण कुमार मते (निवासी बी कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड) की शिकायत पर अंशुमन त्रिपाठी (निवासी सरजू अपार्टमेंट, कलिना मिलिट्री कैंप, मथुरादास कॉलोनी, मुंबई) और अभिषेक चौरसिया (निवासी महावीर नगर, उज्जैन) के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर प्रवीण की पहचान फरवरी 2024 में अंशुमन त्रिपाठी से हुई थी। उसने खुद को पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस का एडवाइजर बताते हुए शेयर मार्केट ▶▶शेष पेज 4 पर

### किस्तों में ट्रांसफर किए 50 लाख रुपए

डॉक्टर ने एक बार में 18 लाख रुपए नकद मंगवाकर अभिषेक को भेजे गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति से 5 लाख रुपए ट्रांसफर कराए। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग तरीकों से डॉक्टर से पैसे लेना जारी रखा। धीरे-धीरे डॉक्टर से कुल 50 लाख रुपए ठग लिए गए।

मप्र समेत 6 राज्यों का वांटेड तामराज गिरफ्तार

# आसाराम और नारायण साईं का अनुयायी 10 साल से था फरार

धर्म परिवर्तन कर बन गया था स्टीफन

खिलाफ बोलने वालों पर करता था हमले

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



गुजरात पुलिस ने 10 साल से फरार ताम्रध्वज उर्फ तामराज को गिरफ्तार कर लिया। ताम्रध्वज रेप के दोषी आसाराम और उनके बेटे नारायण साईं का कट्टर अनुयायी है। वह आसाराम के खिलाफ आवाज उठाने वाले कई लोगों की हत्या और जानलेवा हमलों के मामले में 6 राज्यों में वांटेड था। इतना ही नहीं, उस पर हरियाणा सरकार ने 50 हजार रुपए का इनाम भी रखा है। तामराज ने जेल में आसाराम और नारायण साईं से मिलने की भी कई बार कोशिश की, लेकिन हर बार नाकाम ▶▶शेष पेज 4 पर




प्रभु को विविध व्यंजनों का लगाया भोग, भक्तों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया, गाए फाग

# श्रीजी मंदिर में होलिकोत्सव की धूम, 80 किलो गुलाब और गेंदे के फूलों से खेली होली: फिरोजी वस्त्र के साथ सिर पर सेहरे से किया श्रीनाथजी का श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी श्रीजी मंदिर में इन दिनों होलिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वैष्णवजनों ने प्रभु श्रीनाथ जी का गुरुवार को फिरोजी वस्त्र के साथ सर पर सेहरे से श्रृंगार किया। विधि-विधान से पूजा के बाद मंदिर में शाम को फूलों की होली प्रारंभ हुई। गुलाल अबीर चोवा चंदन एवं 7 रंग के गुलाल के साथ होली खेली, संध्याकल में 80 किलो गुलाब, गेंदें के फूलों से होली खेली महिलाओं ने फाग रसिया गाए।

भक्तों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और कीर्तन 'आज बिरज में होली मोरे रसिया' गाया गया। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि मंदिर में होली तक ऐसे ही उत्सव मनाया जाएगा। प्रभु को रोज विविध व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। शर्मा ने बताया कि रोज शाम को फूलों से होली भी होगी।



## होलाष्टक आज से, 14 से मलमास, पूरे एक माह मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

**भोपाल।** होलाष्टक शुक्रवार से शुरू होंगे, तो वहीं 14 से मलमास शुरू होंगे। ऐसे में पूरे एक माह मांगलिक कार्यों पर विराम लगेगा। 13 मार्च को होलाष्टक समाप्त होगा। इस दिन होलिका दहन भी होगा। आमतौर पर होली के बाद विवाह और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं, लेकिन इस वर्ष 14 मार्च को मलमास शुरू हो रहा है। ऐसे में करीब एक माह तक शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। इस साल फरवरी से लेकर दिसंबर तक कुल शादियों के 42 मुहूर्त हैं। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी 7 मार्च से होलाष्टक प्रारंभ होंगे। जोकि 13 मार्च को समाप्त होंगे। जो फाल्गुन माह की पूर्णिमा यानि होलिका दहन तक चलेंगे। तो वहीं इसके एक दिन बाद यानी 14 मार्च से मलमास शुरू हो जाएंगे। जो पूरे एक माह यानी 13 अप्रैल को समापन होगा। इस दौरान शादी-विवाह मुंडन, नामकरण, गृह प्रवेश आदि के शुभ कार्य करना वर्जित है। होलाष्टक में सभी ग्रह उग्र अवस्था में आ जाते हैं, इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है।



## ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने की अमरनाथ यात्रा की समय अवधि बढ़ाने की मांग

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल की ओर से पवित्र अमरनाथ की समय अवधि बढ़ाने की मांग है। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि यात्रा साल में एक बार होती है, जिसका भक्त बेसब्री से इंतजार करते हैं। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा इस वर्ष अमरनाथ यात्रा की तिथि घोषित कर दी है। जो 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी, जो 38 दिनों की होगी। पिछले वर्ष यह 52 दिनों की थी, जिसमें लगभग 5 लाख से अधिक भक्तों ने बाबा बफार्नी के दर्शन किए थे। पिछले 25 वर्षों की तुलना में इस वर्ष सबसे कम दिन की यात्रा घोषित की गई है, जबकि हर वर्ष अमरनाथ यात्रियों की संख्या मे वृद्धि हो रही है। इस कारण से प्रत्येक दिन भीड़ अधिक होने की संभाबना निर्मित होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल ने जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर एवं श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा को सोशल मीडिया के माध्यम से मांग की है। यात्रा के दिनों की संख्या को बढ़ाया जाए, जिससे अमरनाथ यात्री आसानी से बाबा बफार्नी के दर्शन कर सकेंगे। मांग करने वालों में राजकुमार शर्मा, सचिन सेवारामानी, गुड्डू अग्रवाल, योगेश श्रीवास्तव, मनोज पांडे, गजेंद्र ठाकुर, मनीष पावसे, मुकेश रैकवार, प्रदीप सोनी, बृजेश पाठक, प्रकाश पाटिल सहित अनेकों मंडल सदस्य हैं।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदन का जल्द कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों के साथ ही कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों पर जल्द कार्रवाई की जाए। आरके गोस्वामी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा द्वारा जारी आदेश में कहा है कि सत्र 2024-25 में एमपीटास पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नए एवं नवीनीकरण के लंबित आवेदनों को तत्काल नियमानुसार सत्यापित करना सुनिश्चित किया जाए। यहां ध्यान रहे कि कॉलेजों के कई स्टूडेंट्स ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है।

### बीयू: सामान्य शुल्क के साथ अब 11 मार्च तक जमा होंगे परीक्षा आवेदन

**भोपाल।** बीयू ने स्नातक प्रथम वर्ष के लिए वार्षिक परीक्षा पद्धति से होने वाली परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी , बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीपीईएस के पहले वर्ष के विद्यार्थी पूर्व में सामान्य फीस के साथ 5 मार्च तक परीक्षा फार्म जमा कर सकते थे, जिसमें बदलाव करते हुए बीयू ने सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि 11 मार्च तक जारी की है। इसके साथ ही 12 से 17 मार्च के बीच परीक्षार्थी 300 रुपए लेट फीस के साथ फार्म जमा कर सकेंगे।

यात्रियों को स्टेशन पर स्टॉलों से लेना पड़ रहा महंगा पानी

# भोपाल स्टेशन पर छह महीने से आठ वाटर वेंडिंग मशीन बंद, गर्मी में यात्री होंगे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कई सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो उनकी यात्रा को असुविधाजनक बना रहा है। इसमें जहां सबसे प्रमुख भोपाल स्टेशन पर पिछले छह महीनों से आठ वाटर वेंडिंग मशीन बंद पड़ी हैं, जिससे यात्रियों को पानी की उचित सुविधा का अभाव हो गया है। इस मशीन के बंद होने से यात्रियों को पानी के लिए अन्य महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है, जबकि पहले 5 रुपए में स्वच्छ पानी मिल जाता था।

अब यात्रियों को स्टेशन के कैंटीन या अन्य स्टॉल्स से पानी खरीदना पड़ता है, जहां कीमत काफी अधिक है। साथ ही यात्री लंबे समय तक प्लेटफार्म पर खड़े रहते हैं और ऐसे में पानी की सुविधा उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वाटर वेंडिंग मशीन के बंद होने के कारण उन्हें अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी यात्रा में असुविधा बढ़ गई है। तो वहीं छह नंबर की ओर एटीएम तक जाने का बंद रास्ता और वेटिंग रूम का बंद होना यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। इन बुनियादी सुविधाओं की कमी से यात्रियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




### चर्लपल्ली-दानापुर के बीच होली स्पेशल ट्रेन इटारसी स्टेशन पर लेगी हॉल्ट

रेलवे की ओर से होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होली स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी के तहत गाड़ी संख्या 07709/07710 चर्लपल्ली-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन दो-दो ट्रिप चलाई जा रही है। यह ट्रेन पमरे जोन इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर, सतना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 07709 चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल ट्रेन 9 एवं 19 मार्च को चर्लपल्ली स्टेशन से दोपहर 15:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 06:05 बजे, पिपरिया 07:02 बजे, नरसिंहपुर 08:00 बजे, मदन महल 09:50 बजे, कटनी 11:20 बजे, मैहर 12:20 बजे, सतना 13:00 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए रात्रि 23:55 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 07710 दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन दिनांक 11 एवं 21 मार्च को दोपहर 15:15 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

### वलसाड से दानापुर के बीच जुलाई तक चलेगी

*रेलवे ने होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो विशेष ट्रेनों की शुरूआत की है। वलसाड-दानापुर रूट पर चलने वाली पहली ट्रेन में 22 कोच होंगे। इसमें 12 स्लीपर क्लास, 2 जनरल, 5 एसी थर्ड और 1 एसी सेकंड क्लास के कोच लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार वलसाड से दानापुर जाने वाली ट्रेन संख्या 09025 का संचालन 3 मार्च से 30 जुलाई तक होगा। यह सुबह 8:40 बजे वलसाड से रवाना होगी। इटारसी में शाम 8 बजे पहुंचेगी। अगले दिन दोपहर 12 बजे दानापुर पहुंचेगी।*

### एटीएम तक जाने का रास्ता बंद

रेलवे स्टेशन के छह नंबर प्लेटफार्म के पास स्थित एटीएम तक जाने का रास्ता कई माह से बंद कर दिया है, जिससे यात्रियों को कैश निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के कारण यात्रियों को अन्य एटीएम खोजने के लिए स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में जाना पड़ता है, जो समय की बर्बादी और असुविधा का कारण बनता है। यात्रियों का कहना है कि एटीएम तक पहुंचने का रास्ता खोलने से उनकी मुश्किलें हल हो सकती हैं, और उन्हें कैश निकालने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### समर सीजन में होगी दिक्कत

वाटर वेंडिंग मशीनें पिछले चार साल से बंद थी। जिनको पिछले साल यानी 2024 में टेंडर जारी कर एक बार फिर चालू की गई थी, लेकिन वह भी कुछ ही माह संचालित हुए। फिर बंद हो गए। ऐसे में अप्रैल व मई माह से समर सीजन में यात्रियों को परेशान होना पड़ेगा। हालांकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस समस्या को दूर लिया जाएगा।

हाईकोर्ट ने कहा- सरकारी एजेंट के रूप में न करें काम

## जानकारी नहीं दी तो सूचना आयुक्त पर लगाया 40 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्त पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि वह सरकार के एजेंट के रूप में काम न करें। साथ ही आवेदक को 2 लाख रुपए से ज्यादा की मांगी गई जानकारी मुफ्त देने के आदेश दिए हैं। बता दें, भोपाल के फिल्ममेकर नीरज निगम ने 2019 में सूचना के अधिकार के तहत पशुपालन विभाग में पदस्थ अधिकारी आरके रोकड़े के बारे में जानकारी मांगी थी। संबंधित सूचना अधिकारी ने 30 दिन के अंदर चाही गई जानकारी नहीं दी।

### कहा- पहले 2.12 लाख रुपए जमा करो

फिल्ममेकर नीरज के वकील दिनेश उपाध्याय ने बताया, उन्होंने 26 मार्च 2019 को सूचना के अधिकार के तहत आवेदन दिया था। सूचना अधिकारी ने जानकारी के एवज में 30 दिन बाद एक पत्र अपीलकर्ता को भेजा। इसमें लिखा था कि जानकारी चाहिए तो 2 लाख 12 हजार रुपए जमा करना होंगे। इसकी जानकारी नीरज निगम ने सूचना आयुक्त को भी दी थी।

### 30 दिन में जानकारी देने का है नियम

*नियम कहता है कि तीस दिन के अंदर आवेदक को जानकारी दे दी जाए, पर 31 वें दिन विभाग के तरफ से नीरज निगम को पत्र लिखकर बताया गया कि, आपके द्वारा चाही गई जानकारी व्यापक है। इसके लिए 2 लाख 12 हजार पन्नों में यह जानकारी मिलेगी। अतः 2 लाख 12 हजार रुपए जमा करने होंगे। अपीलकर्ता ने अपीलीय अधिकारी के समक्ष चुनौती देते हुए बताया गया कि चूंकि सूचना 30 दिन के अंदर नहीं दी गई है, इसलिए जानकारी फ्री आफ कास्ट उपलब्ध करवाई जाए।*

### बिना जांच अपील कर दी खारिज

इसके बाद फिल्ममेकर ने सूचना आयुक्त के समक्ष अपील दायर की थी। यहां से बिना जांच के ही अपील खारिज कर दी गई। फैसले को अगस्त 2023 में हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। गुरुवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई।

एम्स में जागरूकता अभियान का आयोजन

## सेंटेड वैजिनल सफाई रसायनों के उपयोग से जलन, खुजली और एलर्जी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंटेड वैजिनल सफाई रसायनों का उपयोग महिलाओं में चार तरह की गंभीर समस्याओं को बढ़ावा दे सकता है। इनमें मौजूद कैमिक्लस प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ सकते हैं। जिससे योनि में जलन, खुजली, सूखापन, एलर्जी व संवेदनशीलता हो सकती है। यह बातें एम्स के विशेषज्ञों द्वारा एक कदम मातृ शक्ति की ओर विषय पर जागरुकता अभियान के दौरान कहीं।

इसके लिए आयोजित सत्र में एम्स की महिला चिकित्सकों, कर्मचारियों समेत मरीजों व परिजनों ने भाग लिया। अभिनया के तहत आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की एचओडी डॉ. के पुष्पलता द्वारा किया गया। उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और गर्भावस्था व मासिक धर्म के दौरान स्वस्थ आहार संबंधी आदतें विषय व्यख्यान दिया।

### इन बातों का रखें ध्यान

- सांस लेने योग्य कपड़े पहनने
- स्वच्छता बनाए रखने के लिए हर 5-6 घंटे में सेनेटरी नैपकिन बदलें
- पहने हुए कपड़ों की वाशिंग के साथ सैनिटेशन और हाइजीन पर विशेष ध्यान दें
- मासिक धर्म कचरे के उचित निपटान के लिए नैपकिन को कूड़ेदान में डालना जरूरी

इस दौरान उन्होंने कहा कि मासिक धर्म शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों के दायरे में आता है। यह महिला के संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। वहीं इससे जुड़ी सामाजिक व सांस्कृतिक मान्यताओं और मिथकों से यह चुनौती महिलाओं के लिए गंभीर हो जाती है। जिनसे जागरूकता के जरिए बचाव संभव है।

बैग में मिले 21,800 रुपए और अन्य जरूरी दस्तावेज

## भोपाल रेलवे स्टेशन पर लवारिस मिले बैग को आरपीएफ के जवान ने यात्री को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर मिले बैग को आरपीएफ के जवान ने यात्री को लौटा दिया। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर ड्यूटी के दौरान आरक्षक आरिफ को एक लावारिस पिट्ठू बैग मिला। बैग की जांच गवाहों के समक्ष की गई । तो उसमें 21,800 नगद और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज पाए गए।

दस्तावेजों के आधार पर एक मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ, जिस पर संपर्क करने पर बैग के वास्तविक मालिक का पता चला। बैग के मालिक अंकित जैन, जो कि सागर जिले के बीना तहसील निवासी एवं पेशे से ठेकेदार हैं। जिनको आरपीएफ की ओर से सूचना दी गई। इस दौरान श्री जैन ने बताया कि वह काम के सिलसिले में भोपाल आए थे। इस दौरान वह स्टेशन पर खाना खाने के दौरान अनजाने में अपना बैग भूल गए थे। उप निरीक्षक अवधेश कुमार द्वारा पूरी जांच-पड़ताल एवं शिनाख्त के बाद ऑपरेशन अमानत के तहत बैग में मौजूद 21,800 की नगदी और अन्य दस्तावेज सही सलामत हालत में उन्हें सौंप दिए गए।




अप्रैल माह में दूसरी जगहों पर शिफ्ट होंगी शराब दुकानें

कलेक्टर ने उपायुक्त आबकारी को दिए निर्देश

## सेमरा कलां और पंचशील नगर की शराब दुकानें होंगी शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेमरा गेट मुख्य सड़क और सीनियर एलआईजी स्थित पंचशील नगर की शराब दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा।

इन दुकानों की शिफ्टिंग एक अप्रैल से होगी। दरअसल दोनों दुकानों को लेकर रहवासी लंबे समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसको देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने उपायुक्त आबकारी दीपम रायचुरा को दोनों दुकानों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट करने की हिदायत दी है, जिसके बाद अमले ने नई जगह की तलाश शुरू कर दी है। एक अप्रैल से इन दुकानों को शिफ्ट कर दिया जाएगा। एक मार्च से शराब दुकानों के नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### एक हजार 73 करोड़ में होगी 87 शराब दुकानों की नीलामी

जिले की 87 शराब दुकानों की नीलामी करने की प्रक्रिया जारी है। इन दुकानों को चार समूह में बांटकर ई-टेंडर लिए जा रहे हैं। यह टेंडर शनिवार दोपहर 12 बजे तक लिए जाएंगे। इसके बाद टेंडर खोले जाएंगे। बता दें कि इस बार आबकारी विभाग ने एक हजार 73 करोड़ रुपए का टाररगेट रखा गया है।

### राजीव नगर में जहां दुकान, वहां धार्मिक स्थल और स्कूल

*राजीव नगर सेमराकलां के लोगों का कहना है कि रहवासी इलाके में ही शराब की दुकान हैं। पास में ही स्कूल और धार्मिक स्थल भी है। कई बार शराबी झगड़ा करते हैं। शाम को तो दुकान के सामने से निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चों को 500 से 800 मीटर घूमकर स्कूल जाना पड़ता है।*

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान

## एमसीयू में मीडिया में अवसर, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मीडिया में अवसर, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर गुरुवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित व्याख्यान में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखिका रचना समंदर, शिफाली पांडे और रंजना दुबे ने अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान की अध्यक्षता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। कुलगुरु तिवारी ने सभी महिला वक्ताओं का शॉल एवं पुस्तक भेंटकर स्वागत किया। व्याख्यान का संयोजन डॉ. गरिमा पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा बनाई गई एक फिल्म भी दिखाई गई। संचालन छात्रा वंशिका कृष्णा ने एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक मनीषा वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, विभागध्यक्षगण, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



जागरुकता कार्यक्रमों में बढ़ोत्तरी के साथ लापरवाह अधिकारियों पर हो कार्रवाई

# पालक महासंघ सहित शिक्षाविदों ने कहा- स्कूलों में शारीरिक दंड पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश का स्वागत, काउंसलिंग-अनुशासन पर शिक्षकों की विशेष ट्रेनिंग मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को शारीरिक दंड देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश को पालक महासंघ सहित शिक्षाविदों ने स्वागत योग्य बताया है। हालांकि आदेश के अमल और लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग भी की है। इसके साथ ही सरकारी-निजी स्कूलों के शिक्षकों की कांउसलिंग, प्रोत्साहन सहित अनुशासन पर विशेष ट्रेनिंग के अलावा बाल अधिकार सहित अन्य नियमों को लेकर स्कूलों में चलाए जाने वाले जागरुकता कार्यक्रमों में बढ़ोत्तरी की बात कही है।

हरिभूमि चर्चा

### शासन का आदेश स्वागत योग्य



शासन का आदेश स्वागत योग्य है और इस निर्णय से ऐसी घटनाओं पर विराम लगेगा, जिन नियमों का आदेश में हवाला दिया गया है, वह पहले से हैं और सीबीएसई द्वारा इस संबंध में पहले से ही दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं। मेरा मानना है कि इन आदेशों के साथ ही शासन को सरकारी के साथ ही निजी स्कूलों के शिक्षकों की विशेष ट्रेनिंग पर भी ध्यान देना होगा। इसमें विशेष रूप से कांउसलिंग, प्रोत्साहन सहित अनुशासन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही शासन चाहिए कि आदेशों की समय-समय पर मॉनीटरिंग भी की जाए, ताकि यह भी सामने आए कि किस स्तर पर नियमों की अवहेलना हो रही है। इसके निश्चित रूप से काफी सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। इसके साथ ही बाल अधिकार सहित अन्य नियमों को लेकर स्कूलों में चलाए जाने वाले जागरुकता कार्यक्रमों में बढ़ोत्तरी की जरूरत है।

**डॉ. राजेश शर्मा**, काउंसलर एवं प्राचार्य

### आदेश पर सख्ती से अमल जरूरी



सरकार का यह निर्णय बेहतर निर्णय है। हालांकि इस संबंध में जारी किए गए आदेश पर सख्ती से अमल की जरूरत है। शासन स्तर पर पहले भी कई आदेश जारी किए हैं, लेकिन निचले स्तर पर इनका लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल पाता है। इसका सबसे मुख्य कारण जिला और ब्लॉक स्तर केक अधिकारियों की अंदेखी है। नतीजन शासन की विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत देने की मंशा पर पानी फिर जाता है। पहले भी प्रदेश में कुछ गंभीर मामले सामने आए हैं, जिनमें बच्चों और अभिभावकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा है। इनमें कई मामलों में आज भी पूर्ण रूप से कार्रवाई नहीं हो सकी है। सरकार को चाहिए कि जो आदेश जारी किए जाते हैं, उनकी लगातार मॉनीटरिंग की जाए और सख्ती से पालन कराया है। इसके साथ ही आदेशों के पालन को लेकर लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर भी सख्ती के साथ कार्रवाई की जाए।

**प्रबोध पंड्या**, महासचिव, पालक महासंघ मप्र

### सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे



बच्चे कच्ची मिटटी जैसे होते है, ऐसे में उन्हे इस उम्र में प्रेम व विश्वास की जरूरत होती है। अभिभावक के अलावा शिक्षकों का उनके संपूर्ण जीवन में विशेष महत्व होता है। एक प्रकार से शिक्षक भी बच्चे के अभिभावक ही हैं। ऐसे में स्कूलों में शारीरिक दंड की कोई आवश्यकता ही नहीं है। शासन द्वारा जारी आदेश स्वागत योग्य है और निश्चित तौर पर इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। हालांकि सरकार के साथ-साथ बच्चों के विकास में हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, क्योंकि वह देश का भविष्य हैं। सरकारी के साथ ही निजी स्कूलों के शिक्षकों को बच्चों की काउंसलिंग और अनुशासन को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यता है। इसके साथ ही जागरुकता कार्यक्रमों में बढ़ोत्तरी होनी चाहिए।

**सुधाकर पाराशर**, प्राचार्य शास. सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय

भोपाल
शुक्रवार, 7 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 11, अंक : 342
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यूून. 14

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 भारत श्रीलंका में खेलेगा वनडे...

विचार पेज
06 टेस्ला का भारतीय ईवी उद्योग ...



अब ये क्या? रोहित के बाद अब मोहम्मद शमी पर जबरदस्ती का बवाल

# मौलवी बोले- शमी ने रोजा न रखकर गुनाह किया, एनसीपी बोली- खेलों में धर्म न लाएं तो बेहतर, शमी पर देश को गर्व

- क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने मैच के दौरान पी थी एनर्जी ड्रिंक
- एआईआईए के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने रोजा रखने या न रखने को निजी मामला बताया



मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान खेलते वक्त शमी पानी पीते नजर आए थे। तब से ही वे कुछ मौलवियों के निशाने पर हैं।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने शमी के एनर्जी ड्रिंक पीने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान रोजा न रखना गुनाह है। इस पर एआईआईए के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने पलटवार किया और रोजा रखने या न रखने को निजी मामला बताया।

अब इस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) विधायक रोहित पवार की भी प्रतिक्रिया आई है। इससे पहले ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शमी की कड़ी आलोचना की। पवार ने कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अगर मोहम्मद शमी को लगता है कि रोजे की वजह से उनके प्रदर्शन पर थोड़ा भी असर पड़ेगा या कुछ हो गया तो वह कभी ⏩ शेष पेज 4 पर

### इस्लाम खास परिस्थितियों में देता है रोजे से छूट

मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने बताया कि, इस्लाम में ऐसा नहीं कहा गया है कि अगर आप नेशनल ड्यूटी पर हैं तो भी रोजा रखना ही रखना है। इस्लाम में कहा गया है कि अगर आप सफर कर रहे हैं तो रोजा नहीं भी रख सकते हैं। सफर के बाद जब आप अपने देश या अपने गंतव्य स्थान वापसी कर लें तो जो भी रोज छूट गए हैं उन्हें दोबारा रखा जा सकता है। उन्होंने शमी के खिलाफ हो रही बातों को गलत करार देते हुए कहा कि इस तरह की बात करना गलत है। इस तरह के बयान से खिलाड़ी की मानसिक स्थिति कमजोर हो सकती है। मोहम्मद शमी देश का मन हैं और हम उम्मीद करते हैं कि वह अपने प्रदर्शन से टीम इंडिया को फाइनल में जीत दिलाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भीख देने पर अब नहीं दर्ज होगी एफआईआर

इंदौर। इंदौर जिले में अब भिक्षा मांगने और देने वाले पर आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं होगा।



इसे लेकर दो जनवरी को जारी किया गया कलेक्टर का आदेश 28 फरवरी का समाप्त हो गया है। इसके बाद एक बार फिर भिक्षावृत्ति नजर आने लगी है। शनिवार, मंगलवार आदि विशेष दिनों में मंदिरों के बाहर भिक्षुकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। भिक्षा मुक्त इंदौर अभियान के तीसरे चरण में भिक्षा मांगने और देने वाले आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी किया था। दो जनवरी से 28 फरवरी तक हुई सख्ती में तीन लोगों के खिलाफ भिक्षा देने और लेने पर प्रकरण दर्ज हो चुका है। इस अभियान की शुरुआत गत वर्ष की गई थी।

### शहजादी खान को यूएई में दफनाया गया

नई दिल्ली। भारतीय नागरिक शहजादी खान को अबू धाबी में दफनाया गया। शहजादी खान (33) को अबू धाबी में चार महीने के बच्चे की हत्या का दोषी ठहराया गया था और उसे 15 फरवरी को फांसी दी गई थी। शहजादी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के गोयरा मुगलई गांव की रहने वाली थी। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की। कहा, भारतीय नागरिक शहजादी खान को आज यूएई के नियमों के अनुसार अबू धाबी में दफनाया गया। इसने कहा, शहजादी के परिवार के अधिकृत प्रतिनिधि मस्जिद में जनाजे की नमाज में शामिल हुए और कब्रिस्तान में दफनाने के दौरान भी मौजूद रहे।



*पाक ने इस बयान को बेबुनियाद बताते हुए यूएन का रोना भी शुरू कर दिया, उसने कहा कि कश्मीर का मसला यूएन के अंतर्गत*

# पाक में घबराहट: जयशंकर ने कहा पीओके को लेने के बाद कश्मीर समस्या हो जाएगी हल

पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के लिए स्थानीय विद्रोही (जैसे बलूच अलगाववादी) भारत का साथ दे सकते हैं



*भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्रिटेन की यात्रा पर गए जयशंकर ने चैथम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में कहा था, अनुच्छेद-370 को हटाना पहला कदम था, कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधियों और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था तथा बहुत अधिक मतदान के साथ चुनाव कराना तीसरा कदम था।

विदेश मंत्री ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा था, मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, ⏩ शेष पेज 4 पर

### उमर बोले-कारगिल युद्ध के वक्त पीओके कब्जाने का अच्छा मौका था



जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी वही बात कह डाली। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के समय पीओके पर कब्जा करने का अच्छा मौका था। केंद्र सरकार को पीओके वापस लेने से किसी ने नहीं रोका है। हमने कारगिल युद्ध के दौरान ⏩ शेष पेज 4 पर

### ब्रिटेन ने भी कहा-ऐसी गलती अस्वीकार्य

जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा में चूक मामले पर भारत की कड़ी आपत्ति को यूके ने भी गंभीरता से लिया है। ब्रिटेन ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री की सुरक्षा में चूक अस्वीकार्य है। यूके ने अपने बयान में कहा है कि मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए तेजी से काम किया। हम अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के ⏩ शेष पेज 4 पर

### भारत ने जाहिर की थी कड़ी आपत्ति

घटना के संबंध में यूके की यह प्रतिक्रिया भारत सरकार द्वारा सुरक्षा उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराने और भड़काऊ गतिविधियों की निंदा करने के कुछ घंटों बाद आई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में अलगाववादियों और चरमपंथियों के छोटे समूह द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग की निंदा की और यूके के लिए एक सख्त संदेश भी जारी किया था।

### जयशंकर के सामने आए खालिस्तानी समर्थक — भारतीय ध्वज को फाड़ा गया



विदेश मंत्री एस जयशंकर को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों के हमले का सामना करना पड़ा। जब वे चैथम हाउस में एक चर्चा सत्र से बाहर निकल रहे थे, तब कुछ चरमपंथी प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। एक वीडियो में दिखा कि एक प्रदर्शनकारी जयशंकर की गाड़ी की तरफ दौड़ा और पुलिस की मौजूदगी में भारतीय ध्वज फाड़ दिया। रिटिश पुलिस वहां मौजूद थी, लेकिन उन्होंने कोई तुरंत कार्रवाई नहीं की। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जयशंकर के कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास किया। वे झंडे लहरा रहे थे और विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जयशंकर 4-9 मार्च 2025 तक ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है। उनकी बातचीत में व्यापार, रक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। 6-7 मार्च को जयशंकर आयरलैंड की यात्रा करेंगे, जहां वे आयरिश विदेश मंत्री साइमन हैरिस से मिलेंगे। वे आयरलैंड में बसे भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगे।

विदेश राज्यमंत्री मार्गेरिटा ने मोदी की ओर से पुरस्कार किया ग्रहण

# बारबाडोस ने पीएम मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित



- बारबाडोस की प्रधानमंत्री मोटले ने कोविड-19 महामारी की विकट परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समर्थन को मजबूत करने में प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कैरेबियाई देश बारबाडोस ने कोविड-19 महामारी के दौरान रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित ⏩ शेष पेज 4 पर

आज गुजरात दौरे पर पीएम मोदी

# लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदियों से करेंगे संवाद



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे के तहत आज यानि 7 मार्च को गुजरात पहुंचेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री राज्य में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। ⏩ शेष पेज 4 पर

### 8 मार्च को नवसारी पहुंचेंगे पीएम मोदी

7 मार्च को जनसभा के बाद पीएम मोदी सूरत में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 8 मार्च को सुबह 10 बजे पीएम मोदी नवसारी पहुंचेंगे। जनसभा से पहले पीएम मोदी लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदीयों के साथ अलग से संवाद करेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी गुजरात सरकार की सखी साहस योजना की शुरुआत करवाएंगे जिसकी घोषणा गुजरात सरकार ⏩ शेष पेज 4 पर

आज दोपहर 3 बजे होगा आयोजन

# हरिभूमि-आईएनएच न्यूज चैनल का महिला दिवस सम्मान समारोह आज

हरिभूमि | *आयोजन स्थल-सीएमई हॉल, फर्स्ट फ्लोर, जेके हॉस्पिटल, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कैंपस*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी 'हरिभूमि समाचार पत्र समूह एवं आईएनएच न्यूज चैनल' अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह एवं टॉक शो का आयोजन करने जा रहा है। आज शुक्रवार को दोपहर 3 बजे सीएमई हॉल, फर्स्ट फ्लोर, जेके हॉस्पिटल, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कैंपस में यह आयोजन होगा।

इस सम्मान समारोह में महापौर श्रीमती मालती राय की गरिमामयी उपस्थिति तो रहेगी ही, इस कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपत्तिया उइके, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में लीक से अलग हटकर सार्थक काम कर रही प्रतिष्ठित महिलाओं से संवाद करेंगी। हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल प्रबंधन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक काम करने वाली जुझारू महिलाओं ⏩ शेष पेज 4 पर

## दो हाईप्रोफाइल शादियां

बड़े बेटे कार्तिकेय का संगीत कार्यक्रम

# तुम्हें और क्या दूं मैं.. पत्नी साधना के साथ थिरक उठे शिवराज सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें बड़े बेटे कार्तिकेय के संगीत कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ डांस किया। गाना था-तुम्हें और क्या दूं मैं। फरवरी में भी शिवराज सिंह चौहान का ⏩ शेष पेज 4 पर

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या का विवाह

# प्रसिद्ध सिंगर शिवश्री स्कंदप्रसाद से परिजनों के बीच शादी रचाई



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भाजपा के सांसद तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को एक निजी समारोह में कर्नाटक की प्रसिद्ध सिंगर शिवश्री स्कंदप्रसाद से शादी रचाई। यह शादी मीडिया की नजरों से दूर रही। इस शादी में केवल परिवार के करीबी सदस्य और चुनिंदा राजनीतिक सहयोगी ही शामिल हुए।

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना भी इस अवसर पर उपस्थित थे। बाद में उन्होंने इस खुशी के पल को सोशल मीडिया पर शेयर किया। पारंपरिक शादी के बाद सूर्या के गृहनगर बेंगलुरु के गायत्री विहार मैदान ⏩ शेष पेज 4 पर

ओरछा रोड थाना एरिया के पेप्टेक टाउन की घटना

# टीआई कुजूर ने गोली मारकर आत्महत्या की,कारण अज्ञात



हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

छतरपुर में कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर ने खुद को गोली मार ली। सूचना मिलते ही डीआईजी, एसपी और एएसपी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मामला छतरपुर शहर के ओरछा रोड थाना एरिया के पेप्टेक टाउन का है। मौके पर छतरपुर विधायक ललित यादव, एसडीएम अखिल राठौर पहुंच गए हैं। घटना की वजह क्या है, यह अब तक अज्ञात है। बंगले के अंदर डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अगम जैन, एएसपी विक्रम सिंह, एसडीएम अखिल राठौर जांच में जुटे हुए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। खुद को गोली मारने और मौत के कारणों की अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है। सभी अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं।

मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला के नाम से जानी जाती है यह

फायर ब्रिगेड ने 30 मिनट में पाया काबू कोई हताहत नहीं

# ग्वालियर की आदर्श गोशाला लाल टिपारा में लगी भीषण आग, 10000 गोवंशों की जान पर बन आई



ग्वालियर की गोशाला में धधकी आग

- शॉर्ट सर्किट की वजह से पराली के तैयार किए गए सोफों में आग लग गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला के नाम से विख्यात ग्वालियर की लाल टिपारा गोशाला में एक बड़ा हादसा हो गया।

हादसा इतना गंभीर था कि यहां रहने वाली 10000 गोवंशों की जान पर बन आई। प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला में आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होना नगर निगम की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। गोशाला संरक्षक संत ऋषभदेव आनंद महाराज ने बताया कि घटना के पहले यहां होली को लेकर एक बैठक चल रही ही थी कि यह हादसा हुआ। ⏩ शेष पेज 4 पर

उधर, इंदौर में टेंट हाउस गोदाम में आग



# खाली कराई बस्ती, दो लाख लीटर पानी 5 हजार लीटर फोम भी डाला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर इलाके में बुधवार रात एक टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई। आग बुझाने के लिए करीब दो लाख लीटर पानी और 5 हजार लीटर फोम डाला गया। रात में ही आसपास की बस्ती खाली कराना पड़ा। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के मुताबिक गोदाम की आग बुझा ली गई है। करोड़ों का नुकसान होना ⏩ शेष पेज 4 पर

# भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के लिए राजस्थान सरकार के साथ मिलकर करेंगे कामः मुख्यमंत्री

## श्रीकृष्ण गुजरात गमन पथ के लिए गुजरात सरकार से लेंगे सहयोग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम राजस्थान सरकार के साथ मिलकर श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। भगवान श्रीकृष्ण के गुजरात गमन पथ के विकास के लिए हम गुजरात सरकार से सहयोग लेकर इस दिशा में काम करेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का ईश्वरीय स्वरूप तो स्तुत्य है ही, हमारी सरकार उनके दूसरे महत्वपूर्ण पक्षों को भी समाज के समक्ष प्रकाश में लाएगी।

इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उज्जैन में शिक्षा ग्रहण करना, सुदामा से मित्रता निभाना, वनवासी से प्रेम और गुरू-शिष्य परम्परा की मिसाल कायम करने जैसे प्रसंग शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में श्रीकृष्ण पाथेय के संबंध में विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे।



### सभी समितियों को किया जाएगा सक्रिय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए सभी समितियों को सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि पुरातत्वविदों, धर्माचार्यों एवं भगवान श्रीकृष्ण साहित्य के अच्छे लेखकों को भी समिति में जोड़ा जाए। श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए भोपाल में आयोजित इस बैठक के अलावा उज्जैन और राजस्थान के जयपुर या भरतपुर या ब्रज या चौरासी कोस या अन्य किसी विशिष्ट स्थल पर समिति बैठकें की जाएं। डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास में भगवान श्रीकृष्ण का भारत देश (जम्बूद्वीप) के कई क्षेत्रों में आवागमन का उल्लेख मिलता है। समिति भगवान श्रीकृष्ण के उन सभी गमन स्थलों को चिन्हित कर इनका अभिलेखीकरण करें। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम को श्रीकृष्ण पाथेय के विकास एवं विस्तार के लिए केन्द्र बिन्दु बनाया जा सकता है। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा लोक कल्याण के लक्ष्य पूर्ति के लिए यद्यपि मथुरा, उज्जैन, द्वारिका, ब्रज मंडल, मेवात, हाड़ौत, मालवा, निमाड़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र के अनेक क्षेत्रों की यात्राएं की गईं, फिर भी उनकी यात्रा का प्रमुख केन्द्र उज्जैन रहा था।

### श्रीकृष्ण पाथेय के लिए केंद्रित होकर होगा काम

*बैठक में समिति के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार श्रीकृष्ण पाथेय के लिए केंद्रित होकर काम करेगी। भविष्य में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी अन्य लीलाओं को भी हम इस कार्य से जोड़ेंगे। बैठक में समिति के वरिष्ठ सदस्य राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त ओंकार सिंह लखावत, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार डॉ. श्रीराम तिवारी, उज्जैन के डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, डॉ. रमन सोलंकी सहित अन्य सभी सदस्यगण, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।*

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चार डीएसपी नियुक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री की सुरक्षा अमले में चार डीएसपी की नियुक्ति की गई है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में पहला नाम 2017 बेच के कर्णिक श्रीवास्तव का है। कर्णिक श्रीवास्तव भांडेर दतिया में अनुविभागीय अधिकारी बतौर सेवा दे रहे थे। वे अब मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात रहेंगे। इसी प्रकार 2017 बेच के पवई, पन्ना अनुविभागीय अधिकारी सौरभ रत्नाकर को मुख्यमंत्री सुरक्षा अमले में तैनात किया गया है। 2015 बेच के हेमेंद्र सूर्यवंशी और भइया लाल प्रजापति को भी मुख्यमंत्री सुरक्षा अमले में तैना किया गया है।

### औरंगजेब, बाबर, अकबर सब थे लुटेरेः रामेश्वर

**भोपाल।** समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद देशभर में सियासी हलचल मच गई है।



हुजूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि औरंगजेब, बाबर और अकबर सभी लुटेरे थे, जिन्होंने भारत को लूटने का काम किया। उन्होंने यह भी कहा कि महान तो छत्रपति शिवाजी, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोविंद सिंह और महाराणा प्रताप थे, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया।

### कुपोषण दूर करने एम्स में बनाया उत्कृष्टता केंद्र

**भोपाल।** एम्स ने गंभीर तीव्र कुपोषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शिशु रोग विभाग में एक उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित किया गया है। जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और यूनिसेफ के सहयोग से तीव्र कुपोषण मामलों, विशेष रूप से गैर-प्रतिक्रियाशील और गंभीर रूप से बीमार बच्चों के लिए काम करेगा। इस केंद्र में उच्च स्तरीय तकनीकी सहायता दी जाएगी। अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ तीव्र कुपोषण प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने पोषण पुनर्वास केंद्र में कार्यरत फीडिंग डिमॉन्स्ट्रेटर्स और स्टाफ नर्सों के लिए दो दिवसीय डिवीजनल स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के उपचार और प्रबंधन को बेहतर बनाना है। इससे गंभीर रूप से बीमार और कुपोषित बच्चों को बेहतर इलाज मिल सकेगा और वह स्वस्थ बनेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2026 तक नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश

# कठोरतम कार्रवाई कर मध्य प्रदेश में नक्सलियों का किया जाएगा खात्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश के लिए भी जिला स्तर और पुलिस मुख्यालय से लेकर राज्य शासन के स्तर पर निरंतर समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में बैठक लेकर नक्सल उन्मूलन अभियान पर वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2026 तक नक्सलियों का पूरी तरह खात्मा करने का संकल्प व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश इस दिशा में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेगा। प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण, दूरसंचार साधनों के विस्तार और आवश्यक जवानों की तैनाती से नक्सल तत्वों पर नियंत्रण में सफलता मिल रही है। विकास कार्य निरंतर जारी रखे जाएं और आधुनिक उपकरणों के उपयोग और क्षेत्र की निरंतर निगरानी से नक्सली तत्वों के खात्मे के लिए प्रयास तेज किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में नक्सलवाद के उन्मूलन का अभियान चल रहा है। प्रदेश में नक्सलवाद के किसी भी कीमत पर पैर जमने नहीं दिए जाएंगे। नक्सलवाद के समूल नाश के लिए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।



### हर पखवाड़े नक्सल उन्मूलन अभियान की होगी समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2026 तक नक्सल मुक्त भारत बनाने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ बैठक आयोजित कर गंभीर विचार-विमर्श किया है। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुपालन में मध्य प्रदेश को पूरी तरह से नक्सल मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को प्रति पखवाड़े नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा के निर्देश दिए।

### चार नक्सलियों को मार गिराने पर दी बधाई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में नक्सलियों के विरूद्ध बालाघाट और निकटवर्ती क्षेत्र में हुई कार्रवाई की प्रशंसा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में हाल ही में चार नक्सलियों को मार गिराए जाने की कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को बधाई दी। मारे गए नक्सलियों से तलाशी में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जप्त किया गया था। पुलिस की नक्सल विरोधी हॉक फोर्स और स्थानीय पुलिस बल द्वारा यह कार्रवाई की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत वर्ष प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्यों द्वारा संयुक्त अभियान के माध्यम से नक्सलवादियों के खात्मे के संकल्प पर भी चर्चा हुई।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अन्य निर्देश

- नक्सल प्रभावित क्षेत्र के निवासियों की आर्थिक तथा सामाजिक प्रगति के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। समन्वित प्रयासों को बढ़ाया जाए।
- संचार सुगमता के लिए मोबाइल टॉवरों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें।
- नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना के लिए हॉक फोर्स बल में वृद्धि की स्वीकृति की कार्रवाई करें।
- प्रदेश से माओवादी समस्या का उन्मूलन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके दृष्टिगत समवेत प्रयास किए जाएं।
- नक्सल प्रभावित जिलों में सुदूरवर्ती दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों के आवागमन को आसान बनाने के लिए निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें।

## सड़क, पुल निर्माण की समीक्षा बैठक

# तीन फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दो अधिकारी को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसके तहत हर माह की पांच और 20 तारीख को चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। गत दिवस लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा सात जिलों में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में 34 कार्यों को रैंडम आधार पर चयनित किया गया, जिनमें 14 कार्य पीडब्ल्यूडी सड़क-पुल, 10 कार्य पीआईयू, आठ कार्य मप्र सड़क विकास निगम तथा दो कार्य मप्र भवन विकास निगम के अंतर्गत आए। निरीक्षण दलों से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में राजगढ़ जिले के छापीखेड़ा-नलखेड़ा मार्ग में सबग्रेड कार्य में बड़े पत्थरों के उपयोग की गड़बड़ी पाए जाने पर कंसलटेंसी एवं एजीएम आरडीसी अभिषेक गोकरू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किए जाने के निर्देश दिए गए। नरसिंहपुर जिले में करेली-सिंहपुर-डांगीढाना मार्ग में सीमेंट कांक्रीट में ज्वॉइंट निर्माण में लापरवाही के कारण ओपन हो जाने की शिकायत मिली। इस पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किए जाने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। वहीं बुरहानपुर जिले में धूलोट शिवबाबा इटारिया एवं नरसिंहगढ़ शहरी क्षेत्र में कांक्रीट कार्य की धीमी गति को लेकर भी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किए जाने के निर्देश दिए गए।

## हर कर्मचारी अपने निर्धारित लक्ष्य का रोजाना खुद करें मूल्यांकनः डॉ. तिवारी

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान और निरोगी काया अभियान संचालित हो रहे हैं। प्रत्येक कर्मचारी अपने निर्धारित लक्ष्य के आधार पर प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर शत प्रतिशत सेवाएं देना सुनिश्चित करें। शासन की सेवाओं का लाभ हितग्राहियों को न मिलने अथवा काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बात सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने प्रशिक्षण सह समीक्षा के दौरान कही।

## वन नेशन, वन इलेक्शन पर युवा सम्मेलन

# एक साथ चुनाव होने से नीतिगत फैसलों लेने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी सरकारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय, महाराज बाड़ा में किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश वन नेशन, वन इलेक्शन समिति के संयोजक एवं पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समिति के सदस्य डॉ. नितेश शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य वक्ता रोहित आर्य ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकता है। भारत को आर्थिक, प्रशासनिक और राजनीतिक रूप से कई फायदे मिल सकते हैं। विशेष अतिथि डॉ. नितेश शर्मा ने कहा कि लगातार चुनावी माहौल से राजनीतिक अस्थिरता बनी रहती है। एक साथ चुनाव होने से सरकारें अपने पूरे कार्यकाल में नीतिगत फैसले लेने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

## तीन को कारण बताओ नोटिस, एक अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक भेरूंदा के राजेश अग्रवाल, ललरिया वितरण केंद्र के मैनेजर सुशील वर्मा और लाड़कुई वितरण केंद्र के जूनियर इंजीनियर पंकज कटियार को लापरवाही और कार्य के प्रति सजग नहीं रहने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसी तरह गुनगा के जूनियर इंजीनियर नितेश पलारिया को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई भोपाल ग्रामीण वृत्त की समीक्षा बैठक के दौरान मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने की। प्रबंध संचालक ने समीक्षा बैठक कहा कि बिलिंग एफिशिएंसी तथा कलेक्शन एफिशिएंसी में कमी को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खराब तथा जले मीटर बदलें और उपभोक्ताओं को दी जा रही बिजली की प्रत्येक यूनिट बिक्रित यूनिट में परिवर्तित होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पटवारी ने कहा, सीबीआई जांच हो

# धान घोटाले के मुद्दे पर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र में सामने आए धान उपार्जन घोटाले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पटवारी ने इस घोटाले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग की। पटवारी ने कहा कि प्रदेश में धान उपार्जन में भारी गड़बड़ी की सूचनाएं लगातार आ रही थीं, लेकिन सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

अब जब घोटाला उजागर हो गया है, तो भाजपा सरकार सिर्फ औपचारिकता निभा रही है। प्रदेश में ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) की 25 टीमों ने 12 जिलों में छापेमारी की, जिसमें 150 उपार्जन समितियों और 140 वेयरहाउसों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के सबूत मिले हैं। अब तक की कार्रवाई में 19,910.53 मैट्रिक टन धान की हेराफेरी सामने आई है, जिसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। सतना के एक वेयरहाउस में धान के स्थान पर 535 क्विंटल भूसी पाई गई, जिससे स्पष्ट होता है कि यह घोटाला योजनाबद्ध तरीके से किया गया था। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के हक के लिए लड़ेगी। उन्होंने कहा, किसानों को लूटने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

## विधानसभा में सवाल लगाने पर मिली धमकी

# पूर्व विधायक माखन जाटव का नाम लेकर दी जान से मारने की धमकीः विधायक देसाई

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भिंड जिले की गोहद विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक केशव देसाई ने कहा है कि ग्वालियर के एपिल हास्पिटल में आयुष्मान कार्ड के जरिए फर्जीवाड़े की शिकायत मिली थी, इससे जुड़ा सवाल विधानसभा में पूछने पर मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके लिए माखन जाटव हत्यकांड का हवाला दिया गया। माखन भी विधायक थे, जिनकी हत्या कर दी गई थी।

देसाई ने बताया कि धमकी देने वाला डॉ. अमित यादव व्यापमं घोटाले का मास्टर माइंड रहा है। एपिल हास्पिटल डॉ. यादव का ही है। उन्होंने बताया कि मैंने इसकी शिकायत नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भी की है। देसाई हरिभूमि से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को उनके पास अंकित यादव नाम के शख्स का फोन आया तो उसने बताया कि वह डॉक्टर अमित यादव का भाई है। उसने ही डॉ. अमित यादव से फोन पर बात कराई थी।

### विधायक भी नहीं तो फिर कौन सुरक्षितः सिंघार

*पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह का कहना है कि डॉ. अमित यादव वही शख्स है जिस पर व्यापमं घोटाले के मास्टरमाइंड होने का आरोप है। उसके द्वारा गोहद विधायक देसाई को जान से मारने की धमकी देना बेहद गंभीर। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि गोहद के कांग्रेस विधायक केशव देसाई को विधानसभा में सवाल पूछने पर जिस अंदाज में धमकाया गया, वो गंभीर मामला है। ग्वालियर के एपिल हॉस्पिटल के संचालकों पर तत्काल कार्रवाई होना चाहिए। जब जनप्रतिनिधियों को ही सवाल पूछने पर धमकी मिलने लगी, तो समझा जा सकता है कि मप्र में कानून व्यवस्था की स्थिति कैसी है। सरकार को कार्रवाई करना चाहिए।*

## लघु वेतन संघ के प्रबंध समिति की बैठक 23 को

# कर्मचारी बोले, मांगों के निराकरण के लिए जाएंगे मप्र सरकार के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गुरूवार को मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के केंद्रीय समिति, भोपाल संभागीय समिति, जिला समिति एवं विभागीय समिति के अध्यक्षों की बैठक नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण अरेरा हिल्स में आयोजित की गई। बैठक में भोपाल जिले के विभागों के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 मार्च को उमरिया जिले में प्रदेश प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रदेश के सभी तहसील ब्लाक संभाग एवं जिलों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

संघ के प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने बताया कि 23 मार्च को प्रदेश प्रबंध समिति की बैठक में लघु वेतन के प्रमुख सवर्ग जैसे स्थाई कर्मी, आउट सोर्स कर्मी, अंशकालीन कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगों के बारे में प्रमुखता से विचार किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिय गया कि छह सूत्रीय मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षण करवाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। महेंद्र शर्मा ने कहा कि अगर इसके बाद भी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन कर प्रदर्शन किया जाएगा।

## पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं ने किया ग्राम जीवन का दर्शन, 8 मार्च तक चलेगा अभ्यास वर्ग

### कार्यकर्ताओं के स्वागत की ग्रामीणों ने की विशेष तैयारियां

# विद्या भारती के कार्यकर्ताओं के स्वागत में 40 गांवों में रंगोली सजाकर लगाए तोरण द्वार, ग्रामीणों ने घरों में कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर शारदा विहार आवासीय विद्यालय में विद्या भारती का अखिल भारतीय पूर्ण कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग चल रहा है। इसमें देश भर से आए 700 पूर्णकालिक कार्यकर्ता सहभागिता कर रहे हैं।

अभ्यास वर्ग के चौथे दिन गुरुवार को पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार 350 से अधिक कार्यकर्ता जनजाति बहुल 40 गांवों में पहुंचे और स्थानीय ग्राम जीवन को समझा। इस अवसर पर इन ग्रामों में संचालित संस्कार केन्द्रों का भी कार्यकर्ताओं ने अवलोकन किया।

### सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के केंद्र हैं संस्कार केंद्र



विद्या भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्र सामाजिक परिवर्तन के केंद्र हैं। निःशुल्क रूप से संचालित इन केंद्रों में बच्चों में शिक्षा, संस्कार के साथ राष्ट्र जागरण, सामाजिक समरसता का भाव जागृत करने के साथ उन्हें स्वच्छता, जैविक खेती, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने सहित शासकीय योजनाओं की जानकारी आदि दी जाती है। इससे गांवों में बड़े परिवर्तन आए हैं।

### कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर और हार पहनाकर किया स्वागत

कार्यकर्ताओं के स्वागत की ग्रामीणों द्वारा विशेष तैयारियां की गईं। गांव में तोरण द्वार लगाए गए और रंगोली सजाई गईं। कार्यकर्ताओं की ढोल के साथ परंपरागत अगवानी की गई। कार्यकर्ताओं के पहुंचने पर तिलक लगातार उनका स्वागत किया गया। अपरिचितों का स्वागत इतना आत्मीयता पूर्ण अतिथि देवो भव के भाव को साकार कर रहा था।

### गांवों में छात्रों और ग्रामीणों से किया संवाद

सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय शारदा विहार भोपाल आसपास के 40 गांव में संस्कार केंद्र का संचालन करता है। इन केंद्रों पर 40 टोली में कार्यकर्ताओं ने ग्राम जीवन के दर्शन किए। छात्र एवं ग्रामीणों से संवाद किया। इस अनुभव यात्रा में अखिल भारतीय, क्षेत्रीय पदाधिकारी भी सम्मिलित थे।

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

*वसंस्कार केंद्र में पढ़ने वाले छात्रों ने राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। जो संस्कार केंद्र में मिले संस्कारों को प्रदर्शित कर रही थी। सभी कार्यकर्ताओं का भोजन ग्रामीणों ने अपने घर में रखा था। 350 परिवारों में भोजन की व्यवस्था की गई थी। समरसतापूर्ण वातावरण में ग्रामीणों द्वारा अपने घरों में कार्यकर्ताओं को भोजन कराया गया।*

**हवा की रफ्तार कम होने से बढ़ा पारा**

## शहर में 20 दिन बाद रात का पारा 10 डिग्री से नीचे उतरा, ठंडी हवाओं से सर्दी बरकरार

### रात में कड़ाके की सर्द हवाओं ने किया परेशान, दिन में धूप का असर बढ़ने से 3.3 डिग्री बढ़ा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को भी लगातार तीसरे दिन सर्दी का असर बरकरार रहा। रात का पारा 20 दिन बाद 10 डिग्री से नीचे पहुंचने से रात में कड़ाके की सर्दी ने लोगों को ठिठुराया। रात का पारा दशमलव 8 डिग्री गिरकर 9.8 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। वहीं, दिन में धूप का असर बढ़ने के साथ हवाओं की रफ्तार कम रहने से अधिकतम पारा 3.3 डिग्री बढ़ गया। शहर का अधिकतम पारा 30.2 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 1.4 डिग्री कम दर्ज हुआ है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी कुछ दिन तापमान में कमी बनी रहेगी। दो से तीन दिन में रात का पारा फिर से बढ़ेगा।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी दिन और रात में हवाएं ज्यादातर उत्तरी हैं। इसकी रफ्तार भी 15 से 20 किमी के बीच रहने से तापमान में एक डिग्री तक और कमी रही, जबकि दिन में धूप और हवाओं की रफ्तार कम होने से तापमान में 3 डिग्री तक वृद्धि रही है। यह क्रम अभी जारी रहेगा।



स्थानः छोटी झील (जहांगीराबाद)
समयः शाम करीब 5.30 बजे

**9 मार्च को नया पश्चिमी विक्षोभ**

शुक्ला के अनुसार 9 मार्च को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा। इससे इस सप्ताह के अंत में तापमान में वृद्धि का क्रम रहेगा। फिलहाल बारिश की उम्मीद नहीं है, लेकिन कुछ जिलों में बादलों का असर रहने से रात का पारा भी तेजी से बढ़ेगा।

**रात में सर्दी का दो दिन असर**

शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं लगातार उत्तरी हैं और दो दिन बनी रहने की उम्मीद है। इससे कम से कम दो दिन रात में तेज सर्दी रहेगी। दिन का तापमान घटते और बढ़ते क्रम में अभी दर्ज होता रहेगा। हालांकि, शुक्रवार से रात के तापमान में भी कुछ बढ़त की उम्मीद है, लेकिन यह 10 से 11 डिग्री के आसपास ही रह सकता है।

**पतझड़ के मौसम में ठंड का असर**

इन दिनों मौसम का मिजाज भले ही सर्दी का बना हुआ है, लेकिन पेड़ों की झड़ती पत्तियां ग्रीष्म ऋतु का अहसास कराने लगी हैं। धीरे धीरे शुरू हो रहे पतझड़ के साथ ही नई कोपलों का भी आगाज शुरू हो गया है। आम पर बौर से लेकर नई पत्तियां बसंत का दीदार करा रहे हैं। हवाएं बदलते ही पतझड़ में तेजी के साथ गर्मी का अहसास बढ़ जाएगा।

---

**बैरसिया रोड पर करोंद के नबीबाग में रात करीब 2 बजे की घटना**

## आग से फर्नीचर की आठ दुकानें खाक मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में भी लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीती रात करीब दो बजे करोंद के नबीबाग बैरसिया रोड पर आग से फर्नीचर की आठ दुकानें जलकर खाक हो गईं। फायर फाइटर्स को तीन घंटे से ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। जबकि गुरुवार सुबह होशंगाबाद रोड स्थित मानसरोवर कॉम्पलेक्स में इंटीरियर डिजाइनर के बंद आफिस में आग लग गई। गनीमत रही कि फायर अलार्म बजने से आग को बढ़ने से पहले ही बुझा दिया गया।

नबीबाग में छोटी-बड़ी 18 से ज्यादा फर्नीचर की दुकानें हैं। इन्हीं में से किसी एक दुकान में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात आग लग गई। लकड़ी का स्टॉक होने से आग तेजी से फैली और फायर ब्रिगेड के आने तक एक-एक कर आठ दुकानों को चपेट में ले लिया। हालांकि फायर ब्रिगेड ने आग को नहीं बढ़ने दिया, जिससे बाकी दुकानें जलने से बच गईं।

**तीन घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू**



इंटीरियर डिजाइनर के बंद दफ्तर में भी लगी आग



मान सरोवर कॉम्प्लेक्स में लगी आग का भयावह दृश्य।

**खेत में खड़ी थी गेहूं की फसल**

फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि जिन दुकानों में आग लगी वह टीन शेड की बनी हुई हैं। अगर फायर ब्रिगेड वक्त रहते आग को काबू नहीं करती तो हादसा बड़ा हो सकता था। बाकी दुकानों के साथ ही दुकानों के पीछे खेत भी आग की चपेट में आ सकते थे। खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है।

**कांच तोड़कर व्यापारियों ने बुझाई आग**

इधर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में बंद इंटीरियर डिजाइनर के बंद आफिस में लगी। धुआं निकलते ही फायर अलार्म बजने लगे। अलार्म की आवाज सुनते ही कॉम्पलेक्स में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। व्यापारी आग बुझाने के लिए भागे। व्यापारियों ने फायर स्टिंग्यूशर का इस्तेमाल कर आग को बढ़ने से पहले ही काबू कर लिया। दुकान के कांच को तोड़कर आग बुझाई गई।

*अफसरों के निगरानी नहीं करने से बार-बार लग रही आग*

## कंपनी पैसे बचाने के लालच में लगा रही आदमपुर खंती में आग

भोपाल। शहर के कचरे को वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोज करने के लिए आदमपुर छावनी में 13 अलग-अलग प्लांट बनाए गए हैं। लेकिन आए दिन यहां कचरे के ढेर में आग सुलग जाती है, जिससे धुआं और लीचेड प्रदूषण फैला रहा है। नगर निगम के अफसरों का तर्क है कि कचरे में मीथेन का रिसाव होने से आग लग जाती है।

**नगर निगम कचरा डिस्पोज के लिए सालाना 25 करोड़ रुपए कर रहा खर्च**

शहर से रोजाना 900 मीट्रिक टन से अधिक कचरा निकलता है। इन प्लांट्स का साल भर का खर्च करीब 20 से 25 करोड़ के बीच आता है। अब इसी पैसे को बचाने के लिए यह आग लगाई जाती है। निगमायुक्त हरेंद्र नारायण का कहना है कि खंती में आग लगने की वजह से यहां फायर अमला तैनात कर दिया गया है, जिससे आग को बुझाया जा सके।

**कचरा खंती में आग लगने की वजह**

- कचरे के ढेरों में ज्वलनशील मीथेन गैस का रिसाव
- कचरे के ढेरों में गाय और दूसरे मवेशियों को फेंका जाना
- कचरा खंती को मिलने वाले बजट में गोलमाल
- ननि और ठेका कंपनी के कर्मचारियों की मिलीभगत

**छोला मंदिर पहुंचे बजरंगियों ने किया हंगामा**

## मनचले से परेशान होकर युवती ने खाया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कुटीर नगर छोला में एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवती ने मरने से पूर्व यह बताया है कि उसे मनचला परेशान कर रहा था, लेकिन परिजन ने पुलिस से कभी शिकायत नहीं की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार साक्षी पिता मनोज निराला (20) कुटीर नगर में रहती थी और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। परिजन ने बताया कि साक्षी ने गुरुवार सुबह कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। वह उसे लेकर निजी अस्पताल और बाद में हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। हमीदिया में इलाज के दौरान गुरुवार शाम उसकी मौत हो गई।

**पहले कभी नहीं की शिकायत**

पुलिस ने परिजन से पूछताछ की और कहा कि युवक कब से छेड़छाड़ और परेशान कर रहा था, लेकिन परिजन के पास इसका जवाब नहीं था। कुछ लोग कहने लगे कि काफी समय से परेशान कर रहा था। पुलिस ने कहा कि अभी तक युवक के खिलाफ कोई शिकायत की तो परिजन ने कहा कि आज ही उन्हें छेड़छाड़ की बात पता चली है। पुलिस वीडियो के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

**थाने पहुंचे बजरंगी और परिजन**

साक्षी की मौत के बाद बजरंग दल परिजन के साथ थाने पहुंचे और हंगामा करने लगे। सूचना पर एसीपी रीचा जैन पहुंची। इस दौरान परिजन ने एक वीडियो दिखाया, जिसमें साक्षी एक युवक की छेड़छाड़ और उससे परेशान होकर आत्महत्या की बात कह रही है। वह यह भी कह रही है कि उसके साथ पूर्व में आरोपी द्वारा मारपीट भी की गई है।

---

**नंबर प्लेट पर लिखे मिले नाम और पद, ठोके चालान**

## अनाधिकृत हूटर और सायरन लगाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनाधिकृत हूटर, सायरन और नंबर प्लेट पर नंबर के अलावा नाम और पद लिखने वाले 30 वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वाहनों पर अनाधिकृत रूप से लगाए गए हूटर भी जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार की गई।

ट्रैफिक डीसीपी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार गुरुवार को विशेष जांच अभियान चलाया गया। ट्रैफिक अमले ने जगह जगह चेकिंग पाइंट लगाएं और ऐसे वाहन जो अनाधिकृत रूप से हूटर और सायरन लगाए हुए हैं उनके मालिकों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही हूटर और सायरन जब्त किए गए। ऐसे वाहन चालक जिन्होंने अपने वाहन की नंबर प्लेट पर नंबर के अलावा चिन्ह या पद नाम आदि लिखवा रखा है उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। साथ ही अमानक काली फिल्म, एलईडी लाइट आदि लगाए वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। यह चेकिंग अभियान पखवाड़े तक चलाया जाएगा।

## तीसरे दिन भी अटका सर्वर, 433 रजिस्ट्री अटकीं

भोपाल। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के लिए बनाए गए संपदा साफ्टवेयर में पिछले तीन दिनों से सर्वर में एरर आ रहा है, जिसकी वजह से करीब 433 रजिसट्रियां अटकी हुई हैं। अब इनको शुक्रवार के लिए रीशड्यूल कर दिया गया है। वहीं सर्वर ठप होने के कारण गुरुवार को सिर्फ 182 रजिस्ट्री दर्ज हुई हैं।

परी बाजार, आइएसबीटी और बैरसिया में पंजीयन कार्यालय स्थित हैं। यहां मार्च में रजिस्ट्री कराने बड़ी संख्या में प्रापर्टी के खरीदार पहुंच रहे हैं। खरीदारों ने रजिस्ट्री समय पर हो इसके लिए एक दिन पहले ही स्लॉट बुक करवा लिए थे, लेकिन सर्वर ठप होने से समय पर रजिस्ट्रियां नहीं हो सकी हैं। यह स्थिति मंगलवार से बनी हुई है, जिस वजह से करीब 433 रजिस्ट्रियां अटक गई हैं। वहीं गुरुवार को भी तीनों कार्यालयों में सिर्फ 182 रजिस्ट्री की जा सकी हैं।

**होली-रंगपंचमी छोड़कर सभी दिन खुलेंगे दफ्तर**

वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होने की वजह से विभाग ने मार्च के सभी दिन कार्यालयों को खोले जाने के निर्देश दिए हैं। इस महीने में सिर्फ होली 14 मार्च और रंगपंचमी 19 मार्च को अवकाश रहेगा।

## स्मार्ट मीटर लगाया और पुराने में गड़बड़ी का चालान बनाकर भेज दिया बिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के चांदबड़ क्षेत्र में बिजली कंपनी की मनमानी मीटर रीडिंग और बिल थमाए जाने से नाराज होकर उपभोक्ताओं ने हंगामा कर दिया। वे नरेला के कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के साथ चांदबड़ जोन बिजली कार्यालय पहुंचे और घेराव कर दिया। उनका आरोप था कि बिजली कर्मचारी मनमाने तरीके से रीडिंग भेज रहे हैं और बिल जमा नहीं करने पर जुर्माना वसूल रहे हैं। इधर, बिजली कंपनी का कहना है कि लोगों पर पहले से ही करोड़ों का बिल बकाया है।

- लाइन कटने के बाद दर्जनों उपभोक्ताओं ने किया बिजली दफ्तर का घेराव

चांदबड़ जोन कार्यालय में लगभग 35 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि कंपनी द्वारा अवैध वसूली और फर्जी चालानी कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस नेता का आरोप है कि बिजली कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने के बहाने पुराने मीटर को निकालकर मीटर में गड़बड़ी का हवाला देकर अवैध वसूली कर रही है।

**आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा आज**

## 660 पर्यवेक्षक के पद और 5.93 लाख उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कर्मचारी चयन बोर्ड ने आंगनबाड़ी महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा शुक्रवार को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिन उम्मीदवारों ने इस भर्ती के लिए आवेदन किया है, वे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

फिलहाल, केवल आंगनवाड़ी और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के एडमिट कार्ड ही अपलोड किए गए हैं, जबकि शेष अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भी जल्द ही उपलब्ध होंगे। विभिन्न पदों के लिए परीक्षा का आयोजन अलग-अलग तारीखों पर किया जा रहा है। एमपी महिला सुपरवाइजर एडमिट कार्ड 2025 डाउनलोड करने संबंधित वेबसाइट पर जाकर क्लिक करना होगा।

- **दो पालियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर 2 :30 से 5 :30 बजे के बीच होगी**

फिलहाल, केवल आंगनवाड़ी और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के एडमिट कार्ड ही अपलोड किए गए हैं, जबकि शेष के एडमिट कार्ड भी जल्द ही उपलब्ध होंगे। एमपी महिला पर्यवेक्षक एडमिट कार्ड 2025 डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए सीधे लिंक पर क्लिक करें और अपना लॉगिन विवरण दर्ज करें। एमपी महिला पर्यवेक्षक एडमिट कार्ड 2025 (आंगनबाडी महिला सुपरवाइजर) पदों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। इस भर्ती में महिला और बाल विकास विभाग में 660 पर्यवेक्षकों की नौकरी दी जाएगी। ये भर्ती केवल महिलाओं के लिए है। इसके लिए 5.93 लाख महिलाओं ने आवेदन किया है। जिन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है वे नीचे दिए लिंक पर क्लिक कर आवेदन क्रमांक और जन्म दिनांक दर्ज कर एमपी महिला सुपरवाइजर एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

**आज दो पालियों में होगी परीक्षा**

एमपीईएसबी महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 7 मार्च को होगी। परीक्षा से एक घंटे पहले उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा तीन घंटे की रहेगी। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। पहला सत्र सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा। पहले सत्र के लिए उम्मीदवारों को सुबह 7 से 8 बजे के बीच परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा, जबकि दूसरे सत्र के लिए उन्हें दोपहर 12:30 से 1:30 बजे के बीच पहुंचना जरूरी है।




**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/1050 मण्डल द्वारा श्री पी. एस. गोपालन आत्मज श्री शंकरन गोपालन के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 08/09/1989 को पंजीकृत किया गया है। श्री पी. एस. गोपालन का स्वर्गवास दिनांक 28/05/2012 को हो गया है। आवेदक आवंटी के 3 पुत्रों (1) श्री अनिल गोपालन आत्मज स्व. श्री पी. एस. गोपालन (2) श्री सुनील गोपालन आत्मज स्व. श्री पी. एस. गोपालन (3) श्री सुरेश गोपालन आत्मज स्व. श्री पी. एस. गोपालन द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

(रविन्द्र निकोसे) , सम्पदा अधिकारी
म प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

**प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण**
**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**
पंचम तल, विकास भवन, भोपाल-462004

**वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा आमंत्रण**

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को मुख्यालय भोपाल हेतु मासिक/दैनिक दर के आधार पर पेट्रोल/डीजल वाहन मारुति सियाज, मारुति स्विफ्ट डिजायर, टोयटो इनोवा (क्रिस्टा), होण्डा अमेज, टाटा जेस्ट, महिन्द्रा स्कोर्पियो, महिन्द्रा बोलेरो की किराये पर आवश्यकता है (वाहन मॉडल वर्ष 01.01.2024 अथवा बाद का हो)। अतः ऐसी ट्रैवलिंग एजेंसी से दरें आमंत्रित हैं, जो ट्रैवल्स कार्य हेतु आरटीओ का वैध लाइसेंस धारित करते हैं, एवं जिनका टर्न ओवर न्यूनतम रुपये 30.00 लाख (रुपये तीस लाख) मासिक हो तथा जिनकी फर्म/एजेंसी अथवा इनके स्वामी के नाम टैक्सी कोटे में न्यूनतम 30 वाहन आरटीओ में रजिस्टर्ड हों।
इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा निविदा प्रपत्र इस विज्ञापन के प्रकाशन की **दिनांक से 13.03.2025 को दोपहर 5:30 बजे तक** रुपये 500/- नकद/ड्राफ्ट (जो कि संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, भोपाल को देय हो) जमाकर कार्यालय की लेखा शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय 17.03.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक होगा। निविदा दिनांक 17.03.2025 को अपरान्ह 4:30 बजे निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा भरने से पूर्व निविदाकर्ता की शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ लें।

म.प्र. माध्यम/119087/2025 **संचालक**

## जैकेट का शेष

### केंद्रीय करों में राज्यों ...

जा सकता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के समक्ष प्रदेश के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग की मांग रखते हुए राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकताओं को भी पृथक से रेखांकित किया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से वित्त आयोग को मेमोरेंडम की प्रति भी सौंपी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और वित्तीय सहयोग की जरूरतों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने आयोग को राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की भावी योजनाओं की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रतीक चिन्ह भी भेंट किए।

**कार्यालय थाना प्रभारी मंगलवारा जिला भोपाल म.प्र.**

क्र./था.प्र./मंगल./भो./डी/ 47/25 दिनाँक- 01/03/25
थानाः- मंगलवारा, जिलाः- भोपाल मर्ग क्रमांकः-04/2025, धाराः- 194 BNSS
मृत्यु दिनाँक 22.02.25



// विवरण //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना मंगलवारा के अज्ञात मर्ग क्र. 04/25 धारा 194 BNSS अज्ञात पुरूष उम्र 40 साल करीब निवासी अज्ञात है शाकीर अली अस्पताल मे कोई छोड गया है जिसकी दौराने ईलाज मृत्यु हो गई है जिसका हुलिया रंग गेहुँआ सिर के बाल अधपके बडे हुये है दाढी मूँछ बढी हुई है बदन पर ब्लेक सफेद कलर की चेक शर्ट है बाएँ हाथ की छोटी उगंली मे सफेद व दूसरी ऊगंली मे पीली अँगूठी है तथा हाथ मे एक डिजीटल घडी है व सफेद कडा पहने है तथा स्लेटी कलर का लोवर पहने है। जो भिखारी या कचरा बीनने वाला लगता है। अतः उक्त अज्ञात मर्ग क्र. 04/25 धारा 194 BNSS उम्र उम्र 40 साल करीब के संबंध मे कोई जानकारी मिलती है तो कृपया कर थाना प्रभारी मंगलवारा भोपाल के मोबाइल नम्बर 9479990613 या जाँचकर्ता मोबाइल नंबर 9479993645 या आफिस के नंबर 9479990616 पर तत्काल सम्पर्क करे।

थाना प्रभारी
थाना मंगलवारा भोपाल

G-23862/24 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
यांत्रिक विभाग, जोन क्रं - 01
संत हिरदाराम नगर
// निविदा घोषणा - पत्र //

क्र. 71/यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक 06/03/25

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनाक 21/03/2025 को दिन के 3:00 बजे आमंत्रित की जाती हैं। धरोहर राशि क्रास डिमांड ड्राफ्ट आयुक्त, नगर निगम भोपाल के नाम पर होना चाहिए। प्राप्त निविदायें आमंत्रित दिवस को ही दोपहर 3:30 बजे अधोहस्ताक्षर द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। प्रपत्र क्रय करने की पात्रता केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के वांछित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को होगी। प्रपत्र दिनांक 20/03/2025 को तथा इसी तिथि के पूर्व कार्यालयीन समय शाम 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं।

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 01 वार्ड क्रं. 05 स्थित बोरवन पगड़ी रस्म हॉल का अधोसंरचनात्मक कार्य । | 677830/- | 6779/- | 2360/- | सी एवं इससे ऊपर | म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भवन आई एस एस आर 2021 | 02 माह |

अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।
नियम व शर्ते :-
1. समस्त सीमेंट कांक्रीट सडक निर्माण कार्यों की गारंटी अवधी 05 वर्ष एवं अन्य भवन निर्माण कार्यों की 01 वर्ष रहेगी एवं कुल 10 प्रतिशत की राशि प्रतिभूति राशि के रूप में रोकी जावेगी।
2. लिफाफा क्र-1 धरोहर राशि एवं लिफाफा क्र-2 में निविदा दर प्रस्तुत किया जाना होगा। प्रथमतः धरोहर राशि का लिफाफा खोला जावेगा एवं धरोहर राशि सही पायी जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा खोला जावेगा।
3. यदि अपिहार्य कारणों से निविदा प्राप्ति / खोलने के दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी।
4. निविदा क्रय करने हेतु आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. ई.पी.एफ. प्रमाण-पत्र एवं ई.पी.एफ. पंजीयन की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
6. उक्त निर्माण कार्यों में उपयोग किए जाने वाले गौण खनिजों की रायल्टी का भुगतान ठेकेदारों द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।
7. निविदा की दरें निविदा खोलने की दिनांक से 120 दिवस तक वैध रहेगी।
8. 10 प्रतिशत से अधिक बिलो प्रतिशत दर प्रस्तुत किये जाने पर ठेकेदार को परफामेन्स गारंटी के रूप में बैंक गारंटी प्रस्तुत की जाना होगी।

सहायक यंत्री (सिविल)
नि.क्र. 1429/024/025 जोन क्रं. - 01, नगर निगम, भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड रायसेन**
दूरभाष क्र. 07482 292040 ईमेल :- eephrai@nic.in
क्रमांक/740 /लेखा./ का.यं./ लो. स्वा.यॉ. / खण्ड / रायसेन / 2025 दिनांक :- 03/03/25
// निविदा आमंत्रण सूचना //

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.03.2025 शाम 17:30 है एवं निविदा में होने वाले संशोधन केवल वैबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर ही देखे जा सकेगें।

| क्रं. | ऑनलाईन टेण्डर आई.डी. क्र. | निविदा क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PHED_ 405856 | 13 | रायसेन जिले के विकासखंड साँची में हाइड्रॉफेक्चरिंग कार्य । (35 नग) | 783475.00 |
| 2. | 2025_PHED_ 405857 | 14 | रायसेन जिले के विकासखंड गैरतगंज में हाइड्रॉफेक्चरिंग कार्य । (35 नग) | 783475.00 |
| 3. | 2025_PHED_ 405859 | 15 | रायसेन जिले के विकासखंड बेगमगंज में हाइड्रॉफेक्चरिंग कार्य । (35 नग) | 783475.00 |
| 4. | 2025_PHED_ 405860 | 16 | रायसेन जिले के विकासखंड सिलवानी में हाइड्रॉफेक्चरिंग कार्य । (35 नग) | 783475.00 |
| 5. | 2025_PHED_ 405861 | 17 | रायसेन जिले के विकासखंड औबेदुल्लागंज में हाइड्रॉफेक्चरिंग कार्य । (35 नग) | 783475.00 |
| 6. | 2025_PHED_ 405862 | 18 | रायसेन जिले के विकासखंड बाड़ी / उदयपुरा में हाइड्रॉफेक्चरिंग कार्य । (35 नग) | 559625.00 |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रायसेन
G-23873/24 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

### पांच साल में दोगुना ...

हम प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगले तीन सालों में सभी 30 लाख किसानों को सोलर पंप दे देंगे। इससे हमारे किसान अन्नदाता के साथ-साथ ऊजार्दाता भी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को मात्र पांच रुपए में बिजली कनेक्शन देने जा रही है, इससे हमारे किसानों को बिजली कनेक्शन के लिए कहीं भी भटकना नहीं पड़ेगा।

### टीआई, पुलिसकर्मी...

काम कर रहा था? जैन रिश्वत के जो 5 लाख रुपए देते हुए पकड़ाया था वह रकम रिश्वत की दूसरी किस्त थी। इससे पहले ही वह कॉल सेंटर पर कार्रवाई के नाम खानापूर्ति करने बड़ी रकम दे चुका था। अब पुलिस पहले ली गई रकम बरामद करने का प्रयास कर रही है। ऐशबाग के पूर्व थाना प्रभारी और प्रकरण में आरोपी जितेंद्र गढ़वाल, एएसआई मनोज कुमार, हेड कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र सिंह और एएसआई पवन रघुवंशी की संपत्ति की जांच की जाएगी। न केवल इनकी बल्कि इनसे जुड़े इनके रिश्तेदारों और साथियों की संपत्ति को लेकर भी जांच की जाएगी। जांच में अगर इनकी कोई भी बेनामी संपत्ति पाई जाती है तो उसे लेकर कार्रवाई की जाएगी।

### साढ़े तीन घंटे तक...

माइनिंग सर्विस का है। इसमें ऑस्ट्रेलियाई मशीन लगी है। कंपनी कोलकाता की है। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि 2 फुट मोटा और ढाई मीटर लंबा रूफ गिरा था, जिसमें दबने से 3 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि टीम मशीन से कोयला खुदाई के बाद तुरंत मौके पर चली गई थी। ये लोग बगैर सपोर्ट की छत के नीचे पहुंच गए थे। जहां यह हादसा हुआ।

### 11 करोड़ का लालच...

में निवेश का झांसा दिया। अंशुमन ने डॉक्टर को एक ग्रुप में जोड़कर योगेश नामक व्यक्ति से संपर्क कराया और ऑर्बिट मॉल में ऑफिस होने का दावा किया।
डॉक्टर ने पहले निवेश करने से मना कर दिया और सिर्फ मार्केट पर नजर रखने की बात कही। इस पर अंशुमन ने 7,000 रुपए मासिक शुल्क मांगा, जो डॉक्टर ने 12 फरवरी 2024 को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बाद में अंशुमन ने डॉक्टर को 50 लाख रुपए निवेश करने पर 10 जून 2024 तक 11 करोड़ रुपए रिटर्न देने का वादा किया। उसने डॉक्टर को भरोसा दिलाया कि वह उनकी राशि क्रूड ऑयल और कॉपर में निवेश करेगा।

### आसाराम और नारायण...

रहा। देशभर में आसाराम और नारायण साईं के खिलाफ दर्ज बलात्कार और मारपीट के मामलों में गवाहों पर तेजाब फेंकने, जानलेवा हमला करने और हत्या करने के मामले में शामिल ताम्रध्वज उर्फ तामराज उर्फ राज उर्फ स्टीफन (37) को सूरत शहर की क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर से गिरफ्तार किया है। आरोपी छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के बड़भूम गांव का निवासी है।

## पेज एक का शेष

### मौलवी बोले- शमी...

सो नहीं पाएंगे। वह एक कट्टर भारतीय हैं, जिन्होंने कई बार टीम को जीत दिलाई है। खेलों में धर्म को नहीं लाना चाहिए। अगर आप आज किसी मुस्लिम व्यक्ति से पूछेंगे तो वह यही कहेगा कि उन्हें मोहम्मद शमी पर गर्व है।

### पाक में घबराहट...

जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जब ऐसा हो जाएगा, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि कश्मीर मुद्दे का समाधान हो जाएगा। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। जयशंकर की टिप्पणी पर पाकिस्तान को मिर्ची लगी है। पाकिस्तान ने इस बयान को बेबुनियाद बताते हुए यूएन का रोना भी शुरू कर दिया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने जयशंकर की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारत से कश्मीर के उस हिस्से को खाली करने को कहा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। खान ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री का बयान जमीनी हकीकत को नहीं दिखाता है। भारत ने बिना मांगे ही नसीहत दी। जयशंकर का बयान आधारहीन है। कश्मीर का मसला यूएन के अंतर्गत आता है।

### यह कैसे होगा?

1. **सैन्य कार्रवाई**: 2016 और 2019 में जिस तरह भारत ने आतंकवादी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की, ठीक उसी तरह की एयरस्ट्राइक करके भी पीओके को हासिल किया जा सकता है। पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के लिए स्थानीय विद्रोहों (जैसे बलूच अलगाववादियों) भारत का साथ दे सकते हैं।
2. **पाक व पीओके के हालात** : पाकिस्तान में तख्तापलट नई बात नहीं है। वहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है। अलगाववादी आंदोलनों (बलूचिस्तान, सिंध, खैबर-पख्तूनख्वा) की वजह से सेना कमजोर होने लगी है। ऐसी स्थिति में अगर कोई आक्रमण होता है तो पाकिस्तान उसे संभाल नहीं पाएगा। संसद के माध्यम से यह घोषित करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया जा सकता है कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है और इसे पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी विकल्पों का पता लगाया जाएगा।
3. **आर्थिक और साइबर हमले**: व्यापार प्रतिबंध और जल संसाधनों तक पहुंच को प्रतिबंधित करके पाकिस्तान की पहले से ही नाजुक अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाने से भी पाकिस्तान घुटनों पर आ सकता है और खुद पीओके सौंपने पर मजबूर हो सकता है। साइबर हमलों का उपयोग करके पाकिस्तान की रक्षा और संचार प्रणालियों को बाधित करना, संभावित रूप से भविष्य के संघर्षों में एक रणनीतिक लाभ प्रदान कर सकता है।

### उमर बोले-कारगिल...

पीओके वापस ले लिया था। हम फिर से कोशिश करें और इसे वापस लें। हमें इसका वो हिस्सा भी लेना चाहिए, जो चीन ने कब्जा कर रखा है।

### ब्रिटेन ने भी ...

अनुरूप अपने सभी राजनयिक आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षा बाधित करने के इस तरह के प्रयासों की हम कड़ी निंदा करते हैं।

### बारबाडोस ने पीएम ...

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से पुरस्कार भारत के विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने ग्रहण किया।

**बाराडोस की प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा**: - बयान के अनुसार, 20 नवंबर 2024 को गुयाना के जॉर्जटाउन में दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटले और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हुई थी। इस दौरान बाराडोस की प्रधानमंत्री मोटले ने कोविड-19 महामारी की विकट परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समर्थन को मजबूत करने में प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहते हुए उन्हें ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस देने की घोषणा की थी। विदेश राज्यमंत्री मार्गेरिटा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रतिनिधित्व करना और उनकी ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वीकार करना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है। यह सम्मान भारत और बारबाडोस के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों को रेखांकित करता है साथ ही विशेष रूप से संकट के समय में सहयोग और विकास के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।
**यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच स्थायी मित्रता का प्रतीक**: - वर्ष 1966 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से भारत और बारबाडोस ने निरंतर जुड़ाव और विकास पहलों द्वारा एक मजबूत साझेदारी को बढ़ावा दिया है। यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच स्थायी मित्रता का प्रतीक है।

### लखपति दीदी...

इसके अलावा पीएम मोदी सरकारी योजनाओं से 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ मिले, उस लक्ष्य को हासिल करने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी सूरत और नवसारी में दो विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी गुजरात से दमन के सिलवासा में जनसभा को संबोधित करेंगे और केन्द्रशासित प्रदेश दमन, दीव-दादरा नगर हवेली को 2500 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की सौगात देंगे। पीएम मोदी आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सूरत एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इसके बाद वहां से दमन के सिलवासा में दोपहर 2 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

### 8 मार्च को नवसारी...

ने 20 फरवरी को अपने बजट में की थी। उसके बाद पीएम मोदी सूरत से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### हरिभूमि-आईएनएच...

का सम्मान करके गौरवान्वित महसूस करेगा। इस पूरे कार्यक्रम को हरिभूमि में तो प्रकाशित किया ही जाएगा, साथ ही इसका प्रसारण आईएनएच न्यूज चैनल पर भी होगा। कार्यक्रम की वैन्यु पार्टनर एनएनसीटी यूनिवर्सिटी है।

### तुम्हें और क्या दूं मैं..

एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें शिवराज सिंह छोटे बेटे कुणाल सिंह चौहान की हल्दी की रस्म में पत्नी साधना सिंह के साथ जट यमला पगला दिवाना गाने पर डांस करते नजर आए थे। बेटे कार्तिकेय और अमानत के उपहार को अमूल्य बताते हुए शिवराज ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि कार्तिकेय और अमानत ने जन्मदिन पर रामचरितमानस भेंटकर भावुक कर दिया। यह मेरे लिए अमूल्य उपहार है।

### प्रसिद्ध सिंगर शिवश्री...

में एक भव्य रिसेप्शन होने वाला है। शादी के बाद की रस्मों में 6 मार्च को काशी यात्रा, जेरिगे बेला मुहूर्त और लाजा होम शामिल होंगे। जीरिगे बेल्ला एक महत्वपूर्ण दक्षिण भारतीय विवाह रस्म है, जिसे मुहूर्त समय माना जाता है, जबकि लाजा होम एक हिंदू परंपरा है, जिसमें दुल्हन पवित्र अग्नि में तले हुए अनाज अर्पित करती है।

### ग्वालियर की आदर्श ...

शॉर्ट सर्किट की वजह से पराली के तैयार किए गए सोफों में आग लग गई। गोशाला में सुरक्षा के इंतजाम इतने बेहतर नहीं थे। जिसकी वजह से आग बढ़ती गई और तकरीबन आधे घंटे तक यह क्षेत्र आग की चपेट में रहा। लगभग 25 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और 30 मिनट में आग पर काबू पाया।

### खाली कराई बस्ती...

बताया जा रहा है। आग ग्राम सिंदौड़ा के लालजी टेंट हाउस में शॉर्ट सर्किट से लगी थी। गोदाम 20 हजार स्क्वायर फीट से ज्यादा के एरिया में बना हुआ है। रात में करीब 11 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची थी। गोदाम में रखे टेंट के सामान से आग ने भीषण रूप ले लिया था। पास ही सोयाबीन तेल का प्लांट है। गोदाम संजय पोरवाल के नाम पर है, जबकि इसकी देखरेख उनके भाई नीतेश पोरवाल करते हैं। यहां लगभग 100 मजदूर काम करते हैं। आग लगने के दौरान 60-70 कर्मचारी टेंट का सामान अनलोड कर रहे थे। फायरकर्मियों के मुताबिक लाला जी टेंट हाउस को प्रयागराज कुंभ में टेंट लगाने का ठेका मिला था। कुंभ समाप्त होने के बाद वहां से टेंट लोड करके 3-4 गाड़ियां लौटी थीं।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
**हरिभूमि क्लासीफाइड**
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**फायनेन्स**
फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइलः- 7042858951.
R-10/03/25

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग**
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## शब्द पहेली - 5799



■ मंगल सैनाथा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -5798 का हल**



# पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क नागपुर में जल्द शुरू होगा

## लगभग 700 करोड़ किया जा चुका है निवेश, करीब 1500 करोड़ निवेश करने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नागपुर

नागपुर के मिहान (नागपुर में मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल कार्गो हब और एयरपोर्ट) क्षेत्र में पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क आगामी 9 मार्च 2025 को परिचालन शुरू करने के लिए तैयार है। मिहान में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए भूमि पूजन का कार्य सितम्बर 2016 में किया गया था। नागपुर में स्थापित होने वाला पतंजलि का यह फ्रूट्स एण्ड वैजीटेबल्स प्रोसेसिंग प्लांट है जिसमें सिटरस तथा ट्रॉपिकल फल व सब्जियों को प्रोसेस करके जूस, जूस कन्संट्रेट, पल्प, पेस्ट व प्यूरी का उत्पादन कर सकते हैं। जैसा की विदित है, नागपुर पूरे विश्व में ऑरेंज सिटी के नाम से विख्यात है, यहाँ सिटरस फ्रूट्स जैसे संतरा, कीनू, मौसम्मी, नींबू इत्यादि की बहुलता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए पतंजलि ने सिटरस प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया है।




### संतरे के छिलके का पूरा प्रयोग

*पतंजलि के इस प्लांट की एक और यूएसपी है जिसमें बाय प्रोटक्ट को वेस्ट नहीं जाने दिया जाता। जैसे संतरे से जूस निकालने के बाद इसके छिलके का पूरा प्रयोग किया है। इसके छिलके में एक कोल्ड प्रेस तेल होता है जिसकी बाजार में काफी मांग है। इसके अलावा नागपुर ऑरेंज बर्फी में रॉ-मैटीरियल के रूप में प्रयोग होने वाला प्रीमियम पल्प भी पतंजलि संतरे से निकाल रहे हैं इसके साथ ही ऑयल बेस्ड अरोमा तथा वाटर बेस्ड अरोमा एसेंस भी निकाल रहे हैं। कॉस्मेटिक तथा अन्य वैल्यू प्रोडक्ट्स बनाने के लिए संतरे के छिलके का पाउडर प्रयोग किया जाता है, इसके लिए संतरे के छिलके को ड्राइ करके पाउडर भी बना रहे हैं। ऐसा कोई भी बाय प्रोडक्ट नहीं है जिसे रिकवर न किया जा रहा हो।*

### फ्रूट्स तथा टैट्रा पैक का कॅमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शुरू होगा

प्रथम फेज में अभी यहाँ सिटरस फ्रूट्स तथा टैट्रा पैक का कमर्शियल मैनुफैक्चरिंग प्लांट शुरू किया जाएगा। इसमें अभी तक 1000 टन मौसम्मी प्रोसेस कर चुके हैं। ऑरेंज प्रोसेसिंग का कार्य भी शुरू किया जा चुका है। साथ ही ट्रोपिकल फ्रूट्स की सभी मशीनें भी स्थापित की जा रही हैं। पतंजलि की ही अन्य कंपनी भरुवा एग्री साइंस द्वारा कुछ नया किया गया। धरती का डॉक्टर मशीन, की सहायता से किसानों के खेत की मिट्टी की जांच कर उन्हें बताते हैं कि उनके खेत में किस तत्व की कमी है तथा उसे कौन सी उपज से लाभ हो सकता है। साथ ही किसानों को पतंजलि द्वारा निर्मित रसायन रहित ऑर्गेनिक खाद व सैम्पलिंग नर्सरी उपलब्ध कराया जाता है। समय-समय पर उसके खेत का निरीक्षण करने के अतिरिक्त किसान की फसल तैयार होने के बाद पतंजलि यह भी गारंटी देते हैं कि किसान की उपज का क्रय करेंगे।

### प्लांट में प्रतिदिन 800 टन फ्रूट प्रोसेस

इस सिटरस प्रोसेसिंग प्लांट में प्रतिदिन 800 टन फ्रूट प्रोसेस करके फ्रोजन जूस कन्संट्रेट बना सकते हैं। यह जूस 100 प्रतिशत प्राकृतिक है तथा इसमें किसी भी प्रकार के प्रिजर्वेटिव या शुगर का प्रयोग नहीं किया जाता। इसके साथ-साथ ट्रापिकल फ्रूट्स का भी प्रसंस्करण किया जाता है जिसमें आंवला प्रतिदिन 600 टन, आम प्रतिदिन 400 टन, अमरूद प्रतिदिन 200 टन, पपीता प्रतिदिन 200 टन, सेव प्रतिदिन 200 टन, अनार प्रतिदिन 200 टन, स्ट्रॉबेरी प्रतिदिन 200 टन, प्लम प्रतिदिन 200 टन, नाशपाती प्रतिदिन 200 टन, टमाटर प्रतिदिन 400 टन, लौकी प्रतिदिन 400 टन, करेला प्रतिदिन 400 टन, गाजर 160 टन, एलोविरा 100 टन प्रतिदिन टन प्रोसेस करके वैश्विक विनिर्देश के अनुसार जूस, जूस कन्संट्रेट, पल्प, पेस्ट व प्यूरी का उत्पादन कर सकते हैं। फ्रूट से सीधे प्रोसेसिंग की इस प्रक्रिया को प्राइमरी प्रोसेसिंग कहते हैं।

### प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लगभग 500 लोगों को रोजगार प्रदान किया

*रोजगार सृजन में पतंजलि नागपुर प्लांट के माध्यम से पतंजलि अभी प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लगभग 500 लोगों को रोजगार प्रदान किया है। जैसे-जैसे कार्य विस्तार लेगा वैसे-वैसे यह संख्या तेजी से बढ़ेगी। जल्द ही यह प्लांट 10 हजार लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। नागपुर प्लांट से लगभग 1000 करोड़ का टर्न-ऑवर होगा। इस प्लांट में अभी तक लगभग 700 करोड़ का निवेश किया जा चुका है। इस पूरी कार्य योजना में लगभग 1500 करोड़ निवेश की योजना है। इस प्लांट के स्थापित होने से यहां इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित होगा।*

---

मंडी में फैली असुविधा, सचिव की शह पर प्रांगण में नाजायज लोगों का डेरा

केला नीलामी शेड पर बिकवाई जा रही प्याज

# करोंद मंडी में थोक केला व्यापारी फुटपाथ पर ही लगा रहे दुकान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



राजधानी की थोक सब्जी मंडी (पं. लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी समिति) के लाइसेंसी व्यापारी जिन्होंने मंडी की अधोसंरचना और आधुनिकता अमलीजामा पहनाने मंडी प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाया और अपनी गाढ़ी पूंजी मंडी प्रशासन में जमा करके फल-सब्जी का व्यापार करने भूखंड आरक्षित कराया, वे आज लाखों रुपए का प्लाट छोड़कर फुटपाथियों की भांति सड़क के किनारें अपनी दुकान लगाने को मजबूर है।

केला व्यापारी फुटपाथ पर दुकानें लगा रहे क्योंकि मंडी सचिव द्वारा केला नीलामी शेड पर प्याज बिकवाई जा रही है। यह बात थोक एवं फुटकर फल-सब्जी विक्रेता कल्याण संघ के अध्यक्ष मो.असलम ने बताई। संघ के अध्यक्ष मो. असलम ने बताया कि मंडी में बाहर के लोग अवैध रूप माल बेच रहें, थोक व्यापारी परेशान, उन्हें माल बेचने की सही जगह उपलब्ध नहीं हो पा रही है और केला नीलाम शेड पर प्याज बिकवाई जा रही है और सभी केला व्यापारी बाहर लाखों की दुकान छोड़कर फुटपाथ पर या टंकी के पास माल बेचना पड़ रहा है। वहीं मंडी के अन्य थोक सब्जी कारोबारियों का आरोप है कि मंडी सचिव की शह पर मंडी प्रांगण में नाजायज लोग (बिना लाइसेंस) अवैध तरीके से मंडी प्रांगण में डेरा जमाए हुए है, जिनसे मंडी प्रशासन द्वारा अवैध वसूली की जाती है। मंडी प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी के उक्त रवैए से सर्वसुविधायुक्त मंडी असुविधा में तब्दील हो गई है और वर्षों पुराने लाइसेंसी मंडी के व्यापारियों का व्यापार करना मुश्किल हो गया है। व्यापारियों के अनुसार थोक की जगह में कुछ अतिक्रमणकारी व्यवसाय कर रहे थे। इतना ही नहीं फुटकर व्यापारी व दलाल मंडी में स्थित किसानों की शेड की जगह में व्यवसाय कर रहे थे साथ ही 5 फिट की जगह को अतिक्रमण कर 15 फिट कर जगह पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे थे।

---

# एईएसएल का 'आकाश इनविक्ट-अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन' प्रोग्राम पेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है।

छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा

यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी एंड सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने कहाकि आकाश इन्विक्टस" केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है।



### हाई-स्टैंडर्ड और विकसित एग्जाम पैटर्न के साथ कोर्स तैयार

*आकाश इन्विक्टस में एंट्री बहुत ही सलेक्टिव है, स्टूडेंट्स को एक स्पेशल एंट्रेंस एग्जाम के जरिए चुना जाता है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि केवल सबसे टैलेंटेड और कमिटेड माइंड्स ही प्रोग्राम में शामिल हों। 11वीं में ज्वाइन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए दो साल का प्रोग्राम और 10वीं में ज्वाइन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन साल का प्रोग्राम डिजाइन किया गया है। आकाश इन्विक्टस भारत के 25 शहरों में अवेलेबल होगा। एक डेडिकेटेड रिसर्च टीम ने पार्टिसिपेंट्स के लिए एक ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशनल एक्सपीरियंस सुनिश्चित करने के लिए सबसे हाई-स्टैंडर्ड और विकसित एग्जाम पैटर्न के साथ कोर्स तैयार किया है।*

### एक लाख छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में कर चुका है मदद

उन्होंने कहा कि आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसका पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है, जो टॉप आईआईटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस प्रोग्राम में फिजिटल लर्निंग और विशेष अध्ययन सामग्री शामिल हैं, जो जेईई एडवांस की सटीक, एआई-सक्षम और अनुकूली तैयारी को सुनिश्चित करते हैं।

### आकाश इन्विक्टस ने पहले ही 2500 से ज्यादा टॉप छात्रों को आकर्षित किया

*आकाश इन्विक्टस में छोटे बैच होंगे, जिससे छात्रों को अधिक व्यक्तिगत ध्यान मिल सके और उनकी हर जरूरत को सही तरीके से पूरा किया जा सके। कुछ महीने पहले शुरू हुए इस कार्यक्रम ने पहले ही 2500 से ज्यादा टॉप छात्रों को अपनी ओर आकर्षित किया है। तीन प्रमुख स्तंभों- नवाचारपूर्ण शिक्षण विधि और पाठ्यक्रम, एक्सपर्ट फैकल्टी और एडवांस्ड टूल्स - पर आधारित आकाश इन्विक्टस जेईई की तैयारी में नए मानक स्थापित करेगा। ये सभी नए फीचर्स आकाश की विश्वसनीयता, विश्वास और तकनीकी विशेषज्ञता द्वारा पूरी तरह से समर्थित हैं। छात्रों को क्यूआर कोड के साथ सम्मिलित अध्याय-वार अभ्यास वर्कशीट प्रदान की जाएंगी, जो डिटेल्ड सॉल्यूशंस और स्टेप-बाय-स्टेप मार्किंग स्कीम हैं।*

### इनोटेरा ने 'फसल' के वितरण कारोबार का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** स्विस-भारतीय कृषि प्रौद्योगिकी फर्म इनोटेरा ने गुरुवार को कहा कि उसने बेंगलुरु और चंडीगढ़ में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए सटीक कृषि और डिजिटल खेती के क्षेत्र में सक्रिय कंपनी 'फसल' के ताजा उत्पाद वितरण कारोबार का अधिग्रहण किया है। इनोटेरा ने एक बयान में कहा कि इस अधिग्रहण से उसे 'फसल' के 85,000 एकड़ वाले किसान नेटवर्क तक पहुंच मिली है, जिससे इसके वितरण मार्गों को दोगुना करने और 30-35 प्रतिशत की अनुमानित राजस्व वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इनोटेरा इंडिया के व्यवसाय प्रमुख और प्रबंध निदेशक अविनाश काशीनाथन ने कहा कि हम परिचालन दक्षता और वित्तीय स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए रणनीतिक अधिग्रहण करना जारी रखेंगे।

---

## बिजनेस न्यूज

### सोनालीका ने की फरवरी माह में कुल 10,493 ट्रैक्टर बिक्री

**नई दिल्ली।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने फरवरी 2025 में 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री के शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 2025 के अंतिम चरण में प्रवेश किया है। कंपनी ने अब तक की सर्वाधिक 1,13,279 घरेलू ट्रैक्टर बिक्री भी दर्ज की है। भारत की विकास यात्रा में सक्रिय रूप से योगदान देते हुए सोनालीका वास्तव में किसानों के लिए बेहतर परिणाम और सफलता सुनिश्चित करने हेतु इनोवेशन और ताकत सुनिश्चित करता है। सोनालीका किसानों की आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने में विश्वास रखती है क्योंकि इसका लक्ष्य अपनी शानदार यात्रा में शामिल सभी हितधारकों के लिए समावेशी विकास है। कंपनी लगातार ताकतवर और उन्नत तकनीक से सुसज्जित ट्रैक्टरों का एक इष्टतम मिश्रण तैयार करती है जो सामूहिक रूप से किसानों को उत्पादकता और स्थिरता प्रदान करते हैं। सोनालीका सतत विकास प्रदान करने, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

### रबींद्रनाथ टैगोर विवि में विश्व दलहन दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**भोपाल।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा विश्व दलहन दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर विषय विशेषज्ञ डॉ. आशीष श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय (जेएनकेवीवी) गंजबसोदा सहित डॉ. एचडी वर्मा डीन, कृषि संकाय, डॉ. अशोक कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष कृषि संकाय, डॉ. ऋषिकेश मंडलोई, कृषि संकाय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर डॉ. आशीष श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय (जेएनकेवीवी), गंजबसोदा, मध्य प्रदेश ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने दलहन फसलों का महत्व को बताया कि दलहन न केवल पोषण मूल्य में समृद्ध होते हैं, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता बनाए रखने में भी योगदान देते हैं। किसानों को दलहन फसलों की उन्नत किस्मों को अपनाने और सतत कृषि तकनीकों का उपयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि दलहन फसलें वायुमंडल से नाइट्रोजन को स्थिर कर मिट्टी की उर्वरता बनाए रखती हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने दलहन फसलों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ.ऋषिकेश मंडलोई, सहायक प्राध्यापक, कृषि संकाय ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, शिक्षकों, छात्रों और सहायक कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बंधन म्यूचुअल फंड ने किया 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लांच

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लांच किया। जो एक ओपन-एंडेड कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है, जिसे निवेशकों को संरचित अल्पकालिक निश्चित-आय निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह फंड प्रमुख बैंकों, एनबीएफसी और वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किए गए एएए-रेटेड सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट, कमर्शियल पेपर्स और कॉरपोरेट बॉन्ड वाले पोर्टफोलियो में निवेश करता है। 6 महीने से 3 महीने तक की व्यवस्थित रोल-डाउन रणनीति के साथ, फंड का लक्ष्य लिक्विडिटी बनाए रखते हुए और ब्याज दर जोखिम को कम करते हुए अल्पकालिक उपज लाभ प्राप्त करना है। न्यू फंड ऑफर गुरुवार 6 मार्च को खुल गया और मंगलवार 11 मार्च को बंद होगा। निवेशक लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, निवेश सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से फंड की सदस्यता ले सकते हैं। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा निश्चित आय वाले निवेश, विशेष रूप से छोटी अवधि के ऋण, पूंजी को संरक्षित करते हुए बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

### एचडीएफसी बैंक ने भारतीय वायु सेना के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने भारतीय वायु सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो सहायक वायु सेना प्रमुख-लेखा और वायु सेना के वेटरन्स और सीएससी अकादमी के कार्यालय के माध्यम से कार्य करता है। इस दिन प्रोजेक्ट एचएकेके (हवाई अनुभव कल्याण केंद्र)-सेवा करने वालों की सेवा करना शुरू किया गया। शुरुआत में वायु सेना इकाइयों में 25 केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें नई दिल्ली, बेंगलुरु, गुड़गांव, पुणे, सिकंदराबाद, गुवाहाटी, जोधपुर और चंडीगढ़ शामिल हैं। एचडीएफसी बैंक अपने परिवर्तन कार्यक्रम के तहत रक्षा सेवा के वेटरन्स और उनके परिजनों के लिए आर्थिक समावेशन का निर्माण करेगा। बैंक सीएससी अकादमी (कॉमन सर्विस सेंटर ई-गवर्नेंस लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित) के साथ मिलकर वित्तीय उत्पादों और सेवाओं में कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने में मदद मिलेगी। एमओयू पर सत्येन मोदी, कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड, वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी-एचडीएफसी बैंक, एयर वाइस मार्शल उपदेश शर्मा वीएसएम-सहायक वायु सेना प्रमुख (लेखा और वायु सेना के दिग्गज) और प्रवीण चांदेकर, सीईओ-सीएससी अकादमी ने हस्ताक्षर किए।

### एक्सिस बैंक ने पेश किया 'वन एक्सिस सीएसआर विजन'

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने साझेदार एनजीओ और एक्सिस ग्रुप की लीडरशिप टीम के साथ 'अभिसरण 2025' नामक बहु-हितधारक कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में वन एक्सिस सीएसआर विजन को लांच किया गया, जो पूरे एक्सिस ईकोसिस्टम के तहत सामाजिक बदलाव के लिए एकीकृत दृष्टिकोण है। यह आयोजन बैंक की सीएसआर यात्रा में एक अहम पड़ाव साबित हुआ, जहां 'मिशन2मिलियन' पहल की सफल समाप्ति का जश्न मनाया गया और 'मिशन4मिलियन' की शुरुआत की गई। इस नए लक्ष्य के तहत सतत आजीविका, वित्तीय सशक्तिकरण और कौशल विकास के जरिए 20 लाख और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग दिया जाएगा। अभिसरण 2025 में एक्सिस बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों और एक्सिस बैंक फाउंडेशन के ट्रस्टी शामिल हुए, जिनमें चेयरपर्सन एस. रामादोरई, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुनीश शारदा, एक्सिस बैंक में स्ट्रैटेजिक प्रोग्राम्स और सस्टेनेबिलिटी के ग्रुप एग्जीक्यूटिव विजय मुलबागल और 70 से अधिक एनजीओ साझेदार संगठनों के संस्थापक और लीडर्स शामिल थे।

### ख़ज़ांची ने गोल्ड सेविंग ऐप का नाम बदलकर ज्वेलरी परचेज प्लान किया

**मुंबई।** खजांची ज्वेलर्स लिमिटेड ने जेम एंड ज्वेलरी इंडिया इंटरनेशनल फेयर -बी2बी एक्सपो 2025 में सफलतापूर्वक भाग लिया, जो 28 फरवरी 2025 से 2 मार्च 2025 तक चेन्नई ट्रेड सेंटर में आयोजित किया गया। कंपनी ने अपने ऐप का रीब्रांडिंग कर नाम गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप से बदलकर ज्वेलरी परचेज प्लान ऐप कर दिया है, जिससे कंपनी की व्यापक व्यापारिक दृष्टि को बेहतर तरीके से दर्शाया जा सके और ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक व उन्नत सेवाएं प्रदान की जा सकें। ज्वेलरी परचेज प्लान ऐप को ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है, जिससे उन्हें अधिक सुविधा और बेहतर अनुभव मिले। यह ऐप आधुनिक उपभोक्ता आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई विशेषताओं की पेशकश करता है।

---

# जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया एवं श्री अन्नपूर्णा फूड्स का संयुक्त उद्यम बना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हैदराबाद

जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड, भारत की नंबर 1 सूरजमुखी तेल कंपनी जिसकी संपूर्ण भारतीय बाजार में 21.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है (फ्रीडम एंड बी-राइट) और कोयंबटूर स्थित श्री अन्नपूर्णा फूड्स, जो देश के सबसे पुराने मसाला प्रसंस्करण ब्रांडों में से एक है, ने मसाले, मील मिक्स और बहुत कुछ बनाने और वितरित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम 'जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' का गठन किया है। पिछले कुछ वर्षों में, श्री अन्नपूर्णा फूड्स को अब क्षेत्रीय व्यंजनों के सर्वोत्तम स्वाद मिल गया है और देश भर से घर में पकाए गए भोजन की शुद्धता, समृद्धि, प्रमाणिकता और पारंपरिक तकनीकों को प्लेटों तक ला रहा है।

उनके विशेष उत्पादों में शुद्ध मसाले, क्षेत्रीय मिश्रण, मिश्रित मसाले और बिरयानी मसाले शामिल हैं। संयुक्त उद्यम पर, जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के अक्षय चौधरी, उपाध्यक्ष-समूह ने कहाकि हम श्री अन्नपूर्णा फूड्स के साथ मिलकर और जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च करके रोमांचित हैं। हमारे दोनों संगठन व्यवसायिकता के उच्चतम मानकों का पालन करते हैं और ग्राहकों को खाना पकाने और खाने का स्वादिष्ट अनुभव देना चाहते हैं, साथ ही हमारी समृद्ध पाक कला का आनंद भी लेना चाहते हैं। बिक्री व विपणन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर रेड्डी ने कहाकि श्री अन्नपूर्णा फूड्स एक प्रतिष्ठित ब्रांड है और उपभोक्ताओं के विभिन्न स्वादों को पूरा करने वाले मसालों की संपूर्ण श्रृंखला के साथ उपलब्ध है। 50 वर्षों के अनुभव के साथ, अन्नपूर्णा मसाले और मसाले एक समृद्ध विरासत रखते हैं। यह संयुक्त उद्यम जीईएफ इंडिया के गहन बाजार ज्ञान और वितरण नेटवर्क से लाभान्वित होगा और अन्नपूर्णा मसालों को अपनी उपस्थिति बढ़ाने में मदद करेगा।



# देशभर के 30,161 करदाताओं के पास है 29,000 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी संपत्ति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अभी हाल ही में आई एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि भारत में अमीरों की संख्या, खासतौर से करोड़पति और अरबपतियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

अब सूत्रों के हवाले से पता चला है कि देश में 30,161 टैक्सपेयर्स ऐसे हैं, जिनकी विदेशी संपत्ति 29,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है। सूत्रों के अनुसार भारत ने हाल ही में अपने टैक्सपेयर्स को विदेशी संपत्ति और अपने इनकम की घोषणा करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत, 30,161 टैक्सपेयर्स ने 29,208 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी संपत्ति और 1,089.88 करोड़ रुपए की अतिरिक्त विदेशी इनकम की घोषणा की है। यह अभियान केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड) द्वारा चलाया गया था, जिसका उद्देश्य टैक्सपेयर्स को विदेशी संपत्ति और इनकम की सही घोषणा करने के लिए प्रेरित करना था।

### अमृतांजन का कॉम्फी ब्रांड 100 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** अमृतांजन हेल्थकेयर ने महिला स्वच्छता से जुड़े बेहतर और किफायती उत्पादों की आवश्यकता को देखते हुए हुए 2011 में 'कॉम्फी' ब्रांड लॉन्च किया था। कॉम्फी 100 करोड़ रुपए का ब्रांड बन गया है, जो सैनिटरी नैपकिन, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और पीरियड पेन रोल-ऑन सहित मासिक धर्म से जुड़े समाधानों की पूरी श्रृंखला के साथ लाखों महिलाओं को सशक्त बना रहा है, वह भी बेहद किफायती कीमत पर। भारत में मासिक धर्म का अनुभव करने वाली महिलाओं की संख्या 35.5 करोड़ है और फिलहाल उनमें से केवल 36 फीसदी महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का उपयोग कर पाती हैं। मुख्य तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं और लड़कियों के पास अक्सर मासिक धर्म की देखभाल से जुड़े अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध नहीं होते हैं। अमृतांजन हेल्थकेयर लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एस. संभू प्रसाद कहते हैं कि कॉम्फी आज एक अरब रुपए का ब्रांड है।

### मार्क्वार्ड ने किया पुणे में नए प्लांट का शुभारंभ

**मुंबई।** मार्क्वार्ड ने पुणे के निकट तलेगांव में आधिकारिक तौर पर एक नए प्लांट का शुभारंभ किया है। परिवार के स्वामित्व वाली इस कंपनी ने मुंबई में स्थित अपने प्रोडक्शन साइट की जगह इस नई प्रोडक्शन फैसिलिटी की शुरुआत की है, जिससे इसकी क्षमताओं का काफी विस्तार होगा और तेजी से आगे बढ़ रहे बाजार में मुकाबला करने के इसके सामर्थ्य को भी मजबूती मिलेगी। इसकी इमारत, मशीनरी और उपकरणों में 180 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। आने वाले समय में, मार्क्वार्ड अत्याधुनिक सुविधाओं वाले अपने इस प्लांट में मुख्य रूप से भारतीय मोटर-वाहन उद्योग के ग्राहकों के लिए मेकाट्रॉनिक सिस्टम सॉल्यूशंस का निर्माण करेगा। मार्क्वार्ट ग्रुप के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, ब्योर्न ट्विहौस ने कहाकि यहां हम मोटर वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनियों के साथ मिलकर काम करते हैं और अपनी भारतीय टीम की इनोवेशन करने की काबिलियत और विशेषज्ञता का उपयोग करते हैं।

---

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

// आम सूचना //

क्रमांक : 9251/राजस्व/भोविप्रा/25
दिनांक 03/03/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर साकेत नगर योजना में स्थित भूखंड /भवन / प्रकोष्ठ क्रमांक जुनियर एम.आई. जी. 305, सेक्टर 2 सी श्री गणेश मेटांगे आत्मज स्व. श्री माधोराव मेटांगे के नाम आवंटित /अंकित है। आवंटी द्वारा श्री गजेन्द्र सिंह पवार पिता श्री एस.एस. पवार को मुख्तियार आम नियुक्त किया गया था।

मुख्तियार आम श्री गजेन्द्र सिंह पवार द्वारा श्री शम्मी कुमार बक्शी पिता टेक चन्द्र बक्शी को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 8/01/2025 को विक्रय किया जा चुका है। क्रेता श्री शम्मी कुमार बक्शी के द्वारा दिनांक 03.02.2025 को आवेदन प्रस्तुत कर प्रकोष्ठ का नामांतरण अपने नाम चाहा है।

उक्त के संदर्भ में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

// आम सूचना //

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड / भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. (एस) 229 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री सतीश लौवंशी आत्मज श्री गोर्वधन लौवंशी के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 519 दिनांक 11/01/2025 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21/12/2015 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती हेमवती वर्मा पत्नी श्री रामेश्वर के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 05/02/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती हेमवती वर्मा पत्नी श्री रामेश्वर के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

नियम 92 (1) (क) (ii)
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप**
मध्यप्रदेश शासन, दिनांक : 18-02-2025
नगर पालिक निगम, ग्वालियर
जनसंपर्क RO क्रमांक 180 **//निविदा सूचना//** दिनांक : 05-03-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 403164_1 17.02.2025 | वार्ड 45 की विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 180 दिन 1,68,76,634/- | 12500/- 84383/- | 19.03.2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 403187_1 17.02.2025 | वार्ड 56 की विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 180 दिन 1,67,81,295/- | 12500/- 83906/- | 19.03.2025 |

नोटः निविदा सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर निगम, ग्वालियर

**कार्यालय पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा कृषि उपज मण्डी समिति करोंद भोपाल**

क्रमांक/मण्डी / अनुज्ञप्ति शाखा/2024-25/29211/1253
भोपाल दिनांक 04/03/25

// विज्ञप्ति //

कृषि उपज मण्डी समिति भोपाल के समस्त कृत्यकारी अनाज / फल सब्जी व्यापारी, कमीशन एजेंट, प्रसंस्करणकर्ता, आढ़तिया, भण्डागारिक, हम्माल एवं तुलावटी, अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्ति की अवधि दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त होने जा रही है, जिसके सम्बंध में मण्डी अधिनियम की धारा 32 एवं मण्डी समितियों के लिये लागू उपविधि सन् 2000 में संशोधन दिनांक 23.02.2024 के अन्तर्गत अपनी अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन निर्धारित शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक 31 मार्च 2025 तक एम.पी. ऑन लाईन के माध्यम से प्रस्तुत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1. अनुज्ञप्ति नवीनीकरण हेतु आवेदन अनुज्ञप्ति की वैधता समाप्ति दिनांक के तीन माह पश्चात तक की समयावधि में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। तीन माह पश्चात तक की यह समयसीमा अधिकतम होगी। इस दौरान नवीनीकरण हेतु आवेदन किये जाने पर अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण, अनुज्ञप्ति वैधता दिनांक से मान्य किया जावेगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित अवधि के पूर्व नियमानुसार आवेदन एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से प्रस्तुत करें।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति, भोपाल

उपसंचालक / सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, भोपाल

## चिंतन

# विश्व को ट्रेड वॉर की ओर धकेल रही ट्रंप की सनक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक ने पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका पैदा कर दी है। डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगा चुके हैं। इसके जवाब में कनाडा ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। अब ट्रंप चीन और कनाडा ही नहीं, भारत पर भी भारी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। राष्ट्रपति ने अमेरिकी संसद के ज्वाइंट सेशन को संबोधित करते हुए भारत के साथ जैसे तो तैसा टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। यह भी नहीं है कि ट्रंप ऐसा पहली बार कर रहे हैं। उनके पहले कार्यकाल के दौरान भी भारत से आयातित एल्युमिनियम और स्टील पर उच्च टैरिफ लगाए थे, जिसका असर भारत सहित कई देशों पर पड़ा था। इसके जवाब में भारत ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप भारत पर भी टैरिफ लगाते हैं तो इसका क्या असर होगा। क्या इसकी मार सिर्फ भारत पर ही पड़ेगी या फिर अमेरिका भी ट्रंप की 'टैरिफ सनक' की आग से झुलसेगा। यह तो साफ है कि भारतीय आयात पर टैरिफ लगाने का असर न केवल दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों पर पड़ेगा बल्कि भारत और अमेरिका दोनों के उद्योगों और आम लोगों पर भी पड़ेगा। अमेरिका और चीन भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने पर निश्चित तौर पर भारत हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। वह भी जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा। ऐसे में अमेरिका का भारत के साथ किसी छुटभैया देश की तरह व्यवहार करना सुपरपावर के लिए महंगा सौदा साबित हो सकता है। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 119.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसमें भारत का लगभग 35.31 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस है। इसका मतलब है कि देश के निर्यात का मूल्य उसके आयात के मूल्य से अधिक है। अमेरिका भारतीय सामान पर टैरिफ बढ़ाता है तो यह व्यापार संतुलन बिगड़ सकता है। इससे भारतीय उद्योगों के लिए चुनौतियां पैदा होंगी, लेकिन इसका सीधा असर अमेरिका पर भी पड़ेगा। वहां महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा होगा। जब ट्रंप प्रशासन ने पहली बार टैरिफ लगाया था तो अमेरिका में महंगाई की मार शुरू हो गई थी। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ कम करे और उनसे अधिक खरीदे। ट्रंप और मोदी के बीच हाल ही में हुई वार्ता के बाद अमेरिका ने व्यापारिक संबंध बढ़ने के महत्व पर जोर तो दिया, लेकिन संसद में ट्रंप ने टैरिफ लगाने का ऐलान करके नई स्पर्धा खड़ी कर दी है। अमेरिका से भारत को कच्चा तेल और पेट्रोलियम पदार्थों का आयात सबसे ज्यादा किया जाता है। मोती, कीमती पत्थर और नकली आभूषणों का इसके बाद नंबर आता है। इसके अलावा भारत अमेरिका से स्टील, महंगी मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, परमाणु रिएक्टर और बॉयलर जैसे पावर प्लांट के उपकरण, विद्युत मशीनरी और उपकरण, विमानन, चिकित्सा और सैन्य उपकरण भी बड़ी मात्रा में खरीदता है। भारत अमेरिका को हीरे और आभूषण, चिकित्सा उपकरण और सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, कृषि उत्पाद, टेक्सटाइल और परिधान, बैग, जूते आदि निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सॉफ्टेवयर और अन्य सर्विसेज के लिए भी बड़ा बाजार है। टैरिफ वार शुरू होने से इन उद्योगों पर सीधा असर पड़ेगा। पहले से ही ट्रंप की टैरिफ वार से दुनियाभर के शेयर बाजार दहशत में हैं। अगर वे लगतार ऐसे ही फैसले लेते हैं तो नई विश्व ट्रेड वार छिड़ने की आशंका है। वे पूरी दुनिया के लिए घातक होगी।



टैरिफ कटौती
प्रो. अश्वनी महाजन

# टेस्ला का भारतीय ईवी उद्योग पर असर

टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं।

लंबे समय से इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली एक अमेरिकी कंपनी टेस्ला, जिसकी इलेक्ट्रिक कारें अमेरिका और अन्य देशों में काफी लोकप्रिय है, भारत में अपनी कारों को बेचने के लिए प्रयास करती रही है। कंपनी का यह कहना है कि पहले उसे अपनी कारें बेचने हेतु मार्ग प्रशस्त किया जाए, और बाद में कंपनी भारत में उत्पादन केंद्र खोलकर यहीं पर विनिर्माण शुरू करने पर विचार करेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र के संरक्षण हेतु सरकार विदेशों से आने वाले वाहनों पर भारी आयात शुल्क लगाती रही है। अभी तक 40 हजार डॉलर की कीमत से ज्यादा की कारों पर 110 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। 40 हजार डालर से कम की कारों पर आयात शुल्क 60 प्रतिशत है। टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल कंपनियां टेस्ला समेत सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं। उनका विरोध बिना कारण नहीं रहा। जब लगभग तीन साल पहले भारत में टेस्ला कंपनी ने आयात शुल्क घटाने हेतु लॉबिंग शुरू की थी, तब तक देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन अत्यंत शैशव अवस्था में था।

भारतीय कंपनियों का कहना था कि यदि इस स्थिति में टेस्ला कंपनी की विनिर्मित कारों पर आयात शुल्क घटाया जाता है तो उनके द्वारा देश में विकसित इलेक्ट्रिक कारों के विकास में बाधा आएगी। एक वर्ष पहले भी इसी प्रकार का प्रयास टेस्ला कंपनी द्वारा किया गया था, तो ऐसे में भारत सरकार ने यह शर्त लगाई थी कि टेस्ला कंपनी भारत में अपना उत्पादन केंद्र शुरू करेगी। जहां तक कारों के आयात का प्रश्न है, कंपनी को 15 प्रतिशत के अत्यंत कम आयात शुल्क पर अधिकतम आठ हज़ार कारों के आयात हेतु अनुमति दी गई थी। अभी जहां आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया गया है, अधिकतम कारों की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही देश में यह बहस शुरू हुई है कि टेस्ला कंपनी को कम आयात शुल्क पर अधिक कारें आयात करने की अनुमति से भारत के इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण पर क्या असर पड़ सकता है? समझना होगा कि भारतीय ईवी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका बाजार आकार 20 प्रतिशत वार्षिक से भी अधिक तेजी से, 2032 तक लगभग 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में कुल वाहन बिक्री में ईवी की मात्र 5 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है, लेकिन दो पहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणियों में ईवी को तेजी से अपनाने के कारण यह संख्या 2030 तक 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण के लिए



एक दृढ़ और अनुकूल सरकारी नीतियां रही हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक दो पहिया और तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग ईवी उद्योग के लिए एक प्रेरक शक्ति रही है। साथ ही, बैटरी की लागत में भी भारी कमी आई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें भी कम हुई हैं। चार पहिया वाहनों के क्षेत्र में टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि दो पहिया वाहनों के क्षेत्र में ओला एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। टेस्ला कारों पर टैरिफ़ में कटौती के बाद भी टेस्ला कारों की ऑन-रोड कीमत 45 लाख रुपए से दो करोड़ रुपए के बीच होगी। दूसरी ओर, ज़्यादातर भारतीय ईवी कारों की कीमत 8 लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच ही है। इसलिए, यह मानना कि टेस्ला कारों के आने से भारतीय इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन और बिक्री पर बुरा असर पड़ेगा, सच नहीं है। भारत सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। ईवी पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर कुछ सीमा तक सब्सिडी भी दी जाती है। सरकार डिजिटल लेनदेन जैसे कुशल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहन दे रही है। ईवी और उनके घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई है। सरकार ने 2025 तक ईवी के लिए 2.7 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा है। राज्यों द्वारा भी ईवी नीतियों को लागू किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत राज्यों की अपनी ईवी नीतियां हैं। इन नीतियों में ईवी खरीद के लिए वित्तीय प्रोत्साहन, रोड टैक्स और कार पंजीकरण शुल्क से छूट और ईवी खरीद के लिए कम ऋण ब्याज दरें शामिल हैं। दिल्ली और कई अन्य राज्यों में ईवी को रोड टैक्स के भुगतान से छूट दी गई है। कुल मिलाकर, भारत सरकार और राज्य सरकारें राजकोषीय और गैर-राजकोषीय प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और राज्य ईवी नीतियों के माध्यम से ईवी उद्योग को व्यापक बढ़ावा दे रही हैं। टेस्ला समेत आयातित कारों पर टैरिफ कम करने के सरकार के इस फैसले के बाद, ऐसा लग रहा है कि टेस्ला भारतीय ईवी बाजार का एक बड़ा हिस्सा छीन सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि टैरिफ कम करने के बाद भी टेस्ला भारत में अधिकतम 50,000 वाहन ही बेच सकती है। अगर हम देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री देखें तो चीनी दिग्गज पहले ही ईवी बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर चुके हैं। हालांकि, भारत सरकार ने चीन से निवेश पर खासी कड़ाई कर दी है, जिसने भारत में चीनी ईवी खिलाड़ियों की योजनाओं को धूमिल कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद चीनी कंपनियां अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ साझेदारी करके इन चुनौतियों से निपटने के तरीके खोज रही हैं।

हालांकि, सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी कारों के भारत में प्रवेश को लेकर सरकार की ओर से की गई प्रतिबंधों के कारण, इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के मामले में चीन से अभी भी बड़ी चुनौती आ रही है। भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण तो शुरू कर दिया है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों, खासकर बैटरी और मोटरों के लिए इन कंपनियों की बहुत बड़ी निर्भरता बनी हुई है। वर्तमान बजट में, भारत सरकार ने इन कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल पर बुनियादी सीमा शुल्क को कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी और मोटरों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने का एक गंभीर प्रयास किया है। यह माना जा सकता है कि आने वाले वर्षों में, आत्मनिर्भर भारत रणनीति के तहत, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।

(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
रोहित कौशिक




# अनर्गल बयानों से गिर रही राजनेताओं की साख

इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर कांग्रेस की महिला प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद की टिप्पणी से एक नया हंगामा हो गया है। शमा मोहम्मद ने रोहित शर्मा को मोटा खिलाड़ी बताया और उन्हें वजन कम करने की सलाह दी थी। हालांकि कांग्रेस ने शमा मोहम्मद के बयान से किनारा कर लिया है लेकिन इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस बैठे-बिठाए ही सवालों के घेरे में आ गई है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। कांग्रेस के राजनेता या प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पर हमलावर होने के मौके दे देते हैं। कांग्रेस के कुछ राजनेता यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है। कांग्रेस के नेता यह गंभीरता कब समझेंगे कि उनके वक्तव्य का समाज पर असर पड़ता है। सार्वजनिक रूप से या फिर सोशल मीडिया पर ऐसे बयान नहीं दिए जाने चाहिए जिससे कांग्रेस की राजनीति पर गलत असर पड़े। पहले तो कांग्रेस के नेता बिना सोचे-समझे बयान दे देते हैं और फिर अपने बयानों पर सफाई देते फिरते हैं। ऐसे माहौल में कांग्रेस पार्टी असमंजस की स्थिति में आ जाती है। केंद्र और ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस सत्ता से दूर है। क्या ऐसे बयानों से कांग्रेस को कोई लाभ होने की उम्मीद है। निश्चित रूप से ऐसे बयान कांग्रेस की परेशानी ही बढ़ाएंगे। कांग्रेस को यह सोचना होगा कि वह कैसे अपना खोया हुआ जनाधार वापस पा सकती है। जनता कांग्रेस पर तभी विश्वास कर पाएगी, जब कांग्रेस अपने व्यवहार में भी गंभीरता दिखाएगी। शमा मोहम्मद ने एक्स पर लिखा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है। साथ ही वह भारतीय टीम के अब तक के सबसे निराशाजनक कप्तान हैं। वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान होने का सौभाग्य मिला है। शमा मोहम्मद मूल रूप से केरल की रहने वाली डेंटिस्ट हैं। उन्हें 2018 में पहली बार कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया। 2019 में भी अपने एक बयान के कारण शमा मोहम्मद चर्चा में आई थीं। उस समय उन्होंने कांग्रेस के टिकट वितरण पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि जब संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, ऐसे समय में कांग्रेस को केरल में ज्यादा महिलाओं को टिकट देना चाहिए था। भारतीय जनता पार्टी ने शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर कांग्रेस को घेरा। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। मुझे लगता है कि दिल्ली में 6 बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनाव हारना प्रभावशाली है लेकिन टी 20 विश्वकप जीतना प्रभावशाली नहीं है। वैसे कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है।

हालांकि कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जो शमा मोहम्मद ने कहा है कि वह पार्टी का स्टैंड नहीं है। शमा को एक्स से संबंधित पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है। कांग्रेस भारतीय खिलाड़ियों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर टिप्पणी करने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद खूब ट्रोल हो रही हैं। एक्स पर रोहित शर्मा के फैन्स शमा से नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस टिप्पणी को अनुचित बताया है। राहुल गांधी भी शमा की टिप्पणी से नाराज बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता कब तक ऐसी हरकतें करते रहेंगे जो कांग्रेस के लिए अनावश्यक समस्याएं पैदा करें। शायद ऐसे नेताओं को ज्यादा बोलने की बीमारी हो रही है। अतिरेक में कुछ भी कह देना ऐसे नेताओं की आदत में शुमार हो गया है। भाजपा के कई नेता भी अपनी टिप्पणियों के लिए अक्सर चर्चा में रहते हैं। अतिरेक में बयान देने वाले और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेता चाहे कांग्रेस में हों या फिर भारतीय जनता पार्टी में हों, अपना ओछापन दिखा ही देते हैं। जनप्रतिनिधियों को तो बहुत सोच-समझ कर बयान देने चाहिए लेकिन जनप्रतिनिधि घमंड में इतने चूर हैं कि कुछ भी बयान दे देते हैं। ऐसे बयान वास्तविकता से बहुत दूर होते हैं। बयान बहादुर बनने वाले राजनेताओं को यह सोचना चाहिए कि ऐसे बयानों से राजनीति की गरिमा तो गिरती ही है, राजनेताओं की साख भी दांव पर लग जाती है। राजनीति में राजनेताओं की साख बचे रहना बहुत जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में राजनेताओं के क्रियाकलापों की वजह से उनकी साख लगातार गिरती जा रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश ज़रूरी



संकलित
**दर्शन**

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

# व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अट्टुकल पोंगल उत्सव



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के एक हिस्से के रूप में कप्पुकेट्टु समारोह मनाया गया। इस समारोह के दौरान श्रद्धालु अट्टुकल भगवती मंदिर में प्रार्थना करते हैं। उत्सव के दौरान मंदिर में महिलाएं और युवतियां देवी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर रही हैं।

## आज की पाती

### मतदान के लिए न आना वाकई चिंताजनक

राजनीति और लोकतंत्र की ताकत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में निहित है। आखिरकार, मतदान एक महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है और हर मतदाता के लिए इसे पहचानना महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हमारा है और हमारा लोकतंत्र भी हमारा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में, वोट की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस शक्ति से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। इसलिए 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह चुनाव में भाग ले। मतदान न करने का विकल्प चुनना अनिवार्य रूप से इस लोकतांत्रिक दायित्व से विमुख होना है। हर मतदाता को अपने व्यस्त जीवन के बावजूद चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। जिस तरह लोग सुख-समृद्धि के लिए पूजा स्थलों पर जाने को समय निकालते हैं, उसी तरह मतदान के लिए भी समय निकालना चाहिए। *-साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम 108 साल की



दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम भले ही 108 साल की है लेकिन दुबली-पतली एवं सफेद बालों वाली इस जापानी महिला की तत्काल अपने काम से सेवानिवृत होने की कोई योजना नहीं है। शित्सुई हाकोइशी नामक इस बुजुर्ग महिला ने कहा कि इस सप्ताह 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्‌र्स' द्वारा औपचारिक मान्यता मिलने से उन्हें बहुत खुशी मिली है। बुधवार को उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय फ्रैंचाइज़ की ओर से आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्‌र्स' में पुरुष हज्जामों के लिए एक अलग श्रेणी है, लेकिन 2018 में 107 वर्ष की आयु में प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले अमेरिका के एंथनी मैनसिनेली की इस बीच मृत्यु हो गई, जिससे हाकोइशी इस रिकॉर्ड की एकमात्र धारक रह गईं। हाकोइशी नौ दशक से इस पेशे में हैं तथा उनका कहना है कि इसका श्रेय उनके ग्राहकों को जाता है। तोक्यो के उत्तर-पूर्व में तोचिगी प्रांत में अपने गृहनगर नाकागावा में एक व्यायामशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में हाकोइशी ने कहा कि मैं केवल अपने ग्राहकों की वजह से ही इस स्तर पर पहुंच पाई हूँ। मैं अभिभूत हूं और खुशी से भर गई हूं। यह प्रेस वार्ता बुधवार को टेलीविजन पर प्रसारित हुई।

## ऑफ बीट

# अपने दर्द को 10 में से अंक देना क्यों मुश्किल है?



सबसे सामान्य पैमाना 50 सालों से है। यह लोगों से उनके दर्द को शून्य (कोई दर्द नहीं) से लेकर दस (आमतौर पर 'सबसे तेज दर्द जिसकी कल्पना की जा सकती है') तक रेट करने के लिए कहता है। यह दर्द के सिर्फ एक पहलू -इसकी तीव्रता- पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि मरीज की हालत क्या है इसे तेजी से समझा जा सके।यह कितना दर्दनाक है? क्या यह बदतर हो रहा है? क्या उपचार से यह ठीक हो रहा है? रेटिंग स्केल समय के साथ दर्द की तीव्रता का पता लगाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। अगर दर्द के अंक आठ से चार हो जाते हैं, तो इसका मतलब है कि आप बेहतर महसूस कर रहे हैं - यह भी हो सकता है कि आपका चार अंक किसी अन्य व्यक्ति के चार अंक से अलग हो। शोध से पता चलता है कि क्रोनिक (पुराने) दर्द की गंभीरता में दो अंक (या 30) की कमी आमतौर पर एक ऐसे परिवर्तन को दर्शाती है जो दैनिक जीवन में अंतर लाता है। पेचीदा अनुभव पता करने के लिए बेहद संकुचित माध्यम मेरी बेटी की दुविधा पर विचार करें। कोई व्यक्ति सबसे भयानक दर्द की कल्पना कैसे कर सकता है? क्या हर कोई एक सी ही कल्पना कर सकता है?

## ट्रेंड

### शीतकालीन पर्यटन




देवभूमि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। हर्षिल में इसी से जुड़ी ट्रैक और बाइक रैली में शामिल लोगों के जोश और उत्साह ने नई ऊर्जा से भर दिया है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नेशनल कोआर्डिनेटर




अब रामजी गौतम व रणधीर बेनीवाल दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर के रूप में सीधे तौर पर देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### फेरोक्रोम का महत्व



क्या आप जानते हैं स्टील को 'स्टेनलेस' क्या बनाता है। फेरोक्रोम जो क्रोमियम से बनता है। इसमें अद्भुत जंगरोधी गुण होते हैं जो स्टील को खाना पकाने के बर्तनों से लेकर कारों तक के अनुप्रयोगों में इस्तेमाल करने में सक्षम बनाते हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### वन्यजीव कल्याण



अनंत अंबानी और वंतारा में उनकी पूरी टीम वन्यजीव कल्याण में उल्लेखनीय बदलाव ला रही है। बचाव, पुनर्वास और संरक्षण के प्रति उनका समर्पण एक अधिक टिकाऊ और दयालु पारिस्थितिकी तंत्र को आकार दे रहा है।
-विराट कोहली, क्रिकेटर

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन किया

**औबेदुल्लागंज।** नगर में रामा कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास बाल विदुषी रितिका नागर ने रामजन्म की कथा सुनाते हुए भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया, जिसे सुन सभी श्रोता आनन्दित हुए। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए और एक दूसरे को बधाइयां दी। इस मौके पर मानस मंडल के बाबूलाल, अरविन्द राय, राजकुमार, संतोष गुप्ता, सुरेश काका, संदीप माहेश्वरी, मुकेश श्रीवास्तव, लोकेश वर्मा, अनिल नागर, प्रमोद मालवीय, गोपाल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### पटवा ने नागर के नवीन प्रतिष्ठान का किया शुभारंभ



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेता स्व. मेहताब के भाई आजाद सिंह नागर के बेटे आशीष नागर की नवीन प्रतिष्ठान जनरल स्टोर व आर्टिफिशियल ज्वेलरी का शुभारंभ विधायक सुरेंद्र पटवा ने किया। इस अवसर पर विजय धाकड़, सुभाष नागर, गजेंद्र नागर, प्रीति नागर, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, रविंद्र विजय, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, सोनू चौकसे, रामेश्वर नागर, माधव यादव, प्रकाश पटेल, विजय जैन आदि लोग मौजूद रहे।

### हर कर्मचारी निर्धारित लक्ष्य का करें मूल्यांकन

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान और निरोगी काया अभियान संचालित हो रहे हैं। प्रत्येक कर्मचारी अपने निर्धारित लक्ष्य के आधार पर प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर शत प्रतिशत सेवाएं देना सुनिश्चित करें। शासन की सेवाओं का लाभ हितग्राहियों को न मिलने अथवा काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बात सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण सह समीक्षा के दौरान कही।

### अतिक्रमण हटाने नगर परिषद ने की मुनादी

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद ने कचरा वाहन से मुनादी कराई गई एवं सभी व्यापारियों से कहा कि आप अपनी-अपनी दुकानों के सामने जो नाली पूर्व से बनी हुई है, उसके भीतर से नगर परिषद द्वारा चूने की लाइन डालकर चिन्हित किया गया है। लाइन के बाहर रखा सभी सामान तत्काल हटा लें। जिन दुकानदारों द्वारा शासकीय भूमि पर दुकान लगाई गई है अथवा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया गया है वह भी अपना सामान, गुमठी दो दिवस के अंदर हटा लें तथा शासकीय भूमि खाली कर दें, अन्यथा प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिसकी जवाबदारी अतिक्रमणकर्ता की होगी। मुनादी के बाद व्यापारियों ने शेड और बोर्ड हटाना प्रारंभ कर दिए हैं।

### समाज सेवी स्व. सुनील पचौरी को दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** नगर के वरिष्ठ समाज सेवी स्व. सुनील पचौरी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान हवन-पूजन भी किया। केशव पचौरी, संजय सिंह चौहान, महेंद्र दुबे, अंकित अग्रवाल, महेश जैन, सुमित पचौरी, हरजीत सिंह मंगू, तिलक जैन, राजेश खटीक आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 4905 | | |
| दिनः | 300 | 39 | 289 |
| रातः | 248 | 40 | 460 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 569 | 06 | 268 |
| रातः | 167 | 42 | 255 |

# भोपाल स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरी महिला, आरपीएफ जवान ने दौड़कर पटरी पर गिरने से पहले खींचकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर बुधवार देर रात को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। यहां एक महिला यात्री चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी तभी प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच गिर गई। वहां मौके पर तैनात आरपीएफ जवान सुनील कुमार ने तत्परता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित बचा लिया। इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। चार माह में करीब आठ मामले आ चुके है। जिनमें चलती ट्रेन से यात्री उतरने की कोशिश की।

**चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश में प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच गिर गई थी महिला**

**घटना बुधवार देर रात में घटी**

जब एक महिला अहमदाबाद बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी, और ट्रेन की गति के कारण वह प्लेटफार्म पर गिर गई। इस बीच वह रेलवे ट्रैक के बीच में जाने वाली थी। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान ने महिला को बचा लिया।



चलती ट्रेन से गिरी महिला को बचाता जवान, इनसेट में आरपीएफ जवान सुनील कुमार।

**महिला अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस से उतरने की कर रही थी कोशिश**

जानकारी के मुताबिक 24 वर्षीय नेहा नामक महिला अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस से चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी, इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गई। महिला जब तक कुछ समझ पाती, तब तक काफी देर हो गई थी। वहीं ट्रेन ने भी रफ्तार पकड़ ली थी, ऐसे में आरपीएफ का जवान ने बहादुरी दिखाते हुए महिला की जान बचा ली।

**चार माह, आठ घटनाएं, सात महिलाओं की बची जान**

चार माह में इस तरह की करीब आठ घटनाएं हो चुकी है। अच्छी बात यह रही कि 8 में से 7 मामलों में आरपीएफ जवानों की तत्परता से जान बचाई जा सकी। हालांकि 10 नवंबर को 45 वर्षीय महिला बिंदु परिहार की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल मालवा एक्सप्रेस से अपनी भाभी के साथ देवास जाना था, लेकिन वह गलती से समता एक्सप्रेस ट्रेन चढ़ गई थी। बोगी में यात्रियों से जब महिला को यह पता चला कि ये मालवा एक्सप्रेस नहीं है तो वह आनन-फानन में ट्रेन से नीचे उतरने दौरान हादसे का शिकार हो गई थी, जिसमें उसकी जान चली गई थी।

# चाय में नशीला पदार्थ पिला कर महिला से किया दुष्कर्म

**दुष्कर्म के वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके इंस्टाग्राम फ्रेंड पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग समेत दैहिक शोषण की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार करोंद निवासी 24 साल की महिला शादीशुदा है और गृहणी है। उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हसनान खान से हुई थी। करोंद निवासी हसनान खान की महिला से मोबाइल पर बातचीत होने लगी। हसनान खान ने 11 अगस्त 2024 को महिला को मिलने बुलाया और चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। महिला का कहना है कि उसका सिर चकराने लगा तो हसनान से घर छोड़ने की बात कही। हसनान उसे घर न ले जाते हुए अपने दोस्त के फार्म हाउस अयोध्या बायपास स्थित गांव करधई ले गया। वहां महिला से शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने कुछ वीडियो और फोटो ले लिए थे। इसी वीडियो और फोटो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी हसनान उसे होटल और अन्य स्थानों पर मिलने बुलाने लगा और उससे शारीरिक संबंध बनाने लगा।

**अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सीआरपी ग्राउंड सेमरा में हुई वारदात**

# ऑटो चालक ने तीन युवकों पर किया चाकू से हमला, एक की हालत गंभीर

**देर रात मोहल्ले में युवती से बातचीत कर रहे ऑटो चालक को समझाइश देने पर भड़का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सीआरपी ग्राउंड सेमरा में मोहल्ले की युवती से बातचीत कर रहे ऑटो चालक को समझाइश देना तीन युवकों को महंगा पड़ गया। दरअसल, युवकों की समझाइश के बाद ऑटो चालक का गुस्सा फूट गया और उसने ऑटो में रखा चाकू निकालकर तीनों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार-बुधवार दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे के आसपास की है। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी



तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अंकुश पिता बृजेश बघेल (19) सेमरा, अशोका गार्डन में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात डेढ़ बजे अपने दोस्त कार्तिक और मोहित के साथ घर जा रहा था। सीआरपी ग्राउंड पहुंचने पर उसे मोहल्ले की युवती ऑटो चालक निखिल शर्मा उर्फ निमेश के साथ नजर आई। तीनों दोस्त निखिल और युवती के पास पहुंचे और देर रात ग्राउंड में न खड़े होने की बात कही। इस पर आरोपी निखिल भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। इतना ही नहीं वह ऑटो से चाकू निकालकर ले आया और तीनों पर हमला बोल दिया। चाकू लगने से मोहित की हालत नाजुक बनी है। उसे चाकू नाभी से नीचे लगा था। इसी प्रकार कार्तिक और अंकुश को भी चाकू लगने से पीठ, कमर और हाथ में चोट आई है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया-बगरौदा सड़क पर गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के समय युवक आईशर कंपनी में प्रतिदिन की तरह ड्यूटी जाने के लिए निकला था। पुलिस ने



मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार अमित कुमार झा पिता रामचरण झा (38) प्रीमियर आर्चेड कॉलोनी, करोंद में रहते थे और आईशर कंपनी में नौकरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन साल और तीन महीनें के दो बेटे हैं। अमित प्रतिदिन एक्टिवा से बायपास होते हुए आईशर कंपनी जाते थे। गुरुवार सुबह भी वह घर से ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। इस दौरान रापड़िया गांव से बगरौदा की तरफ जाते समय उनकी एक्टिवा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सकरी सड़क होने के कारण टक्कर लगते ही वह सड़क पर घिसटने के बाद एक्टिवा समेत खेत में जा गिरे थे। उन्हें एंबुलेंस की मदद से एम्स में भर्ती कराया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### वन विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी ने लगाई फांसी

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सिकंदराबाद के पास नई बस्ती में वन विभाग के एक आउटसोर्स कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सिकंदराबाद के पास नई बस्ती निवासी लखन अहिरवार (50) वन विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी थे। उनकी पत्नी निजी कॉलेज में नौकरी करती हैं। बुधवार दोपहर पत्नी ड्यूटी पर कॉलेज चली गई थीं। दोपहर को बेटियों ने बंद कमरे में पिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए थे। दरवाजा तोडकर लखन अहिवार को फंद से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि लखन अहिरवार के पेट में गांठ थी। दो दिन पहले उसने एक चेकअप भी कराया था। उसी दिन उनका पत्नी से विवाद भी हुआ था।

### मूक-बधिर युवक से मोबाइल झपटकर भागे एक्टिवा सवार

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना स्थित आरआरएल तिराहा अंडर ब्रिज पर एक्टिवा सवार बदमाशों ने मूकबधिर युवक के हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना गत 4 मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की है। पुलिस ने मूकबधिर के भाई की शिकायत पर अज्ञात एक्टिवा सवार बदमाशों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार अतुल कुमार सूर्यवंशी ई-6, अरेरा कॉलोनी के पास झुग्गी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनका 27 साल का छोटा भाई आकाश सूर्यवंशी मूकबधिर है। वह बोल नहीं सकता और इशारों में ही बातचीत करता है। 4 मार्च की शाम आकाश डीबी मॉल गया था। वहां से रात करीब सवा 11 बजे आरआरएल तिराहा पर पहुंचा। वह घर जाने के लिए ब्रिज के पास खड़े होकर अन्य वाहन का इंतजार करने लगा। इसी बीच एक्टिवा पर आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। आकाश ने पैदल ही आरोपियों की एक्टिवा के पीछे दौड़ लगा दी, लेकिन आरोपी तेजी से एक्टिवा लेकर भाग निकले।

### समारोह में मन्नत क्लब को मिले चार अवॉर्ड

**संतनगर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के अंतर्गत रीजन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें चार जोन में 16 क्लब सम्मिलित हुए। सभी क्लब का वर्षभर का आंकलन होने के बाद अवॉर्ड समारोह संपन्न हुआ, जिसमें क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर अरुणा अभय ओसवाल मुख्य वक्ता के रूप में पहुंची। संतनगर से लायंस क्लब ग्रेटर ओर लायंस क्लब मन्नत ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मन्नत क्लब को चार अवॉर्ड मिले।

पहिला एक्सीलेंट स्क्रब बुक किरण वाधवानी, दूसरा आउट स्टैंडिंग फर्स्ट वीपी नैना वाधवानी, तीसरा एप्रिसिएशन अवॉर्ड यासमीन कौसर, चतुर्थ बेस्ट पीस पोस्टर एक्टिविटी अवॉर्ड मन्नत क्लब को अरुणा ओसवाल रीजन चेयर पर्सन, अंशु सिंह डिस्ट्रिट गवर्नर व मनीष शाह चौरसिया द्वारा दिया गया। इस अवसर पर क्लब मन्नत से चार्टर्ड प्रेसिडेंट किरण वाधवानी, शशि शर्मा, रश्मि दुबे, विवेक दुबे, नैना वाधवानी, भावना चंदनानी व गोविंदराम वाधवानी आदि उपस्थित रहे।

आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

## 270 लीटर अवैध शराब जब्त... 14 प्रकरण दर्ज, 6 लोगों को मौके पर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

आबकारी अधिकारी भद्रसेन एवं मजीद खान ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व में दो आबकारी उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जो अवैध शराब कारोबारियों पर प्रतिदिन कार्रवाई करेगा।

जिले में मंडीदीप अंतर्गत झिरी के जंगलों में और बेगमगंज स्थित सीता पार ग्राम में दबिश दी गयी, जिसमें 14 प्रकरण दर्ज कर 6 लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया गया।



कार्रवाई के दौरान 270 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त की। वहीं लगभग 3000 किलोग्राम महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया, जिसका मूल्य 3,54,000 रुपए है। इस कार्रवाई में उड़नदस्ता दलों का नेतृत्व आबकारी उप निरीक्षक रविंद्र अहिरवार, आबकारी उप निरीक्षक मुकेश श्रीवास्तव ने किया।

इस कार्रवाई से होली पर अवैध शराब विक्रय में अंकुश लगेगा। सहायक आयुक्त आबकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर विशेष उड़ान दस्तक दलों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन कार्रवाई करेगी।

मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर बवाल

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया उग्र प्रदर्शन, जगह-जगह फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा अलग-अलग दो स्थानों पर प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल के पुतले का दहन कर प्रदर्शन किया। मंगल बाजार बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपेश मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विगत दिनों मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी कहने पर विरोध स्वरूप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया। वहीं नेशनल हाईवे पर नगर मंडल अध्यक्ष उधम पाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा पुतले को छीनकर पुतला दहन नहीं करने दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीणा ने बताया कि मंत्री पटेल द्वारा जनता को भिखारी बोलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं परेश नागर, राममणि द्विवेदी, दशरथ मीणा ने निंदा की है।





### कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर की मंत्री पटेल के इस्तीफे की मांग

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी कहने के विरोध में औबेदुल्लागंज में कांग्रेसियों ने आंबेडकर चौराहे पर मंत्री पटेल का पुतला दहन कर इस्तीफा देने की मांग की। इस मौके पर पवित्र कौर, परेश नागर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### छीनने में असफल रही पुलिस, टुकड़े-टुकड़े हुए पुतले को ही जलाया

**संतनगर।** जनता को भिखारी कहने के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला जलाया गया। पुलिस ने पुतला दहन रोकने के प्रयास किए, लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भी पुतला नहीं छोड़ा, आखिरकार छिन-भिन्न पुतले के टुकड़ों में आग लगाकर विरोध प्रकट किया। मालूम हो कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पुरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर मंत्री प्रहलाद पटेल के पुतले फूंके जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में चंचल चौराहा संत हिरदाराम नगर में बलाक अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण के नेतृत्व में पुतला जलाया गया।

**होली-रमजान को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च**

## एसडीएम-एसडीओपी की अगुवाई में 2 किमी तक चला सुरक्षा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप और सतलापुर पुलिस ने होली और रमजान को देखते हुए संयुक्त फ्लैगमार्च निकाला। मार्च थाना परिसर से शुरू हुआ। एसडीएम चंदेशेखर श्रीवास्तव और एसडीओपी शीला सुरणा ने मार्च का नेतृत्व किया। औद्योगिक थाना सतलापुर और मंडीदीप के पुलिस जवानों ने करीब 2 किलोमीटर की दूरी तय की। कदमताल करते जवानों का जोश देखकर जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ।

पुलिस दल ने मंडीदीप थाना परिसर से शाम 7 बजे मार्च शुरू किया। यह मार्च मंगलबाजार, वार्ड नंबर 9 दुर्गा मंदिर, इंद्रपुरी चौराहा, गणेश चौक, दुर्गा चौक और स्टेशन



रोड से होता हुआ आगे बढ़ा। फिर मुख्य मार्ग, एप्रोच रोड, बस स्टैंड और शराब की दुकान के सामने से होकर मंगलबाजार स्टैंड के रास्ते मंडीदीप थाना पहुंचा। एसडीपीओ शीला सुरणा ने बताया कि एसपी पंकज पांडे और एएसपी कमलेश खरपुसे के निर्देशन में त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फ्लैगमार्च से लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

### कलारी के पास मिली युवक की लाश

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर के पास कलारी के सामने एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि संजय नगर के पास कलारी के नजदीक एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक मोबाइल नंबर मिला था। उस नंबर पर संपर्क करने पर मृतक की पहचान राजकुमार सनगानी पुत्र मनोहर सनगानी (46) के रूप में हुई। वह शाहजहांनाबाद स्थित ईदगाह हिल्स में ही रहता था। लोगों ने बताया राजकुमार को काफी अधिक शराब पीने की लत थी।

**प्रेम-प्रसंग के बाद की गई शादी बनी विवाद का कारण**

# डेहरी चौकी पर सरेआम युवक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार जिले के बाग थाना अंतर्गत डेहरी चौकी पर सरेआम कुछ युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान चाकू से वार कर युवक को घायल कर दिया।

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मौजूद कुछ लोगों ने अपने मोबाइल पर वीडियो बनाए, जिसमें दिख रहा है कि ग्राम डेहरी बस स्टैंड पर छह से सात व्यक्ति एक युवक पर हमला करते हुए जमकर मारपीट कर रहे हैं, जिसमें एक युवती भी मारपीट कर रहे युवकों को हटाते दिख रही है। यह वीडियो क्षेत्र में जमकर वायरल हो रहा हैं। जिसमें दिख रहा है किस तरह कानून व्यवस्था का माखौल उड़ाते बेखौफ इन युवकों द्वारा एक युवक



की बेरहमी से पटक-पटक कर पिटाई की गई। बतादें कि कुछ दिनों पहले डेहरी नगर में चौकी प्रभारी और उनकी टीम पर कुछ आरोपियों ने हमला किया था। अब डेहरी नगर के बस स्टैंड पर युवक पर हुए चाकूबाजी से कानून व्यवस्था और पुलिसिया भूमिका पर कई सारे सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि डेहरी में चाकूबाजी की घटना में दो युवक घायल हुए हैं। पुलिस को इसकी जानकारी मिली है तथा पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

**इंदौर से आए थे डेहरी**

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चौकी प्रभारी डेहरी ने बताया कि देहरी की निवासी शिवानी धनगर बडवानी कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी, तब उसकी मित्रता दीपक पिता रमेश सोलंकी से हो गई थी और दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते शादी कर ली थी। इसके बाद वह इंदौर में रह रहे थे। आज व्यापारिक काम से जब वह दोनों डेहरी पहुंचे तो यहां उनकी गाड़ी लड़की के निवास स्थान वाली जगह पर खराब हो गई। मोहल्ले वालों ने उक्त लड़की और उक्त युवक को देखा और उसके साथ मारपीट चालू कर दी। पुलिस ने धारा 115 118 296 351( 2 )351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जानकारी अनुसार इस पूरे विवाद की जड़ प्रेम प्रसंग और उसके बाद विवाह का होना बताया जा रहा है। खुलेआम मारपीट व चाकूबाजी की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सरेआम मारपीट और चाकू बाजी की घटना में एक युवती सहित दो युवक व अन्य लोगों के भी घायल होने की जानकारी है।

# जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर चंद्रप्रभु का मनाया मोक्ष कल्याणक दिवस

**श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुए धार्मिक अनुष्ठान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में धर्म तथा आस्था की बयार बह रही है। फाल्गुन शुक्ल सप्तमी गुरुवार को नगर के महावीर कलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक पूरी श्रद्धा तथा भक्ति भावना के साथ मनाया गया।

कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप ने बताया कि भगवान श्री चंद्रप्रभु के मोक्ष कल्याण पर्व के अवसर पर समाजजनों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं द्वारा मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए गए। प्रातःकाल समाजजनों ने भगवान का अभिषेक किया तथा



शांतिधारा का अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर भगवान को निर्वाण लाडू अर्पित कर नैवेद्य अर्पित किया गया। कमेटी के सचिव आषु जैन ने बताया कि सुबह भगवान का अभिषेक व शांतिधारा के बाद नित्य नियम पूजा, भगवान चंद्रप्रभु की पूजा, णमोकार पूजा, नव देवता पूजा, 24 तीर्थंकर की पूजा की गई।



# राजू, राजा और राम तीनों ही किरदार में नजर आए शरमन

## रविंद्र भवन में शरमन जोशी अभिनीत 'राजू राजा राम और मैं' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रविंद्र भवन में जारी इंडी मूंस फेस्टिवल में गुरुवार को शरमन जोशी अभिनीत राजू, राजा, राम और मैं का मंचन हुआ। राजू, राजा, राम तीनों ही भूमिकाओं में शरमन जोशी ने अभिनय की उम्दा मिसाल पेश की। वहीं पहले सत्र में आलोक चटर्जी का रंगमंच जुनून और विरासत विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें शोभा चटर्जी के साथ वरिष्ठ पत्रकार राकेश दीक्षित, टीकम जोशी, मनोज जोशी ने हिस्सेदारी की और शो को होस्ट किया विनय उपाध्याय ने।

### गुरु को वचन दिया है कि थियेटर करना नहीं छोड़ूंगा



चर्चा के दौरान राकेश दीक्षित ने बताया कि एनएसडी से वापस आने के बाद आलोक से मैंने पूछा था कि तुम वापिस यहां क्यों आए हो, तुम्हारे लिए तो मुम्बई में भी जगह है। उसके जवाब में उन्होंने कहा था कि मैने अपने गुरु बाबा (ब व कारंत) को वचन दिया है कि थियेटर करना नहीं छोड़ूंगा और उन्होंने अपने इस वचन को अपनी आखिरी सांस तक निभाया और पूरी शिद्दत ईमानदारी जुनून और पागलपन के साथ निभाया, सच में वे रंग अवधूत थे और रहेंगे।

### नाटक की कहानी

एक अमीर आदमी मदन सुखनंदानी और उसकी बीबी मीरा और उसका सेकेट्री दलाल, मीरा जो दिलफेक है, उसका दलाल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है, मदन मीरा और दलाल को एक साथ देख लेता है और मदन के दलाल के साथ हाथपाई में मदन मारा जाता है। मीरा और दलाल मिलकर उसे एक बॉक्स में बंद कर देते हैं और और समान ले जाने वाले राजू को बुलाते हैं जिसकी शक्ल मदन से मिलती है और समान सहित उसे ठिकाने लगा देते हैं।

# एक ऐसा रोल करना है, जो इमोशनल हो, हार्ट टचिंग हो

हरिभूमि चर्चा

*इंडी मूंस फेस्टिवल में ड्रामा करने आए एक्टर शरमन जोशी से हरिभूमि की खास बातचीत*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



शरमन जोशी ने कहा कि मैंने 3 इडियट्स में राजू का रोल निभाया, गोलमाल में लक्ष्मण का रोल निभाया हेट स्टोरी में एक विलन के रूप में मैंने दमदार रोल निभाया, लेकिन मेरी अब ख्वाहिश है कि एक इमोशनल या हार्ट टचिंग रोल करूं, ऐसे रोल की चाहत मुझे दिल से है। यह कहना है जाने-माने अभिनेता शरमन जोशी का, जो इंडी मूंस फेस्टिवल में आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने करियर से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

### थिएटर मेरी रग-रग में बसा है

उन्होंने कहा कि थिएटर मेरी रग-रग में बसा है। मुझे थिएटर करना ही पसंद है और राजू राजा राम और मैं ड्रामा को हिंदी में 150 बार और मराठी में 300 से 400 बार अभिनय कर चुका हूं तो इसे समझ सकते हैं कि मुझे थिएटर कितना पसंद है।

**सिकंदर फिल्म के बारे में कुछ नहीं कहूंगा**

वहीं सलमान खान की सिकंदर मूवी में काम करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं अभी इस फिल्म के बारे में कुछ भी नहीं कहना चाहूंगा।

**थिएटर में है बहुत स्कोप**

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि थिएटर में बहुत स्कोप है, इसलिए यंगस्टर को इसमें आना चाहिए और थोड़ा पेशंस रखना चाहिए क्योंकि हर एक क्षेत्र में कार्य का फल मीठा होता है।

**मुझे टीचर्स का काफी प्यार मिला**

शरमन ने बताया कि मुझे टीचर्स का काफी प्यार मिला है फिर वह मेरी इंग्लिश टीचर हो या हिस्ट्री टीचर और स्कूल की उन यादों को मैंने अपने दिल में संजोकर रखा है।

### नूतन कॉलेज के वार्षिक उत्सव नूतन भव्या का समापन

# तलवारबाजी, नृत्य और मल्टी लैंग्वेज सॉन्ग्स सुना चुनी गई नूतन भव्या







हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मेरी नजर में केवल फिजिकल अपीरियंस ही सुंदरता के मायने नहीं होते। बल्कि यह आपके भीतर की सुंदरता है, जिसके आधार पर आप दुनिया को देखते हो और दुनिया आपको पसंद करती है। इससे जवाब के आधार पर चुने गए नूतन भाव ने हाल में मौजूद दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। नूतन कॉलेज के वार्षिक उत्सव नूतन भव्या की चयन प्रक्रिया में जहां हाथ में तलवार लेकर मंच पर करीब 3 मिनट तक तलवारबाजी का दृश्य देखने को मिला तो वहीं आरंभ है प्रचंड गीत पर शास्त्रीय नृत्य की मनभावन प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं। इसके साथ ही मल्टी लैंग्वेज गीत को अपने प्रतिभा के रूप में प्रदर्शित करती नूतन भव्या ने सभी का दिल जीत लिया।





*तीन राउंड में चुनी गई नूतन भव्या*

### 22 प्रतिभागियों को पछाड़ अंशिका बनी नूतन भव्या

अंशिका सिंह जादौन 22 प्रतिभागियों को पछाड़कर मिस भव्या बनीं। वहीं गुनगुन जोशी फर्स्ट रनर अप रहीं और सेकंड रनर अप का स्थान आंचल गोस्वामी ने पाया। इस प्रतियोगिता में तीन राउंड के माध्यम से नूतन भव्या चयनित हुई। प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने रैंप वॉक और खूबसूरती के आधार पर 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया और उसके बाद अंतिम राउंड में पांच प्रतिभागियों के जवाब के आधार पर नूतन भव्या चुनी गई।

### फिजिकल कैपेबिलिटी एकेडमिक्स के आधार पर परख भारत

नूतन भव्या के लिए केवल रैंप वॉक ही शामिल नहीं था, बल्कि उनकी फिजिकल कैपेबिलिटी एकेडमिक्स और उनके भीतर प्यार और सौहार्द का भी परीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धों को खाना खिलाया तो वहीं पेड़ लगाकर सेव एनवायरनमेंट का संदेश भी दिया।

### इंडी मूंस फेस्टिवल में आए अभिनेता पंकज कपूर से हरिभूमि की खास बातचीत

# एजेंडा फिल्मों के माध्यम से छिपे हुए राज किए जा रहे उजागर



**भोपाल।** इंडी मूंस फेस्टिवल में आए अभिनेता पंकज कपूर ने कश्मीर फाइल्स और साबरमती रिपोर्ट जैसी एजेंडा फिल्मों के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एजेंडा फिल्मों का दौर कब नहीं था। हर समय में एजेंडा फिल्में चलन में थी। यह अलग बात है कि आजकल बड़ी हिम्मत करके उन छिपे हुए राजों को फिल्मों के माध्यम से उजागर किया जा रहा है।

### जो फिल्में बिग बजट नहीं थी और दर्शकों का प्यार मिला

उन्होंने कहा कि यदि काम अच्छा है तो बिग बजट का होना या ना होना कोई मायने नहीं रखता है क्योंकि कई ऐसी भी फिल्में रिलीज हुई है उन्हें दर्शकों का प्यार मिला है, जो बिग बजट फिल्में नहीं थीं। उन्होंने कहा कि भारत में करीब 300 फिल्में बनती हैं, जिनमें से मुश्किल से 3 या 4 फिल्म 400 करोड़ तक बनाई जाती हैं।

**जरूरत ओटीटी पर नहीं स्वयं पर सेंसरशिप की है**

उन्होंने कहा कि हमेशा ओटीटी पर सवाल उठाया जाता है कि उसमें अश्लील कंटेंट दिखाया जाता है, लेकिन आजकल इंटरनेट के एक क्लिक पर आप कुछ भी देख सकते हैं। तो जरूरत ओटीटी पर सेंसरशिप की नहीं है बल्कि स्वयं पर सेंसरशिप की है।

**सीढ़ियों पर चलती महिला को सुन आया ड्रामा लिखने का ख्याल**

दोपहरी ड्रामा के बारे में उन्होंने कहा कि एक बार में दोपहर में यूं ही सो रहा था तब अचानक सीढ़ियों पर किसी महिला के चलने की आवाज आ रही थी। उस आहट को सुनकर मुझे लगा कि वह कुछ ढूंढ रही होगी या तलाश रही होगी और इसी से मेरे जहन में दोपहर सीरियल लिखने का ख्याल आया।

## एमएन आर्ट क्लब में संगीत संध्या का आयोजन आज

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। स्पंद्रिका और आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम कलियासोत डेम के पास चंदनपुरा स्थित एमएन आर्ट क्लब में होगा। कार्यक्रम में स्पंद्रिका संस्था के कलाकारों द्वारा संगीत, नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय उड़िया नृत्यांगना आर्या नंदा की प्रस्तुति होगी। वहीं, कार्यक्रम में प्रतिभा दत्त मजूमदार, डॉ. योगिता, हर्षित तिवारी, बबीता गुप्ता, सूरज गुप्ता सहित अन्य कलाकार सांगीतिक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम शाम 6 बजे शुरू होगा।

## मुस्कान म्यूजिकल ग्रुप की गीतों भरी दोपहर कल

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर द लॉयन सिटी वेल्फेयर सोसायटी के तत्वावधान में मुस्कान म्युजिकल ग्रुप द्वारा टाइटल सांग 'तेरा जलवा तौबा है तेरा जलवा' गीतों का आयोजन 8 मार्च शनिवार को दोपहर 1 बजे से लॉयन सिटी मैरिज गार्डन लालघाटी बैरागढ रोड में किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक मोहन बेलानी, भविष्या बेलानी, उप संचालक किरण एवं केआर श्रीवासतव ने बताया कि वेल्फेयर क्लब के अध्यक्ष कमलेश रायचंदानी मुख्य अतिथि एवं सिंधी महिला पंचायत संत हिरदाराम नगर की अध्यक्ष किरण वाधवानी विशिष्ट अतिथि होंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सभी गायक गायिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन में जो गायक प्रमुख रूप से शिरकत करेंगे उनमें मोहन बेलानी, भविषा बेलानी एलएस दांडे, अतीक भाई, इंदौर की मंजू, सुरंगमा सक्सेना (मोना), मनीष सक्सेना, असीम सक्सेना, शिप्रा सक्सेना आदि शामिल हैं।

# भूमिका दुबे ने चार किरदारों से दिया नाट्य को जीवंत रूप

## बहुकला केंद्र भारत भवन में गुरुवार से स्त्री रचनाशीलता पर केंद्रित आद्या समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अम्मा जामुन की चोरी मैंने अकेले नहीं की... मेरे साथ चार लोग थे, उसमें से एक चिंतामणि काकी का बेटा भी शामिल था...। कुछ इसी तरह के संवादों से गूंज उठा भारत भवन का अंतरंग सभागार। स्त्री रचनाशीलता पर केंद्रित आद्या समारोह की प्रथम संध्या का आगाज नाटक केला की प्रस्तुति के साथ हुआ। बहुआयामी प्रयोगों से परिपूर्ण इस प्रस्तुति का निर्देशन, लेखन और अभिनय भूमिका दुबे ने किया। 70 मिनट की इस प्रस्तुति में कलाकार ने केला नामक एक लड़की के जीवन के विभिन्न पहलुओं से दर्शकों को परिचित कराया।



### इस तरह प्रभावी बनी प्रस्तुति

नाटक को प्रभावी बनाने निर्देशक ने कई प्रयोग किए। इसमें अभिनय कर रही भूमिका दुबे ने एक के बाद एक चार से अधिक किरदारों को स्वयं निभाया। खास बात यह रही कि किरदार बदलने के लिए वे मंच से नहीं हटीं, बल्कि उन्होंने चलती हुई प्रस्तुति में समय समय पर केला, अम्मा, दादी और सूत्रधार का किरदार स्वयं निभाया।



### मध्यम वर्ग की संतुष्टि का एक प्रमुख उदाहरण नाटक

नाटक में दिखाया गया कि केला एक साधारण सी लड़की के जीवन की कहानी है। 1950 के दशक में केला का परिवार मध्यम वर्ग की संतुष्टि का एक प्रमुख उदाहरण है। उसके सख्त जमींदार पिता और सात महीने की गर्भवती गृहिणी मां ने जामुन के पेड़ों को विरासत में उसके अजन्मे भाई के नाम कर रखा था। फिर पुजारी ने इस बात का खुलासा किया कि केला एक मांगलिक लड़की थी अतः उसकी शादी एक पेड़ से करना आवश्यक है, नतीजतन उसे जबरदस्ती अपने ही पेड़ से शादी करना पड़ी। गांव में पेड़ से शादी होने के बाद उसकी शहर में पुनः शादी हुई और उसने दस बच्चों को जन्म दिया।

### राधारमण विहान फेस्ट का शानदार आगाज

# साहिल सोलंकी की धमाकेदार परफॉर्मेंस पर झूम उठे दर्शक



**भोपाल।** राधारमण समूह के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'विहान 2024' का भव्य शुभारंभ आज समूह के रातीबड़ स्थित परिसर में हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन का उद्घाटन स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया।

पहले दिन का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध गायक साहिल सोलंकी की धमाकेदार लाइव परफॉर्मेंस रही। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, पूरा परिसर तालियों और सीटियों से गूंज उठा। साहिल ने एक के बाद एक कई शानदार गीत प्रस्तुत किए, जिसमें 'दमादम मस्त कलंदर' और उनके खुद के गाए रीमेक बॉलीवुड सॉन्ग 'दिल ले गई कुड़ी' जैसे सुपरहिट गाने शामिल थे।

जैसे ही साहिल ने 'दमादम मस्त कलंदर' गाना शुरू किया, पूरा दर्शक वर्ग झूम उठा। सैकड़ों छात्र-छात्राएं मोबाइल फ्लैश जलाकर ताल से ताल मिलाते नजर आए। उनकी ऊर्जा और दमदार आवाज ने पूरे माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे समां पूरी तरह संगीतमय हो गया।

विहान 2024 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आर्ट्स विला, कल्चरल और टेक्निकल सेगमेंट में आयोजित की जाएंगी। पहले दिन की शुरुआत में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, सिंगिंग और लैन गेमिंग जैसी प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने इस अवसर पर कहा, विहान केवल एक फेस्ट नहीं, बल्कि छात्रों के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर है। यह देखकर खुशी होती है कि हर साल इसमें छात्रों की भागीदारी बढ़ती जा रही है। साहिल सोलंकी की परफॉर्मेंस ने पहले ही दिन इस आयोजन को यादगार बना दिया है। आने वाले दो दिन और भी रोमांचक होने वाले हैं।

### सोनी सब का नया शो 'वीर हनुमान' 11 मार्च से

# जिनकी शक्ति और भक्ति अपरंपार, वह हैं 'वीर हनुमान'

⏭मुंबई से लौटकर सचिन सिंह बैस

सोनी सब अपने दर्शकों के लिए भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित एक अनोखी प्रस्तुति 'वीर हनुमान' लेकर आ रहा है, जिसमें युवा मारुति के सफर को दर्शाया गया है।

यह शो दिखाएगा कि कैसे वे अपने सच्चे उद्देश्य की खोज करते हैं और अपने दिव्य भविष्य के लिए खुद को तैयार करते हैं। स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित आस्था और भक्ति से परिपूर्ण यह शो 11 मार्च से शुरू होगा और हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह शो हनुमान के बचपन और उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अद्भुत कथा और समृद्ध कहानी कहने की शैली के माध्यम से यह शो भारत के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक भगवान हनुमान को नई पीढ़ी के दर्शकों तक पहुंचाने के लिए तैयार है। बाल हनुमान की भूमिका में आन तिवारी नजर आएंगे, जबकि सायली सालुखे अंजनी की भूमिका निभाएंगी। आरव चौधरी केसरी के रूप में दिखेंगे और माहिर पांधी बाली एवं सुग्रीव के प्रभावशाली दोहरे किरदार में नजर आएंगे।

> भगवान हनुमान के बचपन, उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा शो



### 'वीर हनुमान' आत्मा की यात्रा

स्वस्तिक प्रोडक्शंस के संस्थापक और चीफ क्रिएटर सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने कहा कि हनुमान केवल एक योद्धा नहीं हैं। वे एक भावना हैं, विश्वास की, साहस की, असीम शक्ति की। वीर हनुमान उनकी आत्मा की यात्रा है, जो हमने सुनी हुई कहानियों से परे हैं, जो उन्हें शाश्वत बनाती हैं। यह केवल उनकी कहानी को फिर से बताने तक सीमित नहीं है। यह हनुमान की शक्ति का अनुभव करने के बारे में है जो आपके साथ रहती है, आपको प्रेरित करती है और आपके भीतर कुछ जागृत करती है। हनुमान केवल एक देवता नहीं हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि जब हम खुद से बड़ी किसी चीज के सामने समर्पण करते हैं तो हम क्या बन सकते हैं।

### रोजाना गीता का पाठ करने के साथ पढ़ते हैं हनुमान चालीसा

'वीर हनुमान' में बाल हनुमान की भूमिका निभा रहे आन तिवारी ने हरिभूमि के साथ चर्चा में बताया कि वह बचपन के दिनों से हीं भगवान हनुमान के बहुत बड़े भक्त हैं और रोजाना हनुमान चालीसा और गीता पाठ करते हैं। आन तिवारी ने बताया कि उन्होंने अभिनय की कोई प्रारंभिक शिक्षा हासिल नहीं की है। उनकी बड़ी बहन साची तिवारी उनकी प्रेरणा हैं और उनसे हीं उन्होंने अभिनय के बारे में सीखा है। बतादें कि आन की बहन साची तिवारी भी अभिनेत्री है। आन पढ़ाई के साथ हीं वह टीवी शो और फिल्मों में अभिनय कर रहे हैं। आन ने कहा कि वह भगवान हनुमान का किरदार निभाकर बहुत खुश और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मुझे उनके बारे में कहानियां सुनना बहुत अच्छा लगता है और अब मुझे उन्हें स्क्रीन पर निभाने का मौका मिल रहा है।

भैया जी जोशी के बयान पर महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा

# मराठी महाराष्ट्र की भाषा, उसे सम्मान और संरक्षण दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के नेता भैया जी जोशी के बयान पर महाराष्ट्र विधानसभा में जमकर हंगामा मचा। बवाल अधिक बढ़ने पर 5 मिनट तक सदन को स्थगित करना पड़ा। सीएम फडणवीस ने कहा कि मराठी मुंबई और पूरे महाराष्ट्र की भाषा है।

मराठी को महाराष्ट्र में सम्मान और संरक्षण दिया जाएगा। यह भाषा महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी नागरिकों से मराठी भाषा का सम्मान करने और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

**मुख्यमंत्री ने बयान पर सदन को किया आश्वस्त**

## मराठी सीखना हर नागरिक का कर्तव्य

बोले सीएम यह भाषा महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग



सीएम फडणवीस ने कहा कि मुंबई, महाराष्ट्र और राज्य सरकार की भाषा मराठी है। यहां रहने वाले लोगों को इसे सीखना चाहिए। मराठी राज्य की संस्कृति और पहचान का हिस्सा है। इसे सीखना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस बयान के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) नेताओं के बीच तीखी बहस हुई।

### आदित्य ने भाजपा पर साधा निशाना

जोशी के बयान पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह संभव नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा



मराठी ही रहेगी। उन्होंने कहा कि बाहर से लोग हमारे प्रदेश में आते हैं और यहां बस जाते हैं। यहां की भाषा मराठी है जैसे तमिलनाडु की तमिल और कर्नाटक की कन्नड़। भाजपा की विचारधारा महाराष्ट्र का अपमान करने की है। सुरेश भैया जी ने कहा कि घाटकोपर में भाषा गुजराती हो सकती है, मगर यह बिल्कुल संभव नहीं है।

**भैयाजी जोशी की सफाई**

### मेरे बयान पर लोगों को गलतफहमी हुई



आरएसएस के पदाधिकारी सुरेश भैयाजी जोशी ने मराठी भाषा को लेकर हुए विवाद के बाद अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा मराठी मेरी मातृभाषा है और मुझे इस पर गर्व है। मुंबई के एक उपनगर में एक कार्यक्रम में मेरे कहे हुए वक्तव्य को लेकर गलतफहमी हुई है। ऐसा मुझे लगता है। ये सवाल ही नहीं उठता है कि मुंबई की भाषा मराठी नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा मराठी है और मुंबई महाराष्ट्र में है तो स्वाभाविक तौर पर मुंबई की भाषा मराठी है। भारत में विविध भाषाएं बोली जाती है। मुंबई में भी विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले लोग रहते हैं। स्वाभाविक तौर पर यह अपेक्षा रहती है कि वे लोग भी मुंबई में रहकर मराठी सीखें। जोशी की टिप्पणी की विपक्षी शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की थी।

**एक कार्यक्रम में दिया था यह बयान**

जोशी ने बुधवार को कहा था कि मुंबई में कोई एक भाषा नहीं है। मुंबई के हर हिस्से की अलग-अलग भाषा है। घाटकोपर इलाके की भाषा गुजराती है। इसलिए अगर आप मुंबई में रहते हैं, तो यह जरूरी नहीं है कि आपको मराठी सीखनी पड़े। उनके इस बयान पर विपक्षी दलों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

---

**खबर संक्षेप**

### गठबंधन की सरकार में बिहार में शराब बिकेगी

**पटना।** इस वक्त बिहार से बड़ी खबर है। कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास ने बिहार में शराबबंदी पर बड़ा



बयान दिया है। दास ने कहा कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी तो फिर से शराब की बिक्री शुरू होगी। दास ने कहा कि जैसे ठेका से शराब की बिक्री पहले होती थी, फिर से वैसे ही शराब की बिक्री होगी। कांग्रेस महागठबंधन में आरजेडी की सहायक है।

### देहरादून में सील किए गए 11 मदरसे

**देहरादून।** प्रशासन द्वारा 28 फरवरी को जारी किए गए ऑर्डर के बाद प्रशासन ने जिले में 11 मदरसे सील



कर दिए गए हैं। इन मदरसों को सील किए जाने की वजह राज्य मदरसा बोर्ड या शिक्षा विभाग में पंजीकरण न होना बताया गया है। जनवरी में लोकल बॉडी इलेक्शन से पहले राज्य सरकार ने सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी पर कार्रवाई की गई है।

### उदयनिधि पर नई प्राथमिकी नहीं होगी दर्ज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को बड़ी राहत



मिली है। कोर्ट ने ने निर्देश दिया कि उदयनिधि के सनातन धर्म संबंधी कथित बयान के लिए उनके खिलाफ बिना अनुमति के कोई नई प्राथमिकी नहीं दर्ज की जाएगी। स्टालिन को बलपूर्वक कार्रवाई से संरक्षण देने वाले अंतरिम आदेश की अवधि को भी बढ़ा दिया है।

### इलाहाबादिया और अपूर्वा के बयान दर्ज

**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले की जांच जारी है। रणवीर



इलाहाबादिया और अपूर्वा माखीजा ने 'राष्ट्रीय महिला आयोग' में बयान दर्ज कराए। रणवीर और अपूर्वा माखीजा इंडियाज गॉट लैटेंट के दो प्रोड्यूसर्स सौरभ बोथरा और तुषार पुजारी के साथ पहुंचे। आशीष चंचलानी के वकील आयोग में पेश हुए।

### मरांडी बने झारखंड में नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** भाजपा ने गुरुवार को धनवारसीट से विधायक बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में



अपने विधायक दल का नेता नियुक्त किया। रांची में एक बैठक के दौरान, मरांडी, जो राज्य भाजपा अध्यक्ष भी हैं, को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। मरांडी ने एक पोस्ट में पीएम मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह का आभार माना है।

---

पीएम मोदी ने जनसभा में देवभूमि को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बताया

# 'इसे' चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद मिला, कॉर्पोरेट मीटिंग-डेस्टिनेशन वेडिंग करें



एजेंसी ▶▶ देवभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के दौरे पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत है। उन्होंने कहा कि मैंने काशी में कहा था की मां गंगा ने बुलाया है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने अपील कि कि कॉर्पोरेट मीटिंग और डेस्टिनेशन वेडिंग देवभूमि में करें। मां गंगा की कृपा से ही मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला है।

मैं मानता हूं कि उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और अब सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहा हूं। इसीलिए मैंने काशी में कहा भी था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है। कुछ महीने पहले मुझे ये भी अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। ये मां गंगा की ही दुलार है, अपने इस बच्चे के प्रति उनका स्नेह है कि आज मैं उनके मायके मुखवा गांव आया हूं। उत्तराखंड की ये देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत है। चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद इसे प्राप्त है। जीवनदायिनी मां गंगा के इस शीतकालीन गद्दी स्थल पर आज एक बार फिर आकर, आप सब परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया हूं।

> मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया, उन्हीं के आशीर्वाद से काशी और यहां पहुंचा, मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला

**आज उनके मायके मुखवा गांव आकर धन्य हुआ**

गंगा का यह शीतकालीन गद्दी स्थल




### साधु-संत एक योग कैंप सर्दियों में उत्तराखंड में लगाएं

पीएम मोदी ने कहा कि कॉर्पोरेट जगत के लोग अपनी मीटिंग उत्तराखंड में करें। डेस्टिनेशन वेडिंग भी देवभूमि में करें। मैं सभी बड़े-बड़े साधु महात्माओं को, मठ मंदिर के मठाधिपतियों को और योगाचार्यों से आग्रह करूंगा कि वे साल में अपने शिष्यों का एक योग कैंप सर्दियों में उत्तराखंड में लगाएं। विंटर सेशन के लिए स्पेशल वाइल्डलाइफ सफारी का आकर्षण उत्तराखंड की विशेष पहचान बन सकता है।

**केदारनाथ रोपवे से यात्रा होगी सुगम:** केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि कैबिनेट ने केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके बनने से जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती है, अब 30 मिनट में पूरी होगी। इससे बुजुर्गों, बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी।

**गांवों के विकास के लिए 'वाइब्रेंट विलेज' शुरू किया:** पीएम मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड के बॉर्डर वाले इलाकों को भी पर्यटन का विशेष लाभ मिले। पहले सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव कहा जाता था। लेकिन हमने कहा कि ये आखिरी नहीं हमारे प्रथम गांव हैं। उनके विकास के लिए 'वाइब्रेंट विलेज' शुरू किया है।

यहां 356 दिन पर्यटन जरूरी, हर सीजन में टूरिज्म ऑन

### सीएम धामी की सराहना की

पीएम मोदी ने शीतकालीन तीर्थाटन-पर्यटन पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से उत्तराखंड के आर्थिक सामर्थ्य को साकार करने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने इस



अभिनव पहल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के लिए टूरिज्म सेक्टर को बहुआयामी बनाया।

### धार्मिक यात्रा के लिए यह खास

उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्रा के लिए भी उत्तराखंड में सर्दियों का समय बेहद खास होता है। यहां इस समय कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं। यहां मुखवा गांव में ही जो अनुष्ठान किया जाता है, वो हमारी प्राचीन परंपरा का हिस्सा है।

**उत्तराखंड में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे :** पहले चार धाम यात्रा पर प्रतिवर्ष 18 लाख यात्री ही आते थे, अब 50 लाख से अधिक यात्री आ रहे हैं। 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित हो रहे।

पीएम मोदी का विशेष ऐलान


### 1962 के युद्ध में खाली हो चुके माणा और जादुंग गांवों को फिर से बसाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान खाली कराए गए गांवों के पुनर्वास के लिए एक अभियान शुरू किया है। हर्षिल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1962 में युद्ध के दौरान उत्तरकाशी जिले के दो गांवों, माणा और जादुंग, को खाली करा लिया गया था और सरकार उन्हें प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

---

दूरसंचार की सिम कार्ड पर चेतावनी

# दुरुपयोग किया तो होगी जेल, 50 लाख का जुर्माना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में हाल ही में साइबर धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की है और इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए कई पहल शुरू की हैं। धोखेबाज विभिन्न तरीकों का उपयोग कर इन संसाधनों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अक्सर अपराधी धोखे या पहचान छिपाकर सिम कार्ड और एसएमएस हेडर जैसी टेलीकॉम पहचान प्राप्त कर रहे हैं और इसके माध्यम से जनता को बड़े पैमाने पर फर्जी संदेश भेज रहे हैं।

**दूरसंचार विभाग का अलर्ट**

- विभाग ने इन अवैध गतिविधियों के खिलाफ गंभीर उल्लंघन बताया है।
- विभाग ने कहा कि टेलीकॉम पहचान छेड़छाड़ करना प्रतिबंधित है।
- किसी भी व्यक्ति को धोखाधड़ी से सिम कार्ड या दूरसंचार पहचान प्राप्त करने की मनाही है।
- यह अपराध गंभीर और गैर-जमानती (नॉन-बेलेबल) माना गया है, जिसे दंडनीय बनाया गया है।
- अपराधियों को 3साल तक की कैद, 50 लाख रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।
- जो लोग इन अपराधों में सहायता करते हैं, उन पर भी समान दंड लागू होगा।

**धोखाधड़ी से बचें**

यह भी सामने आया है कि कुछ लोग अपने नाम पर सिम कार्ड लेकर दूसरों को इस्तेमाल के लिए दे रहे हैं। कई मामलों में इन सिम कार्डों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी में किया जाता है, जिससे असली सिम कार्ड धारक भी अपराध में संलिप्त माने जा सकते हैं। इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों, धोखाधड़ी या पहचान की नकल (इंपर्सोनेशन) द्वारा सिम कार्ड प्राप्त करने के मामले भी सामने आए हैं, जो टेलीकम्युनिकेशन अधिनियम, 2023 का उल्लंघन है।

### साइबर अपराधी कई तरह के संदेश भेज रहे

कुछ मामलों में पॉइंट ऑफ सेल केंद्रों ने भी इन फर्जी सिम कार्डों की खरीद-फरोख्त में भूमिका निभाई है, जिससे वे भी इस अपराध में भागीदार बन जाते हैं। इसके अलावा अपराधी आईपी एड्रेस, आईएमईआई नंबर (मोबाइल उपकरण की पहचान करने वाला नंबर) और एसएमएस हेडर में बदलाव कर धोखाधड़ी भरे संदेश भेज रहे हैं।

---

श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में बोले ओम बिरला

# भारत के युवा विश्व में नवाचार और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत के ऊर्जावान और दूरदर्शी युवा पूरी दुनिया में इनोवेशन और रिसर्च में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भारतीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि भारत की प्रगति और विकास में महिलाएं सबसे आगे हैं। आज महिलाएं व्यापक अवसरों का लाभ उठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। बिरला ने आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में वे देश में पथप्रदर्शक के रूप में उभरेंगी। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव में छात्रों और अन्य आमंत्रित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए ये विचार साझा किए।



### विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का स्वर्णिम समय

अपने निजी अनुभवों को साझा करते हुए बिरला ने विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णिम चरण बताया और कहा कि इस समय उनके पास असीम अवसर और संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे लक्ष्य निर्धारित करें और दृढ़ संकल्प के साथ उन्हें प्राप्त करें। सपनों को पूरा करने महत्वाकांक्षा के साथ ही दृढ़ निश्चय और अटल इरादे की जरूरत होती है।

## हिमाचल में बर्फबारी से 233 सड़कें बंद



शिमला। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनों से बर्फबारी का दौर जारी है। पूरा इलाका बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया है। 233 सड़कें बंद हो गई हैं। होटल बुकिंग में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, वाहन फिसलने की घटनाओं के कारण 4 लोगों की मौत हो गई है।

राजस्थान के सिरोही में दर्दनाक हादसा

# कार और ट्रॉले की टक्कर में पति पत्नी और बेटे समेत 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ सिरोही

राजस्थान के सिरोही जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-27 पर एक कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें दंपती और उनका बेटा भी शामिल हैं। एक महिला का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कार सवार सभी लोग राजस्थान के जालोर जिले के रहने वाले हैं। सभी गुजरात के अहमदाबाद से जालोर लौट रहे थे, इस दौरान गुरुवार तड़के करीब 3 बजे आबूरोड क्षेत्र के किवरली में कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को आबूरोड



अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, दो ने दम तोड़ दिया। एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सिरोही रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से ट्रॉले में फंसी कार को बाहर निकाला और फिर शवों व घायलों को निकालने के लिए क्रेन से कार के दरवाजे तोड़े और उसके अन्य हिस्सों को भी अलग किया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में लगी हुई है।

---

राष्ट्रपति 'नारी शक्ति से विकसित भारत' का करेंगी उद्घाटन

# 'शी बिल्ड भारत' के माध्यम से व्यापक अभियान चल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर हैश टैग शी बिल्ड भारत के माध्यम से एक व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में होगा आयोजन

**सशस्त्र, अर्धसैनिक बल और अधिकारी-कर्मचारी होंगे शामिल**

**अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे**



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों तथा दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ 'मेरा युवा भारत' के स्वयंसेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य आदि भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की महिला अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी और यूएनएफपीए जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### उच्चस्तरीय पैनल 3 तकनीकी सत्र आयोजित करेगा

दिनभर उच्चस्तरीय पैनल चर्चा कार्यक्रम जारी रहेगा। 3 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एसटीईएम, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता एक साथ मंच पर मौजूद रहेंगी। अग्रणी और प्रखर व्यक्तित्व-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर अतीत को झांकना और आगे बढ़ना इस सत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता अपने अनुभव साझा करेंगी। महिला शक्ति का लाभ उठाना, वित्तीय समावेशन और उद्यमशीलता पर चर्चा होगी।

टीएमसी सांसद ओ' ब्रायन बोले

# संसद सत्र में हम दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में एक ही संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएगी।

डेरेक ओ'ब्रायन ने यह बात कही। उन्होंने संसद में असहमति की आवाज को दबाने का भी आरोप लगाया।ब्रायन ने कहा कि कई विपक्षी दलों ने गृह मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि संसद के बजट सत्र का दूसरा हिस्सा कुछ दिनों (10 मार्च) में शुरू हो रहा है। सत्र के पहले भाग में पिछले महीने काफी



समस्याएं हुईं। इसमें कानून बनाने में सुस्ती, प्रक्रियाओं की अनदेखी और संस्थागत मानदंडों का कमजोर होना शामिल था। इस प्रवृत्ति को लेकर हर नागरिक के लिए चिंतित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक संख्या के दो मतदाता पहचान पत्र का मुद्दा संसद के पटल पर रखा जाएगा।

## आज पांचवें बैच की पासिंग आउट परेड

# आईएनएस चिल्का से लगभग 2972 अग्निवीरों ने लिया प्रशिक्षण नौसेना में शामिल होकर देश की सेवा करने के लिए सब हैं तैयार

यह पासिंग आउट परेड न केवल प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण का सफल समापन है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में अग्निवीरों की यात्रा का एक प्रतीक भी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्निवीर योजना के तहत देश की रक्षा के लिए हर साल तीनों सेना में युवा तैयार हो रहे हैं। इसी क्रम में अग्निवीरों के पांचवे बैच की पासिंग आउट परेड (पीओपी) 7 मार्च 2025 को आईएनएस चिल्का में आयोजित होगी। पीओपी में लगभग 2972 अग्निवीरों के प्रशिक्षण का सफल समापन होगा। खास बात यह है कि अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाले इन युवाओं में महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। सभी अग्निवीरों ने आईएनएस चिल्का में नौसेना के अनुशासन का पालन करते हुए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगे और सूर्यास्त के बाद पीओपी का निरीक्षण करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अग्निवीरों के गौरवान्वित परिवार भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, उच्च उपलब्धि वाले दिग्गज और प्रतिष्ठित खेल हस्तियां भी मौजूद रहेंगी, जो अग्निवीरों को उनकी उल्लेखनीय यात्रा से प्रेरणा देंगी।

### प्रशिक्षण पूरा करने वालों में महिला अग्निवीर भी शामिल

### प्रशिक्षुओं और डिवीजनों को पुरस्कार से सम्मानित करेंगे



### वरिष्ठ अधिकारी करेंगे अवलोकन

अब इस वर्ष होने जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पास आउट होने वाले अग्निवीरों का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया जाएगा। आईएनएस चिल्का में दिए गए प्रशिक्षण में शैक्षणिक एवं सेवा के विभिन्न पहलुओं की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, इस ट्रेनिंग में कर्तव्य, सम्मान एवं साहस के मूल मूल्यों पर आधारित आउटडोर प्रशिक्षण भी शामिल होता है।

### पीओपी का किया जाएगा सीधा प्रसारण

*भारतीय नौसेना के यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज और क्षेत्रीय दूरदर्शन नेटवर्क पर पासिंग आउट परेड का 5:30 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले बीते वर्ष आईएनएस चिल्का पर ही अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड हुई थी। बता दें, पासिंग आउट परेड न केवल 16 सप्ताह के प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में उनकी यात्रा का भी प्रतीक है।*

### प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका 'अंकुर' का विमोचन होगा

वरिष्ठ नौसैनिक अधिकारी समापन समारोह में शामिल होंगे। वे विभिन्न प्रशिक्षुओं और डिवीजनों को पुरस्कार और ट्रॉफियां से सम्मानित करेंगे। शुक्रवार को ही 'आईएनएस चिल्का' में प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका 'अंकुर' का विमोचन भी किया जाएगा। यह पासिंग आउट परेड न केवल प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण का सफल समापन है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में अग्निवीरों की यात्रा का एक प्रतीक भी है।

## खबर संक्षेप

### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल, 4 की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में बुधवार रात को एक होटल को



निशाना बनाते हुए। मिसाइल से हमला किया, इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्केंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे।

### अमेरिका में तेलंगाना के छात्र प्रवीण की हत्या

**शिकागो।** तेलंगाना से अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि में पढ़ाई कर रहे 26 वर्षीय भारतीय छात्र जी.



प्रवीण की हत्या के बाद विदेश मंत्रालय हरकत में हैं। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने दुख व्यक्त किया है। दूतावास ने कहा कि वे छात्र के परिवार के संपर्क में हैं और विवि भी उनकी हरसंभव मदद कर रहा है। एक्स पर पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि हम विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि के स्नातकोत्तर छात्र जी प्रवीण की असामायिक मौत से दुखी हैं। दूतावास प्रवीण के परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

### 19 मार्च को लौट रहे सुनीता और विल्मोर

**वॉशिंगटन।** नासा की एस्ट्रोनॉट और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अब धरती पर लौटने वाली हैं। उनके



साथ अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच भी वापस आएंगे। सुनीता और विल्मोर नौ महीने तक अंतरिक्ष में 'फंसे' हुए थे। अब 19 मार्च को नासा दोनों को पृथ्वी पर लाने जा रहा है। इस मिशन में स्पेस एजेंसी का साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दे रही है। उसी के स्पेसक्राफ्ट से वापसी होने जा रही है। सुनीता ने कहा कि यहां रहने से हमें एक अनूठा दृष्टिकोण मिलता है, न केवल खिड़की से बाहर देखने से, बल्कि समस्याओं को हल करने के तरीके से भी।

### विमान ने गिराए अपने ही देश में बम, 2 लोग गंभीर

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान गलती से रहवासी इलाके में



एक के बाद एक आठ बम गिराए। इस दौरान 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। वायु सेना ने एक बयान के मुताबिक, केएफ-16 लड़ाकू विमान की ओर से छोड़े गए एमके-82 बम असामान्य रूप से फायरिंग रेंज के बाहर गिरे, जिससे नागरिकों को क्षति हुई। वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना क्यों हुई? इसकी जांच करने और नागरिकों को हुए नुकसान की जांच करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

---

ट्रंप को आंख दिखाने का अंजाम!

## जेलेंस्की का तख्तापलट तय! यूक्रेन के विपक्षी नेताओं संग यूएस की बैठक



एजेंसी ▶▶ कीव

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप को आंख दिखाने वाले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की का कभी भी तख्तापलट हो सकता है। ओवल ऑफिस में हुई बहस के करीब एक हफ्ते के बाद डोनाल्ड ट्रंप की टीम के कम से कम चार अधिकारियों ने यूक्रेन के विपक्षी नेताओं के साथ बात की है। इस बातचीत में रूस के साथ संबंध को सुधारने पर बातचीत की गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि ट्रंप टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने यूक्रेनी विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको से बात की है। टिमोशेंको देश की पूर्व पीएम रह चुकी हैं और पेट्रो पोरोशेंको की पार्टी की वरिष्ठ सदस्य हैं, जिसमें पहले जेलेंस्की भी थे। ये बातचीत यूक्रेन में तेजी से राष्ट्रपति चुनाव करवाने के इर्द-गिर्द घूमती रही। बता दें, फिलहाल यूक्रेन में मार्शल लॉ लगा हुआ है और मौजूदा हालातों में चुनाव नहीं हो सकते हैं। आलोचकों का कहना है कि अगर युद्ध के हालात में यूक्रेन में चुनाव करवाए जाते हैं तो राजनीतिक अव्यवस्था का निर्माण हो सकता है और इससे रूस को ही फायदा होगा।

### चुनाव करवाना चाहते हैं ट्रंप

*डोनाल्ड ट्रंप चुनाव करवाने में हो रही देरी की बार बार आलोचना कर चुके हैं। पिछले साल राष्ट्रपति जेलेंस्की का शासनकाल खत्म हो गया था और उसके बाद से ही रूस लगातार उन्हें यूक्रेन का 'अवैध नेता' कहता आया है। लेकिन इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि देश का बड़ा हिस्सा अभी भी युद्ध में फंसा हुआ है, देश की एक बड़ी आबादी विस्थापित हो चुकी है, लाखों लोगों को देश से बाहर शरणार्थी के तौर पर रहना पड़ रहा है, लिहाजा क्या ऐसे हालात में निष्पक्ष चुनाव हो पाएंगे? जो लोग विस्थापित बनकर देश से बाहर हैं क्या वो वोट डाल पाएंगे? अमेरिका की वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने उन दावों को खारिज कर दिया कि डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेनी राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं।*

### यूएस से सहमत नेताओं की तलाश जारी

हालांकि विपक्षी नेता टिमोशेंको और पोरोशेंको, दोनों ने सार्वजनिक रूप से जेलेंस्की की इस बात से सहमति जताई है कि युद्ध के समय में चुनाव नहीं होने चाहिए। फिर भी पोरोशेंको ने ट्रंप की टीम से मुलाकात की है और ट्रंप की टीम यूक्रेन में ऐसे नेताओं को खोजने का काम कर रही है, जिसके साथ काम करना उनके लिए आसान हो। एक रिपब्लिकन नेता ने कहा है कि ऐसे नेताओं की तलाश चल रही है, जो युद्ध में शांति के लिए उन बातों पर सहमत हों जिनपर जेलेंस्की सहमत नहीं हैं।

---

लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# अमेरिकी विदेश नीति से हैरानी नहीं, यूएस डॉलर आर्थिक स्थिरता के लिए बेहद जरूरी

### डॉलर को बदलने के लिए भारत की कोई नीति नहीं



एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में अमेरिका की नई विदेश नीति को लेकर कहा कि मुझे पूरी ईमानदारी से कहना चाहिए कि यह आश्चर्यजनक नहीं है।

अगर आप वास्तव में इस पर नजर रखें और मान लें कि अधिकांश समय राजनेताओं को वह सब नहीं मिलता जो वे चाहते हैं। राजनीतिक दलों के ऐसे नेता जो बड़े वादे करते हैं, ज्यादातर ऐसा करते हैं, लेकिन हमेशा ऐसे वादे सफल नहीं होते। नेताओं को हमेशा वह सब नहीं मिलता जो वे चाहते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि एक सामान्य सिद्धांत के रूप में, आप जानते हैं कि जब राजनीतिक ताकतों या राजनीतिक नेताओं के पास कोई एजेंडा होता है, खासकर कुछ ऐसा हो जिसे उन्होंने काफी लंबे समय में विकसित किया हो और वे बहुत स्पष्ट और भावुक हों। तो उनका रवैया ऐसा ही होता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कुछ हफ़्तों में हमने जो कुछ देखा और सुना है, वह अपेक्षित ही था। बकौल विदेश मंत्री, मुझे थोड़ा आश्चर्य है कि लोग बीते 41 दिनों के घटनाक्रम को लेकर आश्चर्यचकित हैं।

**भारत दुनिया में अधिक आर्थिक स्थिरता चाहता है**

जयशंकर ने कहा कि डॉलर को बदलने के लिए हमारी ओर से कोई नीति है। आखिरकार, रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता का स्रोत है। मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए आज जो आवश्यक है, उसका रणनीतिक मूल्यांकन करने के बाद इस बारे में हमारी समझ बेहतर होगी।

### अमेरिकी राष्ट्रपतियों संग भारत को कभी कोई समस्या नहीं

डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमें अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ कभी कोई समस्या नहीं हुई है। ऐसा कोई बोझ नहीं है, जिसे हम ढोते हैं या जो संबंधों पर बोझ है। अमेरिकी मुद्रा डॉलर के बदले किसी और मुद्रा में व्यापार की संभावना को लेकर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने साफ किया कि भारत की ऐसी कोई मंशा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि डॉलर को बदलने के लिए हमारी ओर से कोई नीति है। आखिरकार, रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता का स्रोत है।

### आर्थिक प्रणाली को मजबूत करना सबकी प्राथमिकता हो

डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत दुनिया में अधिक आर्थिक स्थिरता चाहता है। मुझे नहीं लगता कि इस मामले पर ब्रिक्स देशों की कोई एकीकृत स्थिति है। ब्रिक्स के सदस्य और अब जबकि हमारे पास और भी सदस्य हैं, सब इस मामले पर बहुत अलग-अलग दृष्टिकोण रखते हैं। हम मानते हैं कि अमेरिका के साथ काम करना और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली और आर्थिक प्रणाली को मजबूत करना वास्तव में सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### चीन के साथ हमारे बहुत ही अनोखे रिश्ते

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा चीन और हमारे बीच बहुत ही अनोखे रिश्ते हैं। सबसे पहले, हम दुनिया के दो ऐसे देश हैं जिनकी आबादी एक अरब से अधिक है। हम दोनों का इतिहास बहुत पुराना है, जिसमें समय के साथ उतार-चढ़ाव आए हैं। आज, दोनों देश ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं; यही चुनौती है, और हम सीधे पड़ोसी भी हैं। चुनौती यह है कि जैसे-जैसे कोई देश आगे बढ़ता है, दुनिया और उसके पड़ोसियों के साथ उसका संतुलन बदलता है। जब इस आकार, इतिहास, जटिलता और महत्व वाले दो देश समानांतर रूप से आगे बढ़ते हैं, तो वे अनिवार्य रूप से परस्पर क्रिया करते हैं।



### चीन के साथ 'सीमा' एक महत्वपूर्ण पहलू

डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कैसे एक स्थिर संतुलन बनाया जाए और संतुलन के अगले चरण में पहुंचा जाए। हम एक स्थिर संबंध चाहते हैं, जहां हमारे हितों का सम्मान किया जाए, हमारी संवेदनशीलता को पहचाना जाए। हालात ऐसे बनें जहां दोनों देशों के लिए स्थिति बेहतर हो। वास्तव में हमारे रिश्ते में यही मुख्य चुनौती है। भारत के लिए, सीमा एक महत्वपूर्ण पहलू है।

---

थ्री वन फोर कैपिटल की रिपोर्ट से जगी उम्मीद

## डीप-टेक इनोवेशन से भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इसके साथ ही देश सॉफ्टवेयर-लेड टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम से डीप-टेक इनोवेशन द्वारा संचालित इकोसिस्टम-स्ट्रक्चरल बदलाव के दौर से भी गुजर रहा है। गुरुवार को आई थ्री वन फोर कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार समर्थित पहल जैसे 10,000 करोड़ रुपए के 'फंड ऑफ फंड्स', भारत के सेमीकंडक्टर मिशन और नेशनल डीप टेक स्टार्टअप पॉलिसी फ्रंटियर टेक इनोवेशन बढ़ावा देने के लिए कमिटमेंट को दर्शाती हैं।

### कौशल निर्माण और तकनीकी से विकास सुनिश्चित



थ्री वन फोर कैपिटल के संस्थापक भागीदार और मुख्य निवेश अधिकारी प्रणव पई ने कहा कि भारत का डीप-टेक सेक्टर निवेश के लिए तैयार, नीति-समर्थित और वैश्विक रूप से प्रासंगिक अवसर के रूप में परिपक्व हो रहा है। जबकि नींव मजबूत है, डीप-टेक इनोवेशन को व्यावसायिक रूप से सफल, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी व्यवसायों में बदलने के लिए निरंतर पूंजी, इकोसिस्टम सहयोग और धैर्यपूर्वक निष्पादन की जरूरत होगी।

### 2030 तक 70 प्रतिशत कमर्शियल व्हीकल

*पई ने कहा कि भारत एक निर्णायक चरण में है, एक ऐसा चरण जहां अनुशासित इनोवेशन और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता अगले दशक में एआई, सेमीकंडक्टर और क्लीन मोबिलिटी में इसकी लीडरशिप को परिभाषित करेगी। भारत में 2030 तक 70 प्रतिशत नए कमर्शियल व्हीकल 'ईवी' होने का अनुमान है, ऐसे में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और बैटरी दक्षता को बढ़ाने की मुख्य चुनौतियां बनी हुई हैं।*

---

आतंकी राणा की यूएस कोर्ट में अपील

## प्रत्यर्पण पर की रोक लगाने की मांग कहा- भारत में प्रताड़ित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है।

क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी।

### राणा मुंबई हमले के दोषी डेविड हेडली का दोस्त

मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को



अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

---

श्रीलंका के मंत्री की भारत से अपील

## मछुआरों को हमारे जलक्षेत्र में घुसने से रोकें, हमारे लिए 'यह बड़ी मदद'

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका सरकार ने भारत से अनुरोध किया है कि वह अपने मछुआरों को द्विपीय राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से घुसने से रोके। दरअसल, मछुआरे अक्सर मछली पकड़ने के लिए अनजाने में जल सीमा का उल्लंघन कर देते हैं। इसे लेकर श्रीलंका के परिवहन, राजमार्ग, बंदरगाह और नागरिक उड्डयन मंत्री बिमल रथनायके ने कहा कि जल सीमा का उल्लंघन रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। भारत के इस कदम की उत्तरी श्रीलंका के लोग बहुत सराहना करेंगे।



मछली पकड़ना ही उनके लिए आजीविका का एकमात्र साधन है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने श्रीलंका की संभावित यात्रा से पहले आई है। रथनायके ने बुधवार को संसद को बताया कि हम जानते हैं कि भारत श्रीलंका की बहुत मदद कर रहा है, लेकिन जाफना के लोगों के लिए यह मदद सबसे बड़ी होगी।

### हम भारत के आभारी

रथनायके ने कहा कि भारत ने एलटीटीई के साथ देश के सशस्त्र संघर्ष के दौरान उत्तरी श्रीलंका के लोगों की बहुत सहायता की थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने हमें सुरक्षा दी और हम इसके लिए भारत के आभारी हैं। अब भारत, तमिलनाडु सरकार और उनके सांसद जो सबसे बड़ी सेवा कर सकते हैं, वह है उत्तरी लोगों की आजीविका को संरक्षित करने में मदद करना। विपक्षी सांसद मनो गणेशन ने कहा कि श्रीलंका सरकार को भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने के मुद्दे को भारतीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के एजेंडे में शामिल करना चाहिए।

### अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि उन्होंने 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए घुसे 550 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इस साल अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें, पीएम मोदी अप्रैल की शुरुआत में श्रीलंका का दौरा कर सकते हैं। यह देश की उनकी चौथी यात्रा होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने 2015, 2017 और 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था।

---

## रक्षा मंत्रालय के उपक्रम टीसीएल ने विकसित किया यह उत्पाद

घरेलू स्तर पर उत्पादन होने से लागत घटेगी, आयात निर्भरता कम होगी

# 'एमएससीएन' जादुई नेट करेगा दुश्मन के रडार से लड़ाकू विमानों और तोप की रक्षा

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

दुश्मन की नजर से अपने अस्त्र-शस्त्रों को छिपाकर महफूज रखना बेहद मुश्किल हो गया है। इससे बचने के लिए रक्षा मंत्रालय के कानपुर स्थित उपक्रम ट्रूप कम्फर्टस लिमिटेड (टीसीएल) ने 'मल्टी स्पेक्ट्रल कैमोफ्लॉज नेट' (एमएससीएन) नामक एक ऐसा महत्वपूर्ण अनुसंधान किया है। जो किसी जादू से कम नहीं है। क्योंकि इसका प्रयोग करने के बाद लड़ाकू विमान, तोप जैसे बड़े हथियारों से लेकर सैनिकों की वास्तविक ग्राउंड पोजीशन दुश्मन के रडार की पकड़ से बाहर हो जाती है। साथ ही यह उसे हमेशा एक भ्रम की स्थिति में रखता है। रक्षा मंत्रालय के उच्च-पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी।



फाइल फोटो

### रामबाण बनी स्टेल्थ तकनीक

एमएससीएन मूलरूप से एक कपड़े का नेट है, जिसमें स्टेल्थ तकनीक की प्रधानता है। इसका प्रयोग देश के अलग-अलग भागों में मौजूद सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना) के मारक हथियारों और अन्य जरूरी आयुधों को ढकने के लिए किया जाएगा। नेट की खास बात यह है कि इसके जरिए दुश्मन के रडार या अन्य खोजी उपकरणों से आने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, विजिबल लाइट, इंफ्रा रेड और नॉन इंफ्रा रेड लाइट सैन्य हथियार तक नहीं पहुंचती है।

### स्वदेशी आधार पर किया विकास

*टीसीएल ने इस नेट को देश के अंदर स्वदेशी आधार पर विकसित किया है। पूर्व में आयुध फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से इसकी सेनाओं को सप्लाई की जाती थी। लेकिन सेनाएं कभी इसे ओएफबी से लेती थीं तो कभी बाहर से आयात किया जाता था। दोनों ही स्थितियों में सेनाओं की मांग की पूरी तरह से पूर्ति की समस्या बनी हुई थी। लेकिन अब इसका घरेलू स्तर पर विकास होने से एक तो उत्पाद पर आने वाली कुल लागत घटेगी और दूसरा विदेशों पर निर्भरता भी कम होगी।*

### एयरफोर्स को करेंगे सप्लाई

सूत्रों ने कहा कि भारतीय सेना ने इस कैमोफ्लॉज नेट के लिए टीसीएल को ऑर्डर दे दिया है। उपक्रम की योजना इसकी वायुसेना को भी सप्लाई करने की है। टीसीएल ने इस नेट को पूरी तरह से घरेलू संसाधनों का प्रयोग कर तैयार किया है। पूर्व में इसके लिए कपड़ा बाहर से लिया जाता था। बता दें, टीसीएल आयुध फैक्ट्री हजरतपुर की एक यूनिट है। जो सेनाओं के लिए वर्दी व अन्य जरूरी कपड़े जैसे उत्पाद बनाती है। हालिया किए गए प्रोडक्ट लाइन के विकास के बाद टीसीएल में कई नई चीजों को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप



### दुबई की अनजान पिच से बिठाना होगा तालमेल

**लाहौर।** न्यूजीलैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान में खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर में खेले थे। दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और वह वहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है।

### सही राह पर आगे बढ़ रही है हमारी टीम

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका की टीम आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में फिर से नॉकआउट चरण में बाहर हो गई लेकिन उसके मुख्य कोच



रॉब वाल्टर का मानना है कि 2027 में घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनकी टीम सही राह पर आगे बढ़ रही है। अपने ग्रुप में शीर्ष पर टीम रही दक्षिण अफ्रीका की टीम बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई। वाल्टर ने कहा कि इस हार के बावजूद उनकी टीम के लिए इस प्रतियोगिता में कई सकारात्मक चीजें भी रहीं।

### पाकिस्तान के बल्लेबाज शकील 'टाइम आउट'

**रावलपिंडी।** भारत के खिलाफ हाल में चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले में अर्धशतक जड़ने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील को



यहां प्रेजीडेंट्स कप प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान अपनी बल्लेबाजी का इंतजार करते हुए कथित तौर पर सोने के कारण 'टाइम आउट' करार दिया गया। शकील टाइम आउट करार दिए जाने वाले कुल सातवें और पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास के पहले बल्लेबाज हैं। यह मैच मंगलवार रात स्टेट बैंक और पीटीवी के बीच खेला गया। रमजान के कारण पूरा मैच दूधिया रोशनी में खेला गया।

### गुजरात की निगाहें जीत से प्लेऑफ पर

**लखनऊ।** लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी।



गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। गुजरात जायंट्स के छह मैच में छह अंक हैं और उसके पास दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से आगे बढ़ने का बेहतरीन मौका होगा जो 10 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज है।

### हीरो इंडिया ओपन का आयोजन 27 से

**नई दिल्ली।** देश का प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन का आगामी सत्र 27 से 30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया जाएगा जिसम लगभग 19.60 करोड़ की पुरस्कार राशि होगी। आयोजकों ने बताया कि जापान के 24 वर्षीय गत विजेता कीता नाकाजिमा की अगुवाई में बड़े गोल्फ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट में जैक्स क्रुइसविज्क, जोहान्स वीरमैन, जूलियन ग्यूरियर, एंजेल हिडाल्गो, फ्रेडरिक लैक्रोइक्स, डेविड रेवेटो, इवेन फर्ग्यूसन और गुइडो मिग्लिओजी जैसे दुनिया के खिलाड़ी रहेंगे।

---

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 9 को होगा खिताबी मुकाबला

# भारत ने 92 साल के इतिहास में खेले 13 आईसीसी फाइनल, जीते छह विश्व खिताब, 7वें का इंतजार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत 25 जून 1932 से क्रिकेट खेल रहा है। इस दौरान भारतीय टीम ने 13 बार फाइनल में जगह बनाई है। 92 साल में भारत ने छह खिताब जीते हैं और 14वें फाइनल में 7वें खिताब जीतने पर ध्यान है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम 2025 में एक और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है जहां उसका सामना रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। भारत अब खिताब से एक कदम दूर है।

भारत चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से पहले सभी प्रारूप मिलाकर कुल 13 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंचा है। इसमें से छह बार टीम खिताब जीतने में सफल रही है। भारत ने 1983, 2002, 2007, 2011, 2013 और 2024 में आईसीसी खिताब जीते हैं। अगर भारत रविवार को न्यूजीलैंड को हराने में सफल रहा तो यह उसका सातवां आईसीसी खिताब होगा, जबकि रोहित की कप्तानी में लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी।




**11 साल का इंतजार खत्म**

भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सूखा 2024 में समाप्त हुआ जब टीम इंडिया ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के बेहद करीब है। भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती हालांकि आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इसी टीम ने करीब चार साल पहले 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराया था।

### 25 साल बाद खिताबी मैच में भिड़ेंगे भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद एक बार फिर आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**भारत का खराब प्रदर्शन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | दौर | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 2000 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2003 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2014 | टी20 विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2019 | वनडे विश्व कप | सेमीफाइनल | हार |
| 2021 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |

**भारत बना चैंपियन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | परिणाम |
|---|---|---|
| 1983 | वनडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2002 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |
| 2007 | टी20 विश्व कप | चैंपियन |
| 2011 | नडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2013 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |

---

27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा टूर्नामेंट

## भारत श्रीलंका में खेलेगा वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 अप्रैल से 11 मई तक वह महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें मेजबान देश के अलावा दो अन्य टीम भारत और दक्षिण अफ्रीका होंगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल के अंत में भारत में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। श्रीलंका बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों प्रतिस्पर्धी टीमें चार-चार मैच खेलेंगी और टूर्नामेंट का आयोजन यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी।

**त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम**

| दिनांक | टीमें |
|---|---|
| 27 अप्रैल | भारत/श्रीलंका |
| 29 अप्रैल | भारत/द.अफ्रीका |
| 1 मई | श्रीलंका/द.अफ्रीका |
| 4 मई | भारत/श्रीलंका |
| 6 मई | भारत/द.अफ्रीका |
| 8 मई | श्रीलंका/द.अफ्रीका |
| 11 मई | फाइनल |

### ओलंपिक तैयारी बैठक की अध्यक्षता करेंगे खेल मंत्री

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने और एक खाका तैयार करने लिए यहां विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों, वरिष्ठ प्रशासकों और प्रमुख सरकारी अधिकारियों के साथ दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।



इस बैठक का आयोजन सात और आठ मार्च को शहर के कान्हा शांति वनम में किया जाएगा। भारत 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी बोली लगा रहा है। भारत मेजबानी का दावा पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को पहले ही आशय पत्र सौंप चुका है। खेल मंत्रालय ने कहा, 'विचार-विमर्श खेल प्रशासन को बढ़ाने, जमीनी स्तर की प्रतिभा की पहचान, बुनियादी ढांचे के विकास, समावेशिता और सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा।'

## मुशफिकुर रहीम ने वनडे से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने तत्काल प्रभाव से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी बांग्लादेश की उस टीम का हिस्सा था जो चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की।

रहीम ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, 'मैं आज वनडे प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। मैंने जो भी हासिल किया वह अल्हम्दुलिल्लाह (भगवान का शुक्र है)। हमारी वैश्विक स्तर पर उपलब्धियां सीमित हैं लेकिन एक चीज स्पष्ट है, मैंने जब भी अपने देश की तरफ से मैदान पर कदम रखा तो पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ 100 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं, और मुझे अहसास हो गया है कि यही मेरी नियति है। मैं अपने परिवार, दोस्तों और अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करता हूं जिनके लिए मैंने पिछले 19 वर्षों से क्रिकेट खेली है।'

**274 वनडे में बनाए 7795 रन, लगाए 09 शतक**



**देश के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर**

रहीम ने लगभग 20 साल पहले वनडे में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने देश की तरफ से 274 वनडे खेले जिनमें 36.42 की औसत से 7795 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से वनडे में उनसे अधिक रन केवल तमीम इकबाल (8357 रन) ने बनाए हैं। रहीम बांग्लादेश की तरफ से 94 टेस्ट और 102 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। रहीम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह बांग्लादेश की तरफ से 100 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।

---

प्राग मास्टर्स

## अरविंद ने हासिल की बढ़त दूसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने यहां चल रहे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में काले मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली।

अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञानानंदा से आधे अंक की बढ़त पर हैं। अब जबकि केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं जबकि प्रज्ञानानंदा 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद वेई यी, एडिज़, कीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक है जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

**लाइव रेटिंग में 5 भारतीय**

अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष पंद्रह में प्रवेश किया।

### मिलर ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर उठाए सवाल

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुबई से लौटने के बाद लाहौर में दूसरा सेमीफाइनल खेलना उनकी टीम के लिए आदर्श स्थिति नहीं थी।



दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई थी। कराची में ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलने के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम को अगली सुबह तड़के दुबई के लिए उड़ान पकड़नी पड़ी। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ग्रुप चरण के मैच के परिणाम आने तक दुबई में डेरा डालना पड़ा।

## तेंदुलकर का अर्धशतक बेकार ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

एजेंसी ▶▶| वड़ोदरा

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की 64 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग मुकाबले में भारत को 95 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 20 ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई। यूसुफ पठान ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें कप्तान शेन वॉटसन (नाबाद 110) और बेन डंक (नाबाद 132) ने दूसरे विकेट के लिए 236 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत की यह चार मैच में पहली हार है और इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा क्योंकि तेंदुलकर की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है।



### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 300 महिला मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में 21 से 27 मार्च तक होने वाली आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 300 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ के सहयोग से किया जाएगा।



इससे पहले 2023 में भी इसी स्थान पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में एक जनवरी 1984 और 31 दिसंबर 2005 के बीच जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक राज्य इकाई अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती है।

---

विलियमसन को आउट कर भारत को दिलाई अहम सफलता

## 'सफेद गेंद' में भारतीय टीम के खेवनहार बने अक्षर

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बीच में जब केन विलियमसन खड़े थे तब अक्षर पटेल ने इस स्टार बल्लेबाज का विकेट लेकर फिर से साबित किया कि वह भारतीय टीम में सफेद गेंद के नए खेवनहार हैं।

न्यूजीलैंड के सामने तब 250 रन का लक्ष्य था और विलियमसन 81 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद पर आगे बढ़कर लंबा शॉट खेलना चाहा लेकिन गेंद ने उन्हें गच्चा दिया और बाकी काम विकेटकीपर केएल राहुल ने पूरा कर दिया। अक्षर के 10 ओवर के कोटे की यह अंतिम गेंद थी जिसने मैच का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया था। इस पर हालांकि किसी का बहुत ध्यान नहीं गया क्योंकि इसी मैच में उनके साथी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर सबका ध्यान खींच दिया था।



**5वें नबर पर खींचा ध्यान**

एक समय माना जाता था कि रविंद्र जडेजा जैसी समानता रखने के कारण अक्षर को अधिक मौके नहीं मिलेंगे। यह भी सच है कि उन्हें अपने इस सीनियर साथी की छाया से बाहर निकालने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाने के लिए 2022 से अपनी बल्लेबाजी पर काम किया और टीम प्रबंधन ने जब उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा तो वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरे। इससे पहले अक्षर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में नाबाद 64 रन की पारी खेल कर अपनी बल्लेबाजी में सुधार का संकेत दिया था।

**आलोचकों को दिया जवाब**

अनुभवी राहुल की जगह अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का टीम प्रबंधन का फैसला जोखिम भरा था लेकिन उन्हें इस ऑलराउंडर पर पूरा भरोसा था। अक्षर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले गए दूसरे वनडे मैच से नियमित रूप से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में ही 44 रन बनाकर जतला दिया था कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अक्षर ने इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52, नाबाद 41, 8, नाबाद 3, 42 और 27 रन बनाए हैं। यह आंकड़े भले ही आकर्षक नहीं हों लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में यह जिम्मेदारी संभाली।

# मप्र, सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड और ऑल इंडिया पुलिस 7 इवेंट में, केरल-हरियाणा की टीम 5 इवेंट के फाइनल में

## 42वीं रोइंग सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बड़ी झील में 42वीं रोइंग सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने देशभर के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए फाइनल के लिए शुभकामनां दी हैं।

उल्लेखीय है कि 3 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया था। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 400 से ज्यादा खिलाड़ियों और 27 टीमों ने प्रतिभागिता की है। गुरुवार को कुल 32 रेपिचास और 20 सेमीफाइनल एवं 01 फाइनल मुकाबला खेला गया। आज खेले गये मुकाबलों में सर्विसेज स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड ने 07 इवेन्ट में, मध्य प्रदेश की टीम ने 07 इवेन्ट में, ऑल इण्डिया पुलिस की टीम ने 07 इवेन्ट में, केरल और हरियाणा की टीम ने 5-05 इवेन्ट में फाइनल में क्वालिफाई किया। इसके साथ ही आज 02 पैरा के फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें वूमेन सिंगल स्कल और मेन सिंगल स्कल। वूमेन सिंगल स्कल्स का फाइनल राजस्थान की अनिता ने जीता। वहीं सिल्वर मेडल असम की प्रीना शर्मा ने जीता। पुरूश वर्ग का पैरा सिंगल स्कल का स्वर्ण पदक सर्विसेज स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड के के. नारायण, महाराष्ट्र के देवीदास पाटिल ने रजत और हरियाणा के नितिश कुमार ने कांस्य पदक जीता।

### आज 8 बजे से होंगे फाइनल मुकाबले

प्रतियोगिता के सभी 16 फायनल मुकाबले कल प्रातः 08:00 बजे से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण प्रातः 11:00 बजे रखा गया है। गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव खेल मनु श्रीवास्तव होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्शता संचालक खेल और युवा कल्याण डॉ. रवि कुमार गुप्ता करेंगे।



कार्यक्रम में रोइंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया और म.प्र. रोइंग संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# साई में फिट इंडिया संडे साइकिल रैली कल, मंत्री सारंग दिखाएंगे हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) भोपाल परिसर में फिट इंडिया संडे के तहत साइकिल रेस आयोजित की जाएगी। इस साइकिल रैली को प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री, मध्य प्रदेश विश्वास कैलाश सारंग हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस रैली में साई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी खिलाड़ी शामिल होंगे। रैली को रवाना करने से पहले मंत्री सारंग सभी खिलाड़ियों और मौजूद अतिथियों को फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि फिट इंडिया कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद शुरू किया गया है।




# आज से हैदराबाद में खेल चिंतन शिविर, मंत्री सारंग होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग 7 मार्च को हैदराबाद में आयोजित होने जा रहे दो दिवसीय चिंतन शिविर में शामिल होंगे।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में आयोजित इस दो दिवसीय शिविर में 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक्स की तैयारियों और 2036 ओलंपिक्स की भारत में मेजबानी को लेकर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

> ■ केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया करेंगे अध्यक्षता

इस चिंतन शिविर में सभी राज्यों के खेल मंत्रियों के साथ ही पूर्व ओलंपियन, कोच और खेल विशेषज्ञ भी शामिल होंगे, जो भारत में खेलों के विकास को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव देंगे। मंत्री सारंग मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे श्रेष्ठ प्रयासों, नवाचारों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे।

मंत्री सारंग ने बताया कि प्रदेश में 18 खेलों के लिए 11 खेल अकादमियां संचालित की जा रही हैं, जहां खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलंपिक्स, पैरालंपिक्स, एशियन गेम्स और नेशनल गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई पदक अर्जित कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

मंत्री सारंग ने कहा कि विभाग द्वारा प्रदेश के पहले 'फिट इंडिया क्लब' की स्थापना, पार्थ योजना, खेलो बढ़ो अभियान और अन्य नवाचार किए गए हैं, जो खेलों के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इन प्रयासों को अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

# प्रथम एस पिकलबॉल चैंपियनशिप पर नैतिक जैन ने जमाया कब्जा

## प्रतियोगिता में 50 से अधिक नन्हें खिलाड़ियों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी के राजीव गांधी कालेज परिसर, सलैया में खेली गई ऐस कप अंडर 12पिकलबाल चैंपियनशिप पर नैतिक जैन ने कब्जा जमाया। उन्होंने फाइनल में रोम रुद्र पांडेय को 15-6 से पराजित किया। रोम रूद्र पांडेय को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा कांस्य पदक अगन्या भदौरिया ने जीता।

प्रतियोगिता में 50 से अधिक नन्हें खिलाड़ियों ने भागीदारी की। इससे पहले ऐस पिकलबॉल कोर्ट का शुभारंभ किया गया। समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण लतिका चौहान ने किया। इस मौके पर आयोजन सचिव आदित्य सूर, सुजोय सुर, दुर्गा सुर और देवानंद सुर मौजूद थे। यहां पर शानदार चार कोर्ट मौजूद हैं। पहले दिन सुबह और शाम के सत्र में जूनियर, सीनियर व मास्टर्स खिलाड़ियों ने भी हाथ आजमाए और इस नए खेल का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि पिकलबाल तीन लान टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेलों का मिश्रण है। इसे खेलना आनंदायक है।




Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant & Xtreme 160R 2V in Madhya Pradesh. ***Basis data available in the public forum for products in 160cc Motorcycle segment. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc and 160cc Motorcycle segments. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply.

BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK apno ka bank

pine labs PAY LATER

UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासौदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

FCB INTERFACE/3468/MARCH25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930